


गृहमंत्री बोले- राजद के जंगलराज की वापसी रोकने के लिए कमल का बटन दबाएं
- 12



देश में सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति तीन साल में 62 प्रतिशत बढ़ी
-12



विदेश मंत्री जयशंकर बोले- आतंकवाद से निपटने के लिए मिलकर करें काम
- 13



रणजी ट्रॉफी: अर्पित-सनत के शतक लेकिन पुडुचेरी को मिले 3 अंक
- 14

आज का मौसम
29.0° अधिकतम तापमान
17.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.27
सूर्यास्त 05.25


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

कार्तिक शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 06:49 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

बुधवार, 5 नवंबर 2025, वर्ष 6, अंक 346, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## बिहार में पहले चरण का प्रचार थमा केंद्रीय मंत्री ललन पर प्राथमिकी दर्ज

- 121 सीट पर कल होगा मतदान, ललन सिंह का विवादित बयान वाला वीडियो वायरल

पटना, एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार अभियान मंगलवार की शाम छह बजे थम गया। इस चरण में राज्य के 18 जिलों की 121 विधानसभा सीट पर छह नवंबर को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

पहले चरण में कुल 3 करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 करोड़ 98 लाख 35 हजार 325 पुरुष, 1 करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिलाएं और 758 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए कुल 45,341 बूथ बनाए गए हैं, पहले चरण में महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, लोकगायिका मैथिली ठाकु व अन्य शामिल हैं। वहीं, प्रचार के दौरान विपक्षी नेताओं के खिलाफ विवादित बयान देने को लेकर केंद्रीय मंत्री एवं जदयू नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के खिलाफ मंगलवार को एक प्राथमिकी दर्ज की गई। सिंह तब एक नए विवाद में फंस गए जब एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह राजग समर्थकों से कथित तौर पर कह रहे कि मतदान के दिन विपक्षियों को घर से बाहर नहीं निकलने देना है।



बूथ के लिए रवाना होते पोलिंग पार्टी के सदस्य।

## जंगलराज वालों की होगी बुरी हार

- प्रधानमंत्री बोले- राजग रिकॉर्ड जीत करेगा हासिल, रैली में लोगों की भागीदारी रिकार्ड तोड़ रही, महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हो रहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि बिहार की जनता ने मन बना लिया है कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पिछले 20 वर्षों के जीत के रिकॉर्ड को तोड़ेगी, जबकि राज्य में जंगल राज के समर्थक लोगों को सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ेगा। मोदी ने कहा कि वह बिहार में रैलियों को संबोधित कर रहे हैं और हर रैली लोगों की भागीदारी के लिहाज से पिछली रैली का रिकार्ड तोड़ रही है, जिसमें महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हो रही हैं।

मोदी ने नमो ऐप के जरिये बिहार में भाजपा-राजग की महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, बिहार भाजपा की महिला कार्यकर्ता 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' के संकल्प के साथ शानदार काम कर रही हैं। मैं चुनावों पर करीबी नजर रख रहा हूं और यह स्पष्ट है कि राजग जीत रहा है और वह भारी जीत हासिल करने जा रहा है। इसलिए मुझे जीत पर कोई संदेह नहीं है, लेकिन (मैं चाहता हूं कि) अधिक से अधिक मतदान होना चाहिए।" बिहार में राजग के प्रति जबरदस्त उत्साह होने का दावा करने वाली एक भाजपा कार्यकर्ता से बात करते हुए मोदी ने कहा कि उसके शब्द गरीबों, दलितों, महादलितों, पिछड़ों और अति पिछड़ों में व्याप्त भावना को प्रतिध्वनित करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग सरकार महिलाओं के जीवन को आसान बनाने और उनका सशक्तीकरण करने के लिए प्रतिबद्ध है। बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में छह और 11 नवंबर को मतदान होगा, जबकि वोटों की गिनती 14 नवंबर को की जाएगी। विपक्षी गठबंधन इंडिया ने बिहार चुनाव में राजद नेता और लालू के बेटे तेजस्वी यादव को अपना मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है।



## बिहार में अब लालटेन का अंधेरा नहीं, एलईडी की रोशनी है : योगी

पटना, एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार अभियान में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी ने एनडीए के समर्थन में रोड शो और जबरदस्त जनसभाएं करके इंडी गठबंधन के नेताओं जमकर निशाना साधा। योगी ने कहा कि एनडीए सुशासन और विकास की पहचान है, जबकि आरएलडी और कांग्रेस जंगलराज और गुंडाराज की पहचान हैं। बिहार में अब लालटेन का अंधेरा नहीं, एलईडी की रोशनी है।

योगी ने दरभंगा में रोड शो करने के साथ लखीसराय, बैकुंठपुर और मोहिउद्दीननगर विधान सभा क्षेत्र में जनसभाओं को संबोधित किए। लखीसराय में एनडीए प्रत्याशी एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के समर्थन में योगी ने कहा कि 1990 से 2005 तक का दौर बिहार के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। वंशवाद और परिवारवाद ने बिहार की पहचान को धूमिल किया। जो खानदानी लुटेरे हैं, वे अब खानदानी माफियाओं को शागिर्द बनाकर फिर से जंगलराज लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सुशासन और विकास की नई परंपरा स्थापित हुई है।



बैकुंठपुर विधान सभा क्षेत्र में सीएम योगी।

### ब्रीफ न्यूज

#### हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद का निधन

**नई दिल्ली।** जाने-माने उद्योगपति और हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद पी हिंदुजा का लंदन में निधन हो गया है। उनके परिवार के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 85 वर्ष के थे। उद्योग जगत में 'जीपी' के नाम से मशहूर गोपीचंद पी हिंदुजा पिछले कुछ सप्ताह से अस्वस्थ थे। हिंदुजा परिवार की दूसरी पीढ़ी के गोपीचंद ने मई 2023 में अपने बड़े भाई श्रीचंद के निधन के बाद समूह के चेयरमैन का पद संभाला था। उनके परिवार में पत्नी सुनीता, पुत्र संजय और धीरज और पुत्री रीता हैं।



#### टीसी पर प्रतिहस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने सभी स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे स्थानांतरण प्रमाणपत्र (टीसी) पर प्रतिहस्ताक्षर के लिए कोई भी अनुरोध मुख्यालय या क्षेत्रीय कार्यालय को नहीं भेजें। बोर्ड पहले ही सीबीएसई-संबद्ध किसी स्कूल से दूसरे स्कूल में स्थानांतरण प्रमाणपत्रों पर प्रतिहस्ताक्षर की प्रक्रिया को बंद कर चुका है। मुख्यालय को अब भी स्थानांतरण प्रमाणपत्रों पर प्रतिहस्ताक्षर के लिए अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ में रेल हादसा, मालगाड़ी से टकराई पैसेंजर ट्रेन, 8 लोगों की मौत

### बिलासपुर रेलवे स्टेशन के करीब हुआ हादसा, 14 गंभीर घायल

बिलासपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रेलवे स्टेशन के करीब एक लोकल यात्री ट्रेन के मंगलवार को एक मालगाड़ी से टकरा जाने से आठ लोगों की मृत्यु हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। बिलासपुर जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि एक लोकल यात्री ट्रेन आज कोरबा जिले के गेवरा रेलवे स्टेशन से बिलासपुर के लिए रवाना हुई थी।

अग्रवाल ने बताया कि जब ट्रेन मंगलवार शाम लगभग चार बजे गतौरा और बिलासपुर रेलवे स्टेशन के मध्य में थी तभी लोकल यात्री ट्रेन ने एक मालगाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में आठ लोगों की मृत्यु हुई है तथा 14 अन्य यात्री घायल हुए हैं। घायलों को बिलासपुर शहर के अपोलो, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। आपोलो अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। अग्रवाल ने बताया कि घटना के दौरान लोकल ट्रेन की पहली बोगी, मालगाड़ी की अंतिम बोगी के ऊपर चढ़ गई और छतिग्रस्त हो गई। लोकल ट्रेन की बोगी में चार अन्य यात्रियों के फंसे होने की जानकारी मिली है, जिन्हें निकालने का प्रयास किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी घटनास्थल पहुंचे तथा राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को पांच लाख रुपये और सामान्य घायलों को एक लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की है।



#### रेलवे बोर्ड ने कहा- यात्री ट्रेन का लाल सिग्नल पार करना दुर्घटना का संभावित कारण

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में बिलासपुर स्टेशन के निकट एक सवारी गाड़ी और मालगाड़ी के बीच हुई टक्कर में सात लोगों की मौत के कुछ घंटों बाद रेलवे बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यात्री ट्रेन के लाल सिग्नल पार कर जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि टक्कर शाम करीब चार बजे हुई जब डीईएमयू (डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) ट्रेन पड़ोसी कोरबा जिले के गेवरा से बिलासपुर जा रही थी। गतोरा और बिलासपुर स्टेशनों के बीच यह मालगाड़ी से पीछे से टकरा गया। घटना की विस्तृत जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) के स्तर पर की जाएगी ताकि सटीक कारण का पता लगाया जा सके और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की सिफारिश की जा सके।


## दिल्ली छठा सबसे प्रदूषित शहर, टॉप 10 में यूपी के 4

- सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने पेश की अक्टूबर माह की रिपोर्ट
- हरियाणा का धारूहेड़ा सबसे प्रदूषित शहर, शिलांग सबसे स्वच्छ शहर

नई दिल्ली, एजेंसी

अक्टूबर माह में दिल्ली देश का छठा सबसे प्रदूषित शहर रहा, जो पड़ोसी गाजियाबाद और नोएडा से पीछे है। एक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई। 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' की ओर से मंगलवार को जारी मासिक वायु गुणवत्ता आंकड़ों के अनुसार हरियाणा का धारूहेड़ा अक्टूबर में सबसे प्रदूषित शहर रहा, जहां मासिक औसत पीएम 2.5 सांद्रता 123 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी।

कहा गया है कि देश भर में वायु गुणवत्ता में तीव्र गिरावट आई है। सिधु-गंगा के मैदानी इलाकों (आईजीपी) में विशेषकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में स्थिति खराब है। दिल्ली 107 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की औसत सांद्रता के साथ छठे स्थान पर रही, जो सितंबर के औसत 36 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से तीन गुना अधिक है। अक्टूबर में दिल्ली के पीएम 2.5 के स्तर में पराली जलाने का योगदान छह प्रतिशत से भी कम रहा। अक्टूबर में धारूहेड़ा को सबसे प्रदूषित शहर का दर्जा दिया गया, जहां मासिक औसत पीएम 2.5 की सांद्रता 123 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी, जो 77 प्रतिशत दिनों में राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक (एनएएक्यूएस) सीमा को पार कर गई। महीने के दौरान दो दिन 'गंभीर' और नौ दिन 'बेहद खराब' दर्ज किए गए। धारूहेड़ा के बाद, रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा, बल्लभगढ़, दिल्ली, भिवाड़ी, ग्रेटर नोएडा, हापुड़ और गुरुग्राम सबसे प्रदूषित शहर रहे। कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश और हरियाणा के चार-चार शहर शीर्ष 10 की सूची में शामिल हैं, जो सभी एनसीआर में स्थित हैं। मेघालय का शिलांग भारत का सबसे स्वच्छ शहर रहा, जहां औसत पीएम 2.5 सांद्रता 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी। शीर्ष 10 सबसे स्वच्छ शहरों में कर्नाटक के चार, तमिलनाडु के तीन और मेघालय, सिक्किम और छत्तीसगढ़ का एक-एक शहर शामिल था।



## प्रेमी से फोन पर बात करते देख पिता ने नाबालिग बेटी को मार डाला



रोजा के सुतनेरा गांव में घटनास्थल की जांच करते एसपी राजेश द्विवेदी व फोरेंसिक टीम।

- गांव के युवक से था प्रेम-प्रसंग, पिता को नहीं था रिश्ता मंजूर, डंडा छोड़कर भागा
- एसपी राजेश द्विवेदी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण फोरेंसिक टीम ने जुटाए सबूत

संवाददाता, शाहजहांपुर/रोजा

**अमृत विचार :** प्रेमी से फोन पर बात करते देख पिता ने आपा खोते हुए बेटी पर डंडे से वार किया, सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी वहीं पर डंडा छोड़कर भाग निकला। सूचना पर एसपी राजेश द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया।

रोजा के सुतनेरा गांव निवासी नूर मोहम्मद अपने बेटे कुर्बान और 17 वर्षीय बेटी रूबी के साथ रहता था। मंगलवार सुबह उसका बेटा ऑटो लेकर कमाने के लिए निकल गया। इस दौरान रूबी घर में अकेली थी, वह प्रेमी से मोबाइल पर बात कर रही थी। नूर मोहम्मद घर लौट आया। उसने बेटी को फोन पर बात करते देखा और रोकने की कोशिश की, लेकिन रूबी ने बात बंद नहीं की। इससे गुस्से में आकर उसने घर में रखा डंडा उठाया और बेटी पर ताबड़तोड़ प्रहार करने लगा। हमले के बाद रूबी लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई, तभी आरोपी ने उसका गला दबाने की भी कोशिश की। रूबी की चीखें सुनकर उसकी भाभी बचाने पहुंची और ससुर को रोकने का प्रयास किया। लेकिन नूर मोहम्मद ने कहा, जो किया, सही किया। कुछ ही देर में रूबी की मौत हो गई। इसके बाद वह डंडा वहीं छोड़कर भाग निकला। सूचना पर थाना प्रभारी राजीव कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। थोड़ी देर में एसपी राजेश द्विवेदी और सीओ सदर प्रयांक जैन भी घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को बताया कि रूबी का गांव के ही एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था और वह अक्सर फोन पर बात करती थी। पिता ने कई बार मना किया, लेकिन उसने बात नहीं मानी, जिससे नाराज होकर यह कदम उठा लिया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि परिजनों से तहरीर मिलने पर आरोपी पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

> रोजा क्षेत्र में एक व्यक्ति ने नाबालिग बेटी की हत्या कर दी है। उसने डंडे से प्रहार किया था। घटना के पीछे प्रेम-प्रसंग बताया जा रहा है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। आरोपी पिता की तलाश में एसओजी और दो थानों की टीमें लगाई गई हैं। - **राजेश द्विवेदी**, एसपी

## गुरु नानक जयंती पर 2,100 सिख पहुंचे पाकिस्तान

- वाघा सीमा के रास्ते किया प्रवेश, 556वीं जयंती से जुड़े कार्यक्रमों में होंगे शामिल

लाहौर, एजेंसी

भारत के करीब 2,100 सिख तीर्थयात्री मंगलवार को वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान में दाखिल हुए। ये तीर्थयात्री गुरु नानक देव की 556वीं जयंती से संबंधित कार्यक्रमों में शामिल होने आए हैं, जो मई में चार दिन चले संघर्ष के बाद दोनों देशों के लोगों के बीच प्रत्यक्ष संपर्क का पहला मौका था।

पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एवं पंजाब अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री सरदार रमेश सिंह अरोड़ा, 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' (ईटीपीबी) के प्रमुख साजिद महमूद चौहान और अतिरिक्त सचिव (धार्मिक स्थल) नासिर मुश्ताक ने वाघा चेक पोस्ट पर भारतीय तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। पाकिस्तान पहुंचने वालों में अकाल तख्त के नेता ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की बीबी गुरिंदर कौर और दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के रविंदर सिंह स्वीटा शामिल हैं।

ईटीपीबी के प्रवक्ता गुलाम मोहिउद्दीन ने बताया कि जयंती का मुख्य समारोह बुधवार को गुरुद्वारा जन्मस्थान में आयोजित किया जाएगा, जो लाहौर से 80 किमी दूर है।

#### 13 को अपने वतन के लिए रवाना होगा जत्था

सिख तीर्थयात्री 13 नवंबर को अपने वतन के लिए रवाना होंगे। मई में पहलगाम आतंकी हमले के कारण हुए चार-दिवसीय संघर्ष के बाद दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनाव अब भी कायम है। दोनों देशों ने मई से वस्तुतः सभी संपर्क काट दिए हैं, और उन्होंने एक-दूसरे के लिए अपने हवाई क्षेत्र के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

## प्रदेश में चार दिन तक बंद रहेगी ऑनलाइन रजिस्ट्री

**तकनीकी सुधार के चलते 8 से 11 नवंबर तक रहेगी बंद**

**लखनऊ।** प्रदेश में भूमि और भवन की ऑनलाइन रजिस्ट्री चार दिनों के लिए बंद रहेगी। इस संबंध में स्टांप एवं पंजीकरण विभाग ने मंगलवार को शासनादेश जारी किया है। इसके अनुसार, आठ नवंबर से 11 नवंबर तक ई-रजिस्ट्री पोर्टल पर किसी भी प्रकार की पंजीकरण प्रक्रिया, प्रविष्टि या स्वीकृति नहीं की जा सकेगी।

शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि विभाग के सर्वर और सॉफ्टवेयर में तकनीकी उन्नयन, सुरक्षा सुधार और डेटा एकीकरण कार्य किए जा रहे हैं। महानिरीक्षक निबंधन नेहा शर्मा के अनुसार, यह अस्थायी बंदी नागरिक सुविधा के दृष्टिगत है। कार्य पूरा होने के बाद पोर्टल और अधिक पारदर्शी व उपयोगकर्ता-हितैषी बनाया जाएगा।

**कवायद** | उत्तर प्रदेश में हुई वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरूआत, फील्ड में निकलने से पहले बीएलओ को अफसरों ने सौंपे बस्ते

## एसआईआर के पहले ही दिन दिखा देशप्रेम जैसा जज्बा

- घर-घर जाकर गणना प्रपत्र बांटने लगे बीएलओ, नई फोटो लगाने के विकल्प से गदगद दिखे मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** दो दशक बाद मंगलवार से शुरू हुआ वोटर लिस्ट शुद्धिकरण अभियान के दौरान उत्सव सा जोश नजर आया। चुनाव आयोग के कर्मी हों या आमजन दोनों में देशप्रेम जैसा जज्बा दिखा।

मंगलवार की सुबह प्रदेशभर में फील्ड में उतरने से पहले बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के बीच उनके कार्यालयों से बस्ते सौंपे गए। इसी के साथ लखनऊ, बरेली, कानपुर, अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर समेत सभी जिलों में वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू हो गया। बीएलओ ने जिस भी दरवाजे पर दस्तक दी, बड़े उत्साह के साथ मतदाता ने उनका स्वागत कर गणना प्रपत्र प्राप्त किया और उसे भरने की प्रक्रिया गौर से समझी। हालांकि बीएलओ ने भी इस दौरान पूरी सावधानी बरतते हुए प्रपत्र की दो प्रतियां उन्हीं को सौंपी जो सामने आए। इससे संदेश गया कि केवल नाम गिनाकर प्रपत्र प्राप्त नहीं किए जा सकते। खास सावधानी यह बरती जा रही है कि जिस भी परिवार में वर्ष 2003 में वोटर लिस्ट के शामिल वोटर्स हैं, उनकी संख्या में बढ़ोत्तरी या कमी तो नहीं हुई। दरअसल, हाल ही में 18 वर्ष की आयु पूरे करने वाले और ब्याह के बाद नयी बहू के घर आने की सूचना फार्म में इंगित करनी होगी। वहीं, अगर किसी मतदाता की मृत्यु हो गई हो तो भी इसकी सूचना दर्ज करानी होगी। वहीं, घर से सुदूर जाकर बस जाने अथवा नौकरी करने वाले सदस्य को भी स्थान विशेष यानि किसी एक स्थान से ही फार्म की औपचारिकताएं भरनी होंगी। इसमें आमजन को विशेष सतर्कतता बरतनी होगी कि वह दो स्थानों पर अपने बाबत सूचनाएं न दर्ज कराए। ताजा कवायद में नई फोटो चस्पा करने का भी विकल्प है, जिसको लेकर मतदाता गदगद हैं।



वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरूआत के पहले दिन दिखा उत्साह।

> शुद्ध निर्वाचक नामावली-मज़बूत लोकतन्त्र, सूत्रवाक्य के साथ मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान शुरु हो गया है। इस दौरान चार दिसम्बर तक बीएलओ घर-घर जाएंगे और मतदाताओं को प्री-प्रिंटेड गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) उपलब्ध कराएंगे। मतदाता, गणना प्रपत्र की दोनों प्रतियों को भरें व हस्ताक्षर करें, अपनी नवीनतम फोटो लगाएं। फिर मतदाता, फॉर्म बीएलओ को वापस दें और प्राप्ति रसीद अवश्य लें।
> -**नवदीप रिणवा**, मुख्य निर्वाचन अधिकारी

## न्यूज ब्रीफ

### दंपती से मारपीट

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया भूपसिंह निवासी कुलवंत कौर पत्नी बलदेव सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका निकास को लेकर पड़ोसी प्रताप सिंह से विवाद हो गया था। आरोप है कि प्रताप सिंह और उसके बेटे हरपाल और जसपाल ने हमला कर दिया। पति बलदेव सिंह पर भी हमला किया। इंस्पेक्टर प्रकाश सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

### छात्रा को भगाने की रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री कक्षा 10 की छात्रा है। तीन नवंबर को कॉलेज गई थी, लेकिन वहां नहीं पहुंची। उसे कोई बहला फुसलाकर ले गया। जब इसके बारे में जानकारी की गई तो पता चला है कि चंदौसी संभल क्षेत्र के बदायूं चुंगी इलाके का निवासी निमित कुमार उसकी पुत्री को ले गया है। उसके साथी माधव ने भी सहयोग किया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### मारपीट का केस दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सिमरिया ताराचंद की निवासी सुनहरा बेगम पुत्री जहूर अहमद की ओर से पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें पीड़िता ने बताया कि उसका निकाह 13 अप्रैल 1997 को शाहजहांपुर जनपद के थाना कांठ क्षेत्र के गांव पट्टी पश्चिमी निवासी इजहार हुसैन से हुआ था। कुछ समय बाद से ही पति मारपीट करने लगा। आरोप है कि 19 जून को पंजीकृत डाक से गलत तथ्यों से उसको नोटिस प्रेषित किया। जिसमें तलाक के लिए लिखा है। जबकि उसके द्वारा कोई तलाक नहीं दिया गया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### सफाई कराने की मांग

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गांव में नियमित सफाई नहीं होने से चारों ओर गंदगी फैली है। इस वजह से मच्छरों की संख्या में इजाफा हुआ है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी इस ओर को कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों में बीडीओं का ध्यान आर्कषित कराते हुए गांवों सफाई कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है सफाई नहीं होने से संक्रामक बीमारियों के फैलने का डर सता रहा है।

# बिछड़े साथियों की तलाश में पीटीआर आ रहे नेपाली हाथी

## इंडो-नेपाल खुली सीमा के चलते नेपाल की शुक्ला फांटा सेंचुरी से आसानी से आकर उत्पात मचा रहे जंगली हाथी

**सुनील यादव, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व का नेपाली हाथियों से दशकों पुराना नाता रहा है। नेपाली हाथी कभी पीलीभीत टाइगर रिजर्व के अनुकूल वातावरण को मुफीद मानते हुए दस्तक देते आ रहे हैं तो कभी अपने बिछड़े साथियों की तलाश उन्हें यहां तक ले आती है।

बीते दिनों भी नेपाल की ओर से 20 से अधिक हाथियों ने टाइगर रिजर्व के शारदा नदी पार इलाके में दस्तक दी थी। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह रही कि इन हाथियों के झुंड में से एक हाथी ने एक बुजुर्ग की जान भी ले ली थी। जानकारों की मानें तो इन हाथियों के उग्र होने की वजह उनके दशकों पुराने कॉरिडोर में बढ़ती इंसानी दखलंदाजी भी है। फिलहाल टाइगर रिजर्व प्रशासन हाथियों की बढ़ती आमद को देखते हुए स्टाफ बढ़ाकर निगरानी कराने की बात कह रहा है। नेपाल की शुक्ला फांटा सेंचुरी की सीमा पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटी हुई है। कई साल से नेपाली हाथी पड़ोसी देश नेपाल और पीलीभीत टाइगर रिजर्व से ही सटी हुई लखीमपुर खीरी की किशनपुर सेंचुरी से आते-जाते रहते हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों की मानें तो नेपाल की ओर से जंगली हाथी दशकों पूर्व से आते रहे हैं। उस दौरान बड़ी संख्या में हाथियों के अलावा गैंडे समेत अन्य वन्यजीवों की आवाजाही रहती थी। दरअसल लग्गा-भग्गा के जंगल के जिस रास्ते से नेपाली हाथी और गैंडे आते रहते हैं, वह इन वन्यजीवों का दशकों पुराना एक सुरक्षित कॉरिडोर रहा था। पूर्व में नेपाली हाथियों का झुंड यहां के जंगलों में कई-कई दिन तक विचरण कर लौट जाता था। पूर्व में तो यह भी एक व्यवस्था थी कि जब नेपाली हाथी या गैंडे यहां आकर कई-कई दिन तक वापस नहीं जाते थे तो स्थानीय वनकर्मी इसकी सूचना शुक्ला फांटो सेंचुरी के वनकर्मियों को देते थे। इसके बाद नेपाल के वनकर्मी हाथियों पर सवार होकर यहां आते थे और उन्हें वापस ले जाते थे। वन्यजीव विशेषज्ञों के मुताबिक इधर कई साल से नेपाली हाथियों की आवाजाही में पूर्व की अपेक्षा खासी कमी आई है। गत वर्ष भी करीब पांच नेपाली हाथियों का झुंड यहां आया था। कई दिन ठहरने के बाद यह झुंड नेपाल की ओर वापस चले गए थे। यह दीगर बात है कि टाइगर रिजर्व प्रशासन को 40 वनकर्मियों की टीम लगाकर इन सभी को खदेड़ना पड़ा था। इधर बीते कुछ दिन से 20 से अधिक नेपाली हाथियों का झुंड कलीनगर तहसील क्षेत्र के शारदा नदी पार इलाके में दस्तक दे रहा है। यहां इन हाथियों ने जमकर तोड़फोड़ करने के साथ ही ढकिया ताल्लुके महाराजपुर के एक बुजुर्ग की जान भी ले ली। घटना के अगले दिन भी हाथियों के झुंड ने इसी क्षेत्र में दस्तक दी थी। मगर ग्रामीणों ने हाथियों को खदेड़ दिया। हालांकि सोमवार रात नेपाली हाथियों ने कोई दस्तक नहीं दी। इसके बावजूद इलाके के ग्रामीण दहशत के चलते रात भर जागकर निगरानी करने में जुटे रहे। क्षेत्रीय प्रभारी रेंजर मोहम्मद आरिफ ने बताया सोमवार रात हाथियों की चहलकदमी नहीं देखी गई है। टीम लगातार निगरानी में जुटी है। इधर जंगली हाथियों की बढ़ती आमद को देखते हुए अब टाइगर रिजर्व प्रशासन स्टाफ बढ़ाते हुए इनकी निगरानी की बात कह रहा है, ताकि जनहानि जैसी कोई अप्रिय घटना न हो।



जंगल में विचरण करते नेपाली हाथी। ● अमृत विचार

**● कॉरिडोर के इलाके में इंसानी दखलंदाजी से मचाते हैं उत्पात**

### सबसे प्रिय आहार रोहणी के चक्कर में आता है हाथियों का झुंड

नेपाल की ओर से लगभग हर साल ही जंगली हाथी जनपद में आते हैं। इन हाथियों के यहां बार-बार आने की भी खास वजह है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह बताते हैं कि हाथी झुंड में रहना पसंद करते है। अपने साथियों से बिछड़ने के बाद वह उनकी तलाश में ही यहां के जंगलों में विचरण करते हैं। एक अन्य खास वजह ये भी मानी जा रही है कि नेपाल की शुक्ला फांटा सेंचुरी की अपेक्षा पीलीभीत टाइगर रिजर्व का जंगल हाथियों के लिए काफी मुफीद है। यहां स्वच्छंद विचरण के अलावा खाने-पीने की खासी उपलब्धता है। हाथियों का सबसे प्रिय आहार रोहणी (सिंदूर) के पेड़ पीलीभीत टाइगर रिजर्व में सर्वाधिक हैं। ये भी नेपाली हाथियों के बार-बार यहां के जंगलों में दस्तक देने की वजह हो सकती हैं। इसके अलावा जब जंगल के बाहर नेपाली हाथी पहुंचते हैं तो गन्ने को अपना प्रमुख आहार बनाते हैं। जिसके चलते अक्सर जंगली हाथी जंगल से सटे इलाकों की ओर पहुंच जाते हैं। इसके अलावा जंगली हाथी टाइगर रिजर्व के जंगल से होकर ही अन्य वन प्रभागों में विचरण करते हैं। ऐसे में पीलीभीत टाइगर रिजर्व का जंगल नेपाली हाथियों के आवागमन में केंद्र बिंदु माना जाता है।

### घटते जंगल से बढ़ रहा इनका उत्पात

इंडो-नेपाल की खुली सीमा होने के कारण वन्यजीवों का आना-जाना लगा रहता है। दरअसल इन वन्यजीवों ने दशकों पहले आने-जाने के लिए एक मुफीद रास्ता चुन लिया था। जिसे लग्गा-भग्गा कॉरिडोर के नाम से जाता है। यह कारिडोर लग्गा-भग्गा के जंगल होकर बराही, टाटरगंज होते हुए किशनपुर तक जाता है। मगर, पूर्व वर्षों में जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते कॉरिडोर में इंसानी दखंलदाजी बढ़ गई। कहीं बस्ती बन गई तो कहीं पेड़ों का कटान कर खेती शुरू कर दी गई। वन्यजीव विशेषज्ञों के मुताबिक कॉरिडोर नष्ट होने पर रास्ता भटकने पर ही हाथी उग्र होते हैं ओर यहीं उत्पात की वजह बनती हैं। बताते हैं कि अवैध कब्जे के मामले में कईयों ने कोर्ट में भी शरण ले रखी है। ऐसे में जिम्मेदार वन महकमा भी लाचार बना बैठा है। डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई चल रही है।

# शिविर में दिव्यांग बच्चों का किया परीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** समग्र शिक्षा अभियान के तहत परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं को उनकी जरूरत के हिसाब से उपकरण दिए जाएंगे। इसके लिए बीसलपुर ब्लाक संसाधन केंद्र पर उपकरण मापन शिविर लगाया गया।

मंगलवार को आयोजित शिविर में 104 दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता का परीक्षण किया गया। दिव्यांग स्कूली बच्चे अपने परिजनों के साथ सुबह बीआरसी कार्यालय में पहुंच गए। भारत सरकार की ओर से नामित एलिम्को कंपनी कानपुर के विशेषज्ञों ने दिव्यांग छात्र-छात्राओं का उनकी दिव्यांगता का परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता के बारे में देखा। कैंप में चार बच्चों को ट्राई साइकिल, 16 को व्हीलचेयर , 46 को टीएलएम किट ,11 को रॉलेटर, 12 को बैसाखी, पांच को ब्रेल किट, दस को हेयरिंग ऐड उपकरण देने के लिए उपयुक्त पाया गया। उपकरण मापन कैंप में कानपुर की एलिम्को कंपनी के विशेषज्ञ तुषार वर्मा, रोहित वर्मा,आदर्श द्विवेदी ,कृष्णा केसरी, कृष्ण कुमार शामिल रहे। जिला समन्वयक राकेश पटेल, मनीष श्रीवास्तव रामदास, संजीव मिश्रा, अनुराधा अग्रवाल, अनिल सोनकर, राजेश श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार, सुनील त्रिपाठी आदि स्पेशल एजुकेटर मौजूद रहे।



शिविर में बच्चे का चेकअप करती टीम। ● अमृत विचार

# एमबीबीएस के छात्रों ने ली कर्तव्य की शपथ

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में सोमवार को नवप्रवेशित एमबीबीएस विद्यार्थियों के लिए श्वेत कोट समारोह एवं चरक शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने मानवता, सेवा भावना और चिकित्सा पेशे की गरिमा को निभाने का संकल्प लिया। समारोह का उद्देश्य भावी चिकित्सकों में सेवा, नैतिकता और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति जागरूकता लाना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। मुख्य अतिथि डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि ईश्वर प्रत्येक मनुष्य के हृदय में निवास करते हैं। जब चिकित्सक किसी रोगी की सेवा करता है। वह वास्तव में ईश्वर की ही सेवा करता है। विशिष्ट अतिथि सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने कहा कि एक सफल चिकित्सक वही होता है जो अपने प्रत्येक मरीज के साथ धैर्य, समझ और संवेदना रखता है। प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने कहा कि श्वेत कोट केवल एक परिधान नहीं, बल्कि चिकित्सा व्यवसाय की मर्यादा, अनुशासन और मानव सेवा का प्रतीक है। फॉरेंसिक मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. पीसी श्रीवास्तव ने कहा कि यह दिन विद्यार्थियों के जीवन में सेवा, संवेदना और उत्तरदायित्व के नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने चरक शपथ के महत्व पर प्रकाश डाला। उप प्राचार्य एवं सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण सिंह ने विद्यार्थियों को चरक शपथ का वाचन कराया और उन्हें निस्वार्थता, ईमानदारी और मानवीय मूल्यों को अपने जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर ने विद्यार्थियों को समाज के स्वास्थ्य संवर्धन के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का संदेश दिया। इस मौके पर डॉ. शिखा सक्सेना, हर्षित, अर्शी नाज़, दिव्या वर्मा, दिव्या सागर, अंकित माथुर, अभिषेक सिंह, आदित्य कुमार, अनमता अनीस समेत अन्य रहे।



शपथ ग्रहण करते एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**● मेडिकल कॉलेज में हुआ चरक शपथ ग्रहण समारोह**



## शहर में आज

- पुलिस लाइन समेत चार स्थानों पर परिवार परामर्श केंद्र शिविर सुबह 10 बजे से।
- गोमती उद्गम स्थल पर मां गोमती शरदकालीन महोत्सव के तहत कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से।
- इनिशियम ग्लोबल स्कूल के मैदान पर टूर्नामेंट के तहत क्रिकेट मैच सुबह 7 बजे से।
- यातायात माह नवंबर के तहत शहर में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** घर में सो रही उन्नीस वर्षीय युवती से दुष्कर्म का आरोप गांव के ही युवक पर लगा है। पुलिस को दी गई तहरीर में युवती ने बताया सोमवार रात करीब 11 बजे गांव का सुरेश उसके घर में घुस आया और साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। चीख पुकार सुनकर पिता और भाई आए तो आरोपी भाग गया। दरोगा अमित शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### जयंती पर स्वंत्रता सेनानी को किया याद

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड परिसर में मंगलवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं बजाज समूह के संस्थापक स्वर्गीय जमना लाल बजाज की 136 वीं जयंती मनाई गई। यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन समेत अन्य अधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। बजाज एनर्जी के यूनिट हेड दीपक राणा ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के बारे में अवगत कराया।

# क्रय केंद्रों पर 48 घंटे से धान की तौल बाधित

## मंडी समिति में अधिकांश क्रय केंद्र पर बंद पड़े तराजू और डस्टर, वारदाना की कमी का बना रहे बहाना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


मंडी समिति पीलीभीत में टिनशेड में नहीं बची जगह तो खुले में लगाए गए बोरियों के ढेर।

**अमृत विचारः** धान खरीद को पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। अफसरों के निरीक्षण में गड़बड़ी भी उजागर हो रही हैं। तौल भी पहले से बेहतर बताई जा रही है। मगर, अभी भी सरकारी क्रय केंद्रों पर किसान को पूरी तरह से राहत नहीं मिल सकी है।

पिछले दो दिन से कई क्रय केंद्रों पर तौल बाधित सी चल रही है। एक तरफ धान का उठान शुरू नहीं हो सका है। वहीं, कई क्रय केंद्रों पर वारदाना न होने की बात कहकर तौल बंद है। किसान अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर हैं। उस पर बदलता मौसम और चिंता बढ़ा रहा है। जिम्मेदार वारदाने की कमी से साफ मना कर रहे हैं, लेकिन केंद्रों पर तौल न होने की इसे ही वजह बताया जा रहा है। फिलहाल किसानों की मुश्किल कम नहीं हो सकी है।

सरकारी धान खरीद एक माह पूरा कर चुकी है। इस बार अब तक हुई खरीद पिछले साल की तुलना में दोगुना से अधिक है। मंडी समिति समेत अन्य स्थानों पर संचालित क्रय केंद्रों पर धान की आवक लगातार बनी हुई है। अधिकारी पारदर्शिता और शासन की मंशा के तहत खरीद कराने का हवाला दे रहे हैं।

व्यवस्था दुरूस्त बताई जा रही है। छह एजेंसियों के 150 क्रय केंद्रों पर खरीद की जा रही है। मगर, अभी भी किसान की परेशानियां कम नहीं हो सकी है। इन दिनों मौसम गड़बड़ाता दिख रहा है। बादल छाए हुए हैं। हल्की बूदाबांदी भी कुछ देर हुई। 15 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद जा चुकी है।

अभी तक क्रय केंद्रों पर खरीदे गए धान का उठान चालू नहीं हो सका है। जिसकी वजह से केंद्रों पर अव्यवस्थाएं भी हावी होने लगी हैं। मंडी समिति पीलीभीत समेत कई जगह आलम ये है कि क्रय केंद्रों के टिनशेड कई दिन से धान से पटे हुए हैं। वहां पर क्रय केंद्र प्रभारी व अन्य स्टाफ के बैठने की भी जगह नहीं बाकी है। इसके अलावा कई टिनशेड के आगे तो जहां पर धान की ट्रैक्टर ट्रालियां खड़ी कराई जा रही थी। वहां पर भी धान की बोरियों के ढेर लगा दिए गए हैं।

अब क्रय केंद्र पर खरीदा जा रहा धान मजबूरन खुले आसमान के नीचे लगवाना पड़ रहा है। ऐसे में बारिश के आसार बनते देख किसान और केंद्र प्रभारी सभी की धड़कन बढ़ी हुई है। बताते हैं कि अभी प्रक्रिया चल रह है, जिसके चलते धान का उठान ठप है। इसमें अभी कुछ समय और लग सकता है।

इधर, बारिश के आसार भी है। रात के वक्त ओस भी गिर रही है। किसान मंडी में धान की ट्रैक्टर ट्रॉली लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहा है। मंगलवार को भी बादल छाए रहे और दोपहर के वक्त चंद मिनट हल्की बूदाबांदी भी हुई। कुछ क्रय केंद्रों को छोड़ अधिकांश पर तौल बंद दी। केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा। पीसीयू, पीसीएफ समेत अन्य एजेंसियों के क्रय केंद्रों के बाहर तौल के इंतजार में धान लदे वाहन तो खड़े थे, लेकिन तौल नहीं की जा रही थी। अधिकांश से केंद्र प्रभारी भी नदारद थे। मौजूद कुछ कर्मचारियों और इंतजार में परेशान किसानों से वजह पूछी गई तो वारदाना की कमी का हवाला दे दिया गया। पीसीएफ के एक केंद्र पर मौजूद कर्मचारी ने बताया कि दो दिन पहले तक तौल हुई थी। मगर, अब वारदाना ही नहीं है। ऐसे में तौल नहीं हो पा रही है। उनका कहना था कि बुधवार तक वारदाता प्राप्त होना बताया गया है। पीसीयू के एक क्रय केंद्र पर मौजूद स्टाफ से जब तौल न होने की वजह पूछी तो वारदाना न होना बताया लेकिन ये भी तर्क देते रहे कि वारदाना आने वाला है। ऐसे में कुछ स्थानों पर वारदाना की कमी महज बहाना के तौर पर देखी जाती रही। पीसीयू के जिला प्रबंधक भी वारदाना की कोई कमी न होने की बात कहते रहे, जबकि उनकी ही एजेंसी के कई क्रय केंद्रों पर मौजूद स्टाफ वारदाना न होने की बात कहकर तौल बंद किए रहा। फिलहाल इसे लेकर गोलमाल की भी चर्चाएं चलती रही।

### पूरनपुर में भी नहीं सुधर रहे हालात

मंडी समिति पूरनपुर में भी हालात पूरी तरह से सामान्य नहीं हो पा रहे हैं। वहां पर भी पिछले कुछ समय से धान की तौल में दिक्कतों की बात निकलकर सामने आ चुकी है। मंगलवार को भी कुछ इसी तरह की स्थिति बनी रही। कुछ क्रय केंद्रों पर वारदाना न होने की बात कही जाती रही। केंद्रों पर वारदाना न होने की बात भले किसान को बताई जा रही हो, लेकिन इसे लेकर जिम्मेदारों का एक ही जवाब है कि वारदाना की कमी नहीं है। जिला प्रबंधक पीसीयू ने भी व्यवस्था दुरुस्त होने की बात कही। उनका कहना था कि एक स्थान से दूसरे स्थान पर वारदाना पहुंचने में कुछ समय जरूर लग रहा है लेकिन कमी नहीं है।

### ढका धान, रखवाली में जुटे

मंडी समिति पीलीभीत में क्रय केंद्रों के बाहर धान लदी ट्रैक्टर ट्रालियां खड़ी हुई हैं। कोई दो दिन तो कोई उससे भी अधिक समय से तौल का इंतजार कर रहा है। धान की निगरानी भी की जा रही है। मंगलवार दोपहर के हल्की बूंदाबांदी हुई तो किसान परेशान हुए और फिर खुले में खड़ी धान लदी ट्रैक्टर ट्रॉलियों को तिरपाल से अच्छी तरह से ढक दिया गया है। ताकि फसल का नुकसान न हो पाए।

### क्रय केंद्रों पर रहा सन्नाटा

मंडी समिति के अधिकांश क्रय केंद्रों पर मंगलवार को दिनभर तौल बंद दिखी। आलम ये था कि तराजू, डस्टर समेत अन्य संसाधन भी बंद ही रहे। क्रय केंद्रों पर सन्नाटा रहा। वारदाना के चलते जब धान की तौल नहीं हो रही थी तो केंद्रों के प्रभारी भी नहीं मौजूद रहे। ऐसे में अब गुरुवार से ही खरीद को गति मिलने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि एक दिन और किसान को इंतजार में गुजारना पड़ सकता है।

# फर्जी हाजिरी का खेल, तीन मस्टरोल में एक ही फोटो

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मनरेगा लोकपाल द्वारा रिपोर्ट मांगने पर जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी
- प्रधान-सचिव समेत तीन से होगी रिकवरी, सात पर लगाया जुर्माना

**अमृत विचारः** अमरिया ब्लॉक की एक ग्राम पंचायत में मनरेगा से जुड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। यहां एक ही फोटो अलग-अलग मस्टरोल पर दर्शाते हुए धनराशि हड़प ली गई। मनरेगा लोकपाल ने मामला संज्ञान में आने पर बीडीओ से जांच रिपोर्ट तलब की। तीन बार रिमाइंडर भी भेजा, मगर जिम्मेदारों ने जवाब नहीं दिया। जिस पर मनरेगा लोकपाल ने संबंधित प्रकरण के दोषी प्रधान-सचिव समेत तीन से रिकवरी करने की संस्तुति की है। इसके अलावा उन्होंने कार्यक्रम अधिकारी, एपीओ समेत सात पर एक-एक हजार रुपये जुर्माना भी वसूलने के आदेश दिए हैं।

मनरेगा से जुड़ा एक मामला ब्लॉक अमरिया की ग्राम पंचायत अड़ौली से सामने आया। बीते दिनों अड़ौली नहर से चक्का की हद तक चक मार्ग पर मिट्टी कार्य होना दर्शाया गया। इस कार्य के पोर्टल पर तीन मस्टरोल क्रमशः 960, 961 एवं 962 जारी किए गए हैं। आरोप है कि सभी तीनों मस्टरोल में एक जैसा ही फोटो अपलोड कर फर्जी हाजिरी लगाते हुए धनराशि हड़प ली गई। मामला लोकपाल मनरेगा गेंदन लाल वर्मा के संज्ञान में आया तो उन्होंने मामले की रिपोर्ट अमरिया ब्लॉक के बीडीओ से तलब की। बीडीओ ने एडीओ पंचायत अतुल कुमार पाठक को जांच अधिकारी नामित करते हुए तीन कार्यदिवसों में जांच कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बताते हैं कि संबंधित जांच अधिकारी ने बीडीओ को जांच रिपोर्ट ही उपलब्ध कराई गई। जांच रिपोर्ट न मिलने पर लोकपाल मनरेगा ने तीन रिमाइंडर भी जारी किए, मगर उन्हें जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। रिपोर्ट उपलब्ध न होने पर वित्तीय अनियमितता का आरोप सही मानते हुए लोकपाल मनरेगा ने ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक स्तर के मनरेगा कर्मियों को कार्यक्रम अधिकारी और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सहित सभी को कार्यालय पर उपस्थित होकर पक्ष रखने का अवसर दिया, लेकिन कोई नहीं पहुंचा।

इस पर लोकपाल मनरेगा मनरेगा कार्यों में श्रमिकों की फर्जी हाजिरी लगाने का मामला सही पाते दुरुपयोगित 5040 रुपये की रिकवरी करने की संस्तुति की है। उन्होंने ग्राम प्रधान, सचिव एवं तकनीकी सहायक से 1680-1680 रुपये की समानुपातिक रिकवरी किए जाने की संस्तुति की है। मनरेगा लोकपाल गेंदन लाल वर्मा ने बताया कि रिकवरी के संस्तुति के साथ ही मनरेगा कार्यों में बरती गई अनियमितता के लिए जिम्मेदार मानते हुए कार्यक्रम अधिकारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं नामित जांच अधिकारी पर 1000-1000 रुपये जुर्माना लगाने का भी आदेश जारी किया गया, ताकि मनरेगा कार्यों में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो।

# कुत्ते ने महिला अस्पताल में मचाया उत्पात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


महिला अस्पताल परिसर में मची भगदड़। ● अमृत विचार

- तीमारदारों को दौड़ाया, पिल्ले को नोचकर मार डाला

**अमृत विचार :** महिला अस्पताल में सोमवार देर रात आवारा कुत्ते ने उत्पात मचाया। मरीजों और तीमारदारों में भगदड़ मच गई। करीब एक घंटे तक चले आतंक के दौरान कुत्ते ने एक पिल्ले को नोचकर मार डाला और उसे बचाने पहुंचे तीमारदारों को दौड़ाया। डर की वजह से किसी की हिम्मत नहीं हुई कि उसे रोके, जबकि सूचना देने के बाद भी सुरक्षा कर्मी वार्डों से बाहर नहीं निकले।

मामला सोमवार देर रात 11 बजे का है। अस्पताल परिसर के पार्क में तीमारदार खाना खा रहे थे। इसी दौरान अचानक एक खुंखार कुत्ता आ गया। उसने परिसर में घूम रहे एक पिल्ले पर हमला कर दिया और उसे बुरी तरह नोच डाला। पिल्ले को बचाने पहुंचे लोग भी कुत्ते के निशाने पर आ गए। अफरा-तफरी मच गई। करीब एक घंटे बाद लोगों ने किसी तरह कुत्ते को वहां से भगाया, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था का हाल यह रहा कि कोई गार्ड बाहर झांकने तक नहीं आया। बताया जा रहा है कि महिला जिला अस्पताल में आवारा कुत्तों का आतंक नया नहीं है। कुछ समय पहले एक कुत्ता नवजात का शव उठा ले गया था। उस घटना के बाद नगर पालिका को पत्र लिखे जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सीएमएस डॉ. राजेश ने बताया कि इस घटना की जानकारी उन्हें नहीं है। आवारा कुत्तों को पकड़वाने के लिए नगर पालिका से संपर्क किया जाएगा।

# संगत ने निकाला नगर कीर्तन

**मझोला, अमृत विचारः** ग्राम हरदासपुर में गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर समूह संगत की ओर से मंगलवार सुबह 10 बजे से नगर कीर्तन की शुरुआत की गई। सिंह सभा गुरुद्वारा हरदासपुर से शुरु हुआ नगर कीर्तन विभिन्न मार्गों से गुजरा। कई जगह सुख शांति की अरदास भी की गई। सिंह सभा गुरुद्वारा हरदासपुर मे श्री अखंड पाठ रखा गया। 5 नवंबर को भोग पड़ेगा। भोग के उपरांत कीर्तन दीवान सजेगा। गुरु का लंगर अटूट चलेगा। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में संगत उमड़ी। ग्राम हरदासपुर के अलावा क्षेत्र के कोलारा, कटईया पंडरी आदि क्षेत्र के लोग शामिल रहे।

# गुरु गोविंद सिंह के नाम पर हो हवाई अड्डे का नाम

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बीजेपी नेता मनजीत सिंह ने मंगलवार को लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की।

बरेली हवाई अड्डे को श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के नाम से करने का आग्रह किया गया। ये कहा कि प्रदेश के तराई के आधा दर्जन से अधिक जनपदों में सिख समाज की संख्या अधिक है। सिख समाज की धार्मिक आस्था का केंद्र पंजाब के जनपद श्री अमृतसर साहिब में श्री दरबार साहिब है और तराई क्षेत्र के सिख समाज की रिश्तेदारियां भी पंजाब प्रांत के अन्य जनपदों में है। श्री दरबार साहिब में माथा टेकने के लिए श्रीअमृतसर साहिब सहित अन्य जनपदों में जाना पड़ता है। बरेली के हवाई अड्डे से श्री अमृतसर साहिब के लिए कोई भी सीधी हवाई यात्रा नहीं है। तराई के लोगों को जाने के लिए रेल व सड़क मार्ग से यात्रा करनी पड़ती है।

# केंद्र प्रभारी से अभद्रता मामले में एफआईआर

**पीलीभीत, अमृत विचारः** पूरनपुर मंडी समिति में धान क्रय केंद्र प्रभारी से अभद्रता के मामले में क्रय केंद्र प्रभारी की ओर से पूरनपुर कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई ।

क्रय केंद्र प्रभारी क्षेत्रीय विपणन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पूरनपुर मंडी यार्ड में धान क्रय केंद्रों पर आए दिन अवांछित व्यक्तियों द्वारा अभद्रता की जाती है। सरकारी अभिलेख से भी छेड़छाड़ करते हैं। सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की जाती है। टोकन व्यवस्था को तोड़कर धान की तौल करने का दबाव बनाया जाता है। 31 अक्टूबर को किसी किसान ने धान तौल के लिए क्रय केंद्र पर गिराया। इस दौरान मौके पर मौजूद गुरप्रीत सिंह गोपी ने गाली गलौज कर धमकाना शुरू कर दिया। जबकि उसका न तो केंद्र पर कोई धान था न ही टोकन। अभिलेखों से भी छेड़छाड़ की जाती है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# महिला के कुंडल लूटने वाला पकड़ा

**बीसलपुर, अमृत विचारः** दवा लेकर लौट रही महिला के कुंडल लूटने वाले को कोतवाली पुलिस ने धर लिया। आरोपी के पास से लूटे गए कुंडल भी बरामद किए गए। क्योलड़िया के ग्राम अमीन नगर निवासी नंदरानी 30 अक्टूबर को ननद तारावती के साथ दवा लेकर घर लौट रही थी। रास्ते में उचक्का दोनों कुंडल नोंचकर भाग गया था। पुलिस ने मंगलवार को मोहल्ला हकीबुल्ला खां जनूबी निवासी फईम को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया वहां से जेल भेज दिया गया।


# सफारी चालक सुबह 6 बजे पहुंचें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नियम लागू होने के चलते मंगलवार को कुछ सफारी वाहनों के नंबर भी कटे
- सफारी चालकों के समय से न पहुंचने पर सैलानियों को करना पड़ता है इंतजार

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटन सत्र के दौरान अब सफारी वाहनों के संचालन में मनमानी नहीं हो सकेगी। टाइगर रिजर्व प्रशासन ने सफारी चालकों को सुबह 6 तक पर्यटन गेटों पर पहुंचने का निर्देश जारी किया है। ताकि सैलानियों को कोई दिक्कत न हो सके। इसको लेकर वन अफसरों की ओर से बीते सोमवार को सफारी चालकों व गाइडों की बैठक लेकर निर्देशित किया गया था। इधर बताते हैं कि मंगलवार को कुछ सफारी चालकों के देरी से आने के चलते उनके नंबर काट दिए गए। हालांकि वन अफसरों ने इससे इंकार किया है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 1 नंवबर से पर्यटन सत्र की शुरूआत की गई है। जनपद समेत देश के दूर-दराज राज्यों से सैलानियों के आने के सिलसिला भी तेज होता जा रहा है। सैलानियों की सुविधा के लिए जंगल को दो जोन में बांटकर जीनॉन एवं जिप्सी सफारी वाहनों का संचालन किया जा रहा है। इस बार सैलानियों की सुविधा को देखते हुए मुस्तफाबाद और महोफ के अलावा बराही पर्यटन गेट भी खोला गया है। पर्यटन सत्र के दौरान सफारी वाहनों का दो शिफ्टों में संचालन किया जा रहा है। सुबह 6.30 बजे से 10 बजे तक एवं शाम को 3.30 से 6.30 बजे तक सफारी का समय निर्धारित किया गया है। इधर वन अफसरों के संज्ञान में आया कि सुबह पर्यटन गेटों पर सैलानी तो समय से आ जाते हैं, मगर सफारी वाहन नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में सैलानियों को जानकारी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। मामला संज्ञान में आने पर महोफ के क्षेत्रीय वनाधिकारी सहेंद्र यादव ने सोमवार शाम को सफारी चालकों एवं गाइडों को सुबह 6 बजे तक पर्यटन गेटों पर पहुंचने के निर्देश दिए थे। साथ ही अन्य नियमों से भी अवगत कराया था। इधर बताते हैं कि मंगलवार को कुछ सफारी चालकों के कुछ मिनट देरी से पहुंचने पर उनका नंबर काट दिया था। उनका आरोप था कि वे लोग दूर-दराज क्षेत्रों से आते हैं। इस मामले में जब क्षेत्रीय वनाधिकारी सहेंद्र यादव ने जानकारी की गई तो उन्होंने नंबर काटे जाने से इंकार कर दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान पर्यटन सत्र में सुबह की शिफ्ट का समय बढ़ाया गया है। यदि सफारी वाहन देरी से आते हैं तो सैलानियों को जंगल सफारी तय समय नहीं मिल पाता है। सैलानी अकसर इस पर आपत्ति भी दर्ज कराते हैं। ऐसे में सफारी वाहनों को सुबह निर्धारित समय पर आने को निर्देशित किया गया है।



## न्यूज ब्रीफ

### मकान के विवाद में महिला से मारपीट

बरखेड़ा, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव पौटाकलां की रहने वाली साजना बी पत्नी अब्दुल समद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने वर्ष 2018 में शाहजहांपुर के मोहल्ला बंगरा निवासी मोहिद अहमद से एक प्लाट तीन लाख रुपये में खरीदा था। उसी समय विक्रेता से कब्जा लेकर मकान बनाकर परिवार सहित रहती रहीं। सोमवार को मोहिद अहमद, रेखा देवी पत्नी अनिल सिंह, जवाहर निवासी बरेली व एक व्यक्ति घर पर आए और मकान खाली करने को कहने लगे। विरोध करने पर मारपीट की ।

### स्लोगन लेखन स्पर्धा में अंश प्रथम

पीलीभीत, अमृत विचार : डिवाइन कॉलेज में सरदार पटेल जयंती के उपलक्ष्य में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत प्राचार्य डॉ .नीरज कुमार जायसवाल ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ कराई। इसमें प्रिया सिंह, राम सिंह, रतन प्रभा, मंजू देवी, खुशी, कोमल, बलराम, सौरभ राठौर, अंश मोहन आदि ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने सृजनात्मक एवं प्रेरणादायी स्लोगन प्रस्तुत किए। अंश मोहन प्रथम, कोमल द्वितीय और राम सिंह तीसरे स्थान पर रहे। निर्देशिका चारु धवन, चेयरमैन आरके धवन ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रेस्टोरेंट में केबिन पर लगे रोक, स्पा सेंटर में सीसीटीवी लगाए जाएं

## डीएम से अवैध तरीके से संचालित रेस्टोरेंट और स्पा सेंटरों पर कार्रवाई की मांग

- अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपते हिंदू महासभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** शहर समेत जिलेभर में अवैध तरीके से संचालित प्रतिष्ठानों में अनैतिक गतिविधियां संचालित होने की बात कहते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। डीएम ने जांच कराने का आश्वासन दिया है।

अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मंगलवार सुबह महिला विंग की जिलाध्यक्ष बिंदु सिंह की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम से मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी मांग से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि शहर समेत जिलेभर में कई स्थानों पर बिना अनुमति और पंजीकरण के रेस्टोरेंट, स्पा सेंटरों का संचालन किया जा रहा है। ये अधिकांश प्रतिष्ठान एकांत स्थानों पर बनाए गए हैं। इन पर प्रशासनिक निगरानी मुश्किल होने के चलते कई अनैतिक और आपराधिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कई रेस्टोरेंटों में केबिन सिस्टम चलाया जा रहा है, जिसका उपयोग अनुचित कार्यों के लिए किया जाता है। वहीं, कई स्पा सेंटर नाम मात्र के लिए पंजीकृत हैं, आरोप है कि वहां पर देह व्यापार और अशोभनीय कृत्य किए जा रहे हैं।

कुछ रेस्टोरेंटों और स्पा सेंटरों का उपयोग लव जिहाद जैसी गतिविधियों के लिए भी किया जा रहा है। यह स्थिति न केवल महिला सुरक्षा बल्कि सामाजिक मर्यादा और शांति व्यवस्था के लिए भी खतरा बताई। उनका कहना है कि शासन स्तर से सख्ती के बाद भी स्थानीय स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है। मांग की गई कि ऐसे प्रतिष्ठानों की वैधता, पंजीकरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों की जांच कराई जाए। जो बिना अनुमति संचालित हों, उन्हें तत्काल बंद कराया जाए। ये भी मांग की गई कि रेस्टोरेंटों में केबिन सिस्टम पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जाए। स्पा सेंटरों में सीसीटीवी और विजिटर रजिस्टर अनिवार्य कराएं। साथ ही, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की विशेष टीम गठित कर औचक निरीक्षण कराया जाए। ये तर्क दिया गया कि इस तरह की गतिविधियां संचालित होने की जानकारी स्थानीय नागरिकों ने संगठन को दी है।

**ज्ञापन देने वालों में ये रहे शामिल :** जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, महिला विंग जिला महामंत्री कविता वंशवाल, सुमन कश्यप, शिवानी गुप्ता, प्रेम सागर शर्मा, गौरव शर्मा, आयुष सक्सेना, चेतन श्रीवास्तव, सुनील कश्यप, प्रमोद कश्यप, मनोज वर्मा, प्रेम सागर शर्मा, जितेंद्र मौर्य, नरेंद्र श्रीवास्तव, कृष्णा साहनी, दुर्गा प्रसाद, आदित्य, नरेश कुमार, प्रकाश अग्निहोत्री, नितिन मिश्रा, आयुष अवस्थी, गौरव कश्यप, अमित आदि।

## आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के भविष्य निर्माण की प्रयोगशाला

**अमरिया, अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज में बाल विकास परियोजना कार्यालय के तहत पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है। दूसरे दिन मंगलवार को आंगनबाड़ियों को सीडीपीओ अजय सिंह की अगुवाई में प्रशिक्षित किया गया।

महिला पर्यवेक्षक दीपमाला, सीमा चौधरी के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। सीडीपीओ ने कहा कि छोटे बच्चों के मानसिक, शारीरिक, संज्ञानात्मक विकास एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। बताया गया कि प्रारंभिक बाल्यावस्था उत्प्रेरण के अंतर्गत बच्चों के पोषण संज्ञानात्मक विकास और रचनात्मक गतिविधियों पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए। कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल भोजन वितरण का स्थल नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य निर्माण की प्रयोगशाला हैं। बच्चे घर के बाद सबसे ज्यादा समय आंगनबाड़ी में देते है, उन्हें यहां जो सिखाया जाएगा, वह उनके जीवन की अमूल्य पूजी होगी। इसलिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों पर पूरा ध्यान देना होगा।

## एलिट क्रिकेट अकादमी की 181 रनों से जीत


टूर्नामेंट में बल्लेबाजी करता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- बेहतरीन प्रदर्शन पर युवराज रहे मैन ऑफ द मैच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** फ्यूचर स्टार्स यू-14 प्राइज मनी क्रिकेट लीग के पांचवें लीग मैच में मंगलवार को एलिट क्रिकेट एकेडमी ने ब्राइट बिगिनर्स को 181 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। युवराज को शानदार शतक के लिए मैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया।

22 याड्र्स क्रिकेट एकेडमी और इनिशियम ग्लोबल स्कूल के मैदान पर खेले गए टूर्नामेंट के छठे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए एलिट क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 40 ओवरों में 2 विकेट खोकर 325 रनों का स्कोर खड़ा किया। युवराज ने सर्वाधिक 85 गेंद पर 16 चौकों और चार छक्कों की मदद से 132 रन बनाए। दिव्यांश ने 81 रन की पारी खेली। ब्राइट बिगिनर्स के भव्य मोहन ने एक और यशराज ने एक विकेट चटकाया । इसके जवाब में ब्राइट बिगिनर्स की पूरी टीम 38.3 ओवर में 144 रन पर आउट हो हुई। सार्थक पाल ने सर्वाधिक 51 रनों की पारी खेली और आर्श गंगवार ने 09 रन बनाए। विनीत गुप्ता ने 24 रन बनाए। एलिट क्रिकेट एकेडमी की तरफ से आरव ने पांच व आरुष ने तीन विकेट चटकाए। इस मौके पर अंपायर सैयद नातिक अली, अरशान, संकेत रावत , एकांश, परमवीर सिंह पैरी, पुनीत धमेजा, प्रीतेश ,गगन प्रताप सिंह, मोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

## कुर्मी क्षत्रिय महासभा मनाएगी पटेल जयंती

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की ओर से एक बरात घर में भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई जाएगी। बैठक में कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाई गई।

सपा नेत्रा दिव्या गंगवार के आवास पर हुई बैठक में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने की भी रणनीति बनाई गई। तय किया गया कि महासभा की ओर से पीलीभीत के बरात घर में कार्यक्रम कराया जाएगा। जिसमें हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता, परीक्षाओं में चयनित होने वाले विद्यार्थियों के अतिरिक्त कुछ विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। 16 नवंबर को ये कार्यक्रम होगा। इस मौके पर चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, डॉ.नरेश गंगवार, जिलाध्यक्ष पीएल गंगवार, जिला महामंत्री डॉ. दीपक गंगवार, गोविंद सिंह गंगवार, शालिकराम गंगवार, मलखान सिंह वर्मा, रूपलाल मतिया, डॉ.रवि गंगवार, ओमपाल गंगवार, गुड्डू गंगवार, अभिषेक, भूदेव गंगवार, रामपाल गंगवार, राजेश गंगवार आदि मौजूद रहे।

## देवहा नदी में विधायक ने दो लाख मछली के बच्चे छोड़े

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


नदी में छोड़ने के लिए लाई गई मछलियां।

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से देवहा नदी को निर्मल बनाने के लिए दो लाख मछली के बच्चों को छोड़ा गया। इससे न केवल नदी का जल निर्मल होगा, बल्कि देवहा नदी में जैव विविधता बढ़ने के साथ मछुआ समुदाय के लोगों की रोजगार की राह आसान होगी। मंगलवार को बरखेड़ा विधायक ने देवहा नदी के ब्रहमचारी घाट पर दो लाख मछली के बच्चों को छोड़ा।

राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड द्वारा प्रायोजित रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के तहत मंगलवार को देवहा नदी के ब्रहमचारी घाट पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने दो लाख मत्स्य अंगुलिकाएं (मछली के बच्चे) छोड़े। बताया गया कि देसी प्रजाति की मछलियां बढ़ने से देवहा नदी की स्वच्छता बढ़ने के साथ ही नदी का जल भी निर्मल होगा।

## माता-पिता के चरणों में है चारों धाम का तीर्थ

संवाददाता, बीसलपुर


प्रवचन करते आचार्य ओम हरि विष्णु।


सत्संग सुनने पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम बरसिया में चल रहे चार दिवसीय सत्संग के तीसरे दिन मंगलवार को आचार्य ओम हरि विष्णु घट घटवासी ने प्रवचन किए। जिसमें माता-पिता की सेवा करने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा करना सबसे बड़ा तीर्थ है। उनकी सेवा से ही यह जीवन सफल हो जाता है। माता-पिता का आशीर्वाद जीवन की सफलता मिलने में सबसे बड़ा सहायक होता है। माता-पिता के चरणों में चारों धाम का तीर्थ होता है। जो लोग अपने माता-पिता को दुख देते हैं। उनका अनादर कर घरों से निकाल देते हैं,वृद्धाश्रम में भेज देते हैं। उन्हें न सिर्फ इस जन्म में बल्कि कई जन्मों तक तमाम दुख सहने होते हैं।यह जीवन अनमोल है। मनुष्य को हीरा जन्म मिला है इसलिए कुछ समय निकाल कर हमें भगवान का भजन अवश्य करना चाहिए। मनुष्य को कभी झूठ नहीं बोलना चाहिए। झूठ ज्यादा दिन तक नहीं चलता है। सच्चाई के रास्ते पर चलने वाले व्यक्ति की हमेशा जीत होती है। उन्होंने कहा कि सच्चाई के रास्ते पर चलने वाले व्यक्ति को कठिनाई तो होती है, लेकिन आखिर में जीत उसी की होती है। झूठ बोलने वाले व्यक्ति को तुरंत तो लाभ मिलता है लेकिन आखिर में भगवान उससे सब कुछ छीन लेते हैं। फिर वह कहीं का भी नहीं रहता है। भंडारे का भी आयोजन किया गया । इस मौके पर विष्णु दयाल गंगवार, सुंदरलाल, प्रेमवती, मंजू देवी, राजवीर शर्मा, अनीता गंगवार, शेष कुमार, ओंकार श्रीवास्तव, अशोक कुमार वर्मा, राकेश कुमार, सर्वेश कुमार आदि का सहयोग रहा।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
अत्याधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
11 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

बवासीर-भगन्दर-फिशर
पाइलोनाइडल साइनस Mob.: 8126164170
भगन्दर गांठ Piles in Men
डॉ. वी.के. सिसोदिया
वरिष्ठ क्षार सूत्र विशेषज्ञ
B.Sc., B.A.M.S.
Proctologist (Ayur.), N.D.D.Y., C.C.K.S. (MUMBAI)
मिलें : प्रत्येक रविवार 12 पत्थर रोड, जलालाबाद (शाहजहाँपुर) में
बरेली एनोरक्टल क्लीनिक पता:- करगैना पुलिस चौकी के पीछे, बदायूं रोड, बरेली

## 13.29 करोड़ से होगी सड़कों की मरम्मत

- केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों से मिली स्वीकृति
- बाढ़ के दौरान जलभराव से सड़कों को हुआ था नुकसान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिलेभर की ग्रामीण अंचलों की 63 सड़कों की जल्द सूरत बदलेगी। इन पर आवागमन की राह बेहतर हो सकेगी। इस पर 13.29 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद के प्रयासों से सड़कों के सुदृढ़ीकरण और पुनर्निर्माण की स्वीकृति प्रदेश सरकार की ओर से दे दी गई है।

बता दें कि जिले में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बाद बाढ़ के हालात बन गए थे। इसके बाद कई जगह जलभराव के हालात बन गए। इससे सड़कों की भी दुर्दशा हुई। इसके बाद से आवागमन में बाधा आ रही है।

लंबे समय से क्षेत्रीय लोग इसके सुधार की माग कर रहे थे। इसका संज्ञान लेते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने शासन स्तर पर प्रयास किए। संबंधित मार्गों के निर्माण की स्वीकृति के लिए प्रदेश सरकार से लगातार समन्वय बनाए रहे। जिसका असर रहा कि अब सड़कों के सुदृढ़ीकरण और पुनर्निर्माण को स्वीकृति दे दी गई है।



"ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्निर्माण से न केवल किसानों और आमजन को राहत मिलेगी बल्कि लोकसभा क्षेत्र की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। डबल इंजन सरकार किसानों के कल्याण और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। – **जितिन प्रसाद**, केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद

### चारों विधानसभा क्षेत्र के लोगों को मिलेगी राहत

स्वीकृत की गई सड़कों में सदर, बरखेड़ा, पूरनपुर और बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। इन सड़कों में ईटगांव बमरौली मार्ग के सात किमी से चुर्रा फिरसा मार्ग से भूड़ा मार्ग, कल्यानपुर खास से उमरसड़ कनाकोर मार्ग, खमरिया दलेलगंज मार्ग से सुस्वार संपर्क मार्ग, हंडा से भानपुर मार्ग, जहानाबाद रिछा मार्ग से सेमरखेड़ा संपर्क मार्ग, नांद परसिया संपर्क मार्ग, बरेली –पीलीभीत मार्ग से खेड़ा मार्ग, बिलगवां रोड से देशनगर गौटिया वाया गनेशपुर गौटिया संपर्क मार्ग, कुरैया दुर्जनपुरकलां मार्ग से निजामपुर संपर्क मार्ग, खुटार सेहरामऊ मार्ग से जोगराजपुर संपर्क मार्ग, गभिया सहराई सिरसी भूड़ा गोरख डिब्बी संपर्क मार्ग, गोमती गुरुद्वारा से प्रसादपुर क्रासिंग संपर्क मार्ग, गोरा रायपुर से केसरपुर कलां संपर्क मार्ग, बिहारीपुर से ग्राम लालपुर स्कूल संपर्क मार्ग, चंदिया हजारा से कॉलोनी नंबर छह संपर्क मार्ग, जादोपुर गहलुईया से हरिपुरकलां संपर्क मार्ग आदि सड़कों का सुधार होगा।

## श्रीराम-भरत प्रसंग का किया मंचन

**बिलसंडा, अमृत विचार:** नगर में चल रहे रामलीला में कलाकारों ने मंगलवार को श्रीराम- भरत मिलाप लीला का मंचन किया। जिसमें दिखाया कि भरत अपने पिता राजा दशरथ की मृत्यु का समाचार सुनकर ननिहाल से वापस लौटते हैं। वह राम लक्ष्मण के वनवास जाने की बात को सुनकर अत्यंत दुखी होते हैं। वह प्रभु राम,सीता और लक्ष्मण को वापस लाने के लिए वन की ओर निकल पड़ते हैं। चित्रकूट में प्रभु राम से मिलकर उन्हें पिता दशरथ के देहांत का समाचार सुनाते हैं और वापस अयोध्या चलने का आग्रह करते हैं। भगवान राम अपने पिता के वचन को न तोड़ने की बात कहते हुए भरत को अपनी पादुका देकर उन्हें विदा करते हैं। भाई भरत प्रभु श्री राम की पादुका को अयोध्या राज सिंहासन पर रख देते हैं और खुद सन्यासी का जीवन व्यतीत करते हुए अयोध्या का राजपाट संभालते हैं।राम-भरत मिलाप लीला का मंचन देख दर्शक भावुक हो जाते हैं।

## जश्न-ए-साबिरे पाक परंपरागत ढंग से मनाया


कार्यक्रम में मौजूद मौलाना हसन मियां कदीरी व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** सूफी संत हजरत मखदूम अली अहमद साबिर कलयरी रह. की याद में शहर में परंपरागत तरीके से दो दिवसीय जश्न ए साबिरे पाक का आयोजन किया गया।

सोमवार रात मोहल्ला शेर मोहम्मद गुलाबी खेत में हजरत काशिफ मियां चिश्ती के मुख्य आतिथ्य और हजरत हसन मियां कदीरी की सदारत में महफिले कव्वाली हुई। जिसमें मुबीन नियाजी, जुनैद मुरली कव्वाल पार्टियों ने कलाम पेश कर समां बांध दिया। मंगलवार सुबह दस बजे कुल शरीफ हुआ। जिसमें मीलाद शरीप और कव्वाली महफिले समां हुई। दस्तार बंदी भी की गई। मुल्क की खुशहाली और अमन-चैन की दुआ की गई। संचालन मंसूर अहमद शम्सी और संयोजक दिल फिरोज अहमद फरीदी ने आभार जताया।

## गुरुनानक देव की जयंती मनाई

**पीलीभीत, अमृत विचार:** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में गुरुनानक देव की जयंती मनाई गई। छात्रों को गुरुद्वारा साहिब ले जाया गया। गुरुद्वारे के मुख्य ग्रंथी ने बच्चों को गुरुनानक जयंती के बारे में बताया। बच्चों ने गुरुद्वारे में शबद कीर्तन सुना और लंगर ग्रहण किया। गुरुद्वारा छेवी पातशाही के मुख्य ग्रंथी विद्यालय आए। उन्होंने परिसर में ही मूल मंत्र जाप, अरदास, आनंद साहिब की पंच पौरियों का पाठ किया। कक्षा 11 की छात्रा रमनप्रीत कौर, वैशान्वी और कक्षा चार की कीरत कौर ने आर नानक पार नानक शीर्षक से एक मनमोहक शब्द संग प्रस्तुत किया। कक्षा चार और कक्षा नौ के छात्रों ने गतका (सिख युद्धकला) का शानदार प्रदर्शन किया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

- डीडीओ संजय सिंह ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन मे सफल हो पाना संभव नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


अनन्ता कार्यक्रम के दौरान बालिका को सम्मानित करते सीडीओ आरके श्रीवास।

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत गांधी प्रेक्षागृह में प्रेरक महिलाओं की पहचान एवं सम्मान को समर्पित अनन्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं ने जीवन से जुड़ी प्रेरक घटनाओं की जानकारी देकर बालिकाओं को जीवन की कठिनाई से लड़कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस दौरान सीडीओ ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। 15 बालिकाओं को हाइजीन किट भी वितरित की गई।

गांधी प्रेक्षागृह में मंगलवार को हुए अनन्ता कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ आरके श्रीवास ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के उद्देश्य और होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। कहा कि अनन्ता कार्यक्रम का उद्देश्य प्रेरक महिलाओं की पहचान कर उन्हें सम्मानित करना है। सीडीओ ने कहा कि जीवन में कुछ भी असंभव नही है। हमें किसी भी प्रकार की परिस्थिति से डरना नही चाहिए। हम हमेशा आगे आने का प्रयास करें, जिससे जीवन की हर सफलता को प्राप्त कर सकें। एडीएम न्यायिक रोशनी यादव ने कहा कि यदि स्कूल या कहीं भी बाहर जाते समय हमें किसी प्रकार से परेशान किया किया जाता है तो डरने की आवश्यकता नहीं है। पहले हमें स्वयं से उस परेशानी का विरोध करना होगा, साथ ही सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों की मदद लेनी होगी। डीडीओ संजय सिंह ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन मे सफल हो पाना संभव नहीं है। शिक्षा को प्राप्त करना हमारे जीवन का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। इस दौरान आर्य कन्या इंटर कालेज की प्रधानाध्यापिका सुमन देवी एवं गायनोलॉजिस्ट डॉ. रूपल ने अपने जीवन से जुड़े प्रसंग सुनाकर बालिकाओं को जीवन की कठिनाई से लड़कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। खेल के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाली महिलाओं ने भी अपने अनुभव साक्षा किए। कार्यक्रम में सीडीओ ने आर्य कन्या इंटर कालेज की प्रधानाध्यापिका सुमन देवी, डॉ. रूपल, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष पूर्णिमा पांडेय, जेजेबी सदस्य ज्योति को स्मृति चिन्ह और खेल के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाली विभा मिश्रा, बीनू, प्रगति, विमला एवं गीता कुमारी, बीसी सखी कुसुमा देवी एवं प्रकृति विषय पर पुस्तक लिखने वाली बालिका मनन्या पांडेय को सम्मानित किया। इसके अलावा जीजीआईसी एवं आर्य कन्या इंटर कॉलेज की 15 बालिकाओं को हाइजीन किट बांटी गई। संचालन जिला मिशन कॉर्डिनेटर सुवर्णा पांडेय ने किया। इस मौके पर संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, रमनदीप कौर, निर्वान सिंह आदि मौजूद रहे।

# 4 माह बाद गूंजी ट्रेन की सीटी, लोगों में उत्साह

## मैलानी-नानपारा के बीच दौड़ीं ट्रेनें, बेलरायां, पलिया और तिकुनिया स्टेशनों पर उमड़े यात्री

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** चार महीने की लंबी प्रतीक्षा के बाद मंगलवार सुबह जब पलिया, बिलरायां और तिकुनियां आदि रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन की सीटी गूंजी तो लोगों के चेहरे खिल उठे। बड़ी संख्या में लोग रेलवे स्टेशन पहुंचे। चालक और गार्ड का माल्यार्पण कर स्वागत किया और टिकट लेकर यात्रा की।

करीब चार महीने पहले शारदा नदी के पानी का रिसाव भीरा व पलिया के बीच बोझवा के निकट रेल ट्रैक के नीचे से शुरू हो गया था। इस पर 29 जून से मैलानी और नानपारा के बीच ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था, रेलवे के अधिकारियों ने ट्रैक ठीक होने पर ट्रेनों का संचालन दोबारा शुरू करने की बात कही थी, लेकिन इस बीच रेलवे ट्रैक दुरुस्त न होने की बात कहकर संचालन को टालता रहा। इससे लोग आशंकित हो उठे। उन्हें इस बात की चिंता सताने लगी थी कि रेलवे इस रूट पर संचालन बंद करने की फिराक में है। इस पर पूरे तराई के लोग लामबंद हो गए। नया सवेरा गांजर विकास संगठन ने गांव-गांव बैठकें कर आंदोलन की रणनीति शुरू की। वहीं पलिया में ट्रेन बंद होने के विरोध में रेल चलाओ, पलिया बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक कमलेश राय के नेतृत्व में 13 दिन धरना-प्रदर्शन भी हुआ। इसके अलावा व्यापारिक व सामाजिक संगठनों ने रेल प्रशासन को ज्ञापन और पत्र भेजकर मांग की थी। तीन दिन पहले रेलवे ने इस रूट पर ट्रेनों का संचालन 04 नवंबर से शुरू करने की घोषणा की। मंगलवार को नानपारा से चलकर पहली ट्रेन सुबह करीब 10 बजे जब बेलरायां पहुची तो पहले ही मौजूद लोगों ने चालक और गार्ड का माला पहना कर स्वागत किया। ट्रेन की सीटी गूंजते ही लोग खुशी से झूम उठे। पलिया कलां की तरफ जाने वाले यात्रियों ने टिकट लेकर रेल का सफर पूरा किया।

**पलिया कलां।** पहली ट्रेन सुबह 8:30 बजे और दूसरी 9:50 बजे पलिया स्टेशन पर पहुंची। मैलानी से नानपारा जाने वाली ट्रेन जैसे ही सुबह करीब 8:30 बजे पलिया स्टेशन पहुंची, तो बड़ी संख्या में लोग स्टेशन पर स्वागत करने पहुंच गए। लोगों ने ट्रेन के चालक और गार्ड का माल्यार्पण कर मिष्ठान्न खिलाया। लोगों ने कहा कि चार माह से बंद रेल सेवा शुरू होने से अब यात्रा फिर से आसान हो गई है। इस मौके पर स्टेशन पर खूब चहल-पहल और रौनक देखने को मिली।

मैलानी-नानपारा रूट की सभी ट्रेनें बंद होने से कर दी यात्रियों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। इस दौरान आशीष पटेल, रईस अहमद, राहुल गुप्ता, विश्वकांत त्रिपाठी समेत कई लोगों ने स्वागत कार्यक्रम में भाग लिया। रेलवे स्टेशन अधीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को स्टेशन पर कुल 77 टिकट बेचे गए, जबकि कई यात्रियों ने अन्य स्टेशनों दुधवा, बेलरायां, तिकुनियां, बिछिया व नानपारा के लिए यात्रा की। यात्रियों ने कहा कि ट्रेन सेवा शुरू होने से अब समय और धन दोनों की बचत होगी।



पलिया में ट्रेन चालक और गार्ड का माल्यार्पण कर मिष्ठान्न खिलाते लोग।



चार माह बाद चली ट्रेन तो बेलरायां में टिकट विंडो पर मुसकुराते लोग। ● अमृत विचार




ट्रेन सेवा शुरू होने पर स्टेशन पर दिखी रौनक। ● अमृत विचार

### निजी वाहनों और बसों में धक्के खाने की थी मजबूरी

ट्रेन संचालन बंद हो ने मैलानी-नानपारा मार्ग पर यात्रियों को बसों और निजी वाहनों से धक्के खाते हुए सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा था। इससे उन्हें कई गुना अधिक किराया भी देना पड़ता था। मैलानी से पलिया तक रेल का किराया 10 रुपये तो बस का किराया 55 रुपये है। यही नहीं पलिया से आगे जाने वालों को अधिक किराए के साथ ही अनेक परिशानियां झेलनी पड़ रहीं थीं। अब ट्रेन चली तो यात्रियों के चेहरों पर खुशी नजर आई।

## न्यूज ब्रीफ

### कार की टक्कर से किशोरी ने दम तोड़ा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना पढुआ क्षेत्र के गांव बोकरिया निवासी मिथिलेश कुमार सोमवार को अपने बेटे का मुंडन कराने ट्रैक्टर-ट्रॉली से टेढ़ेनाथ मंदिर गए थे। वापस आते समय लिलौटीनाथ मंदिर के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली रोक दी। लोग उतरकर सड़क के दूसरी तरफ स्थित होटल पर चाय और खाने का सामान खरीदने लगे। इसी बीच होटल से सामान लेकर ट्राली की ओर सड़क पार कर जा रही शैलेन्द्र की 12 वर्षीय बेटी आंचल को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, इससे वह घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने आंचल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया है।

### हादसे में महिला की मौत, बेटा-बहू घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फरधान क्षेत्र के नयागांव कैमहरा निवासी श्याम सुंदर की 55 वर्षीय पत्नी करूणा शुक्ला सोमवार को अपने बेटे शिवेन्द्र और बहू के साथ बाइक से पढुआ थाना क्षेत्र के गांव जम्हौरा स्थित अपनी ससुराल जा रही थी। बताते हैं कि शिवेन्द्र ढखेरवा चौराहे से थोड़ी दूर आगे पहुंचा था। अचानक सड़क पर आवारा जानवरों को बचाने के चक्कर में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में करूणा की मौत हो गई, जबकि बेटा और बहू घायल हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया। घायल बेटे और बहू का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना भीरा क्षेत्र के गांव मलूकापुर निवासी राम कुमार के 33 वर्षीय बेटे प्रदीप ने अज्ञात कारणों के चलते सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन प्रदीप को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### ट्रेन से कटकर युवक की गई जान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खीरी क्षेत्र के गांव बांसताली निवासी धनीराम का 24 वर्षीय बेटा विजय सोमवार की दोपहर जरूरी काम से घर से निकला था। बताते हैं वह रेलवे ट्रैक पर जा रहा था। इसी बीच आई ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है।

# डीटीआर में छोड़ा गया धौरहरा में कैद तेंदुआ

संवाददाता, पलिया कलां

● पिंजड़े से मुक्त होते ही लगाई दौड़ और फिर झाड़ियों में जा छिपा

**अमृत विचार:** धौरहरा वन रेंज क्षेत्र के गांव जुनुनापुर में वन विभाग द्वारा रेस्क्यू कर पिंजड़े में कैद किया गया तेंदुआ दुधवा नेशनल पार्क की बनकटी -गौरीफंटा रेंज सीमा पर स्थित घने जंगल में छोड़ा गया।

सोमवार की सुबह धौरहरा के गांव जुनुनापुर में अचानक पहुंचे तेंदुए को देखकर ग्रामीण दहशत में आ गए थे। मौके पर पहुंचे धौरहरा वन रेंज के वन कर्मियों ने रेस्क्यू कर किसी तरह पिंजड़े में कैद किया। वन रेंज लाकर पशु चिकित्सकों से उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। स्वस्थ और प्राकृतवास में अवमुक्त किए जाने लायक मिलने पर उच्च वनाधिकारियों के आदेश पर तेंदुए को पिंजड़ा सहित दुधवा लाया गया, जहां टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक जगदीश आर एवं गौरीफंटा व बनकटी रेंज ऑफिसर सहित कई वनकर्मियों की मौजूदगी में उसे गौरीफंटा- बनकटी रेंज की सीमा वाले सघन जंगल में छोड़ दिया गया। पिंजड़े से मुक्त हुआ तेंदुआ आनन- फानन में जंगल की घनी झाड़ियों में दौड़ लगाकर जा छिपा।

### तेंदुआ पकड़ने के लिए लगाया पिंजड़ा

फरधान, अमृत विचार : शारदा नगर वन रेंज की देवकली बीट में दो दिनों से चहलकदमी कर रहे बाघ को पकड़ने के लिए वनकर्मियों ने हरिहरपुर के पास रीढू सिंह के गन्ने के खेत में पिंजड़ा लगाया है, जिसमें एक बकरी बांधी गई है। वनरक्षक विकास सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर सोमवार को भी मौके पर पहुंचकर पगचिन्ह देख कर तेंदुआ होने की पुष्टि हुई थी। मंगलवार को सुबह ग्रामीणों ने फिर गन्ना सेंटर के पास तेंदुआ देखा गया था। ग्रामीणों को अभी खेतों में जाने के लिए मना किया गया है। जब भी खेतों की तरफ जाए गोला पटाखे पहले दगाएं और शोर मचाएं। क्षेत्र में तेंदुआ देखें जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

### गोवंश का मिला शव, बाघ के पगचिह्न देख दहशत

**बिलहरी, अमृत विचार :** महेशपुर रेंज की बिलहरी वीट के गांव मूड़ा अस्सी में प्रह्लाद सिंह के खेत में गन्ने की छिलाई करने गये ग्रामीणों ने एक मृत गोवंश का अधखाया शव देखा। इससे अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन दरोगा अजीत सिंह, वाचर सचिन वर्मा, रोहित सिह, बाघ मित्र अरविंद कश्यप ने गोवंशीय के शव और बाघ के पग चिह्न देखकर बाघ होने की पुष्टि की और ग्रामीणों को सचेत किया। वन दरोगा अजीत सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया गौवंशीय शव कई दिन पुराना लग रहा है। बाघ के पगचिह्न भी स्पष्ट रूप से नहीं दिख रहे थे, लेकिन ग्रामीणां की सुरक्षा के दृष्टिगत क्षेत्र में गशत कराई जा रही है।

# दो दुकानों पर छापा, 653 पीस नकली क्रीम व पाउडर बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● कॉस्मेटिक कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार:** शहर में मंगलवार को पुलिस व कंपनी प्रतिनिधि की संयुक्त टीम ने दो दुकानों पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में नकली कॉस्मेटिक उत्पाद बरामद किए। 653 पीस फर्जी बीबी प्लस क्रीम और टेल्क पाउडर जब्त किए। दोनों दुकानदारों पर कंपनी के कानूनी प्रतिनिध की तहरीर पर कॉपीराइट एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बंगलुरू स्थित केबिन केयर प्राइवेट लिमिटेड की कानूनी प्रतिनिधि नयनतारा डेमी ने बताया कि वह शहर में सर्वे करने लखीमपुर शहर आईं थी। उन्हें जानकारी मिली कि शहर में कंपनी की स्पिन्ज बीबी क्रीम और रागा डिटेन क्रीम की नकल कर नकली ब्रांड फेयर फॉर यू बीबी प्लस और फेयर फॉरएवर बीबी प्लस के नाम से उत्पाद बेचे जा रहे हैं।

उन्होंने कोतवाली सदर पुलिस की टीम उपनिरीक्षक स्नेहा मौर्य व अन्य कर्मियों के साथ बक्सा मार्केट स्थित राना जनरल सव गुरुद्वारा रोड स्थित मोहम्मद आजम स्टोर पर छापा मारा। तलाशी में राना जनरल स्टोर से 76 पीस और मोहम्मद आजम स्टोर से 577 पीस नकली क्रीम व टेल्क पाउडर बरामद हुआ। बरामद माल का नमूना सील कर कब्जे में लिया गया। पुलिस ने दुकानदार फिरोज हैदर व मोहम्मद सत्तार को कॉपीराइट एक्ट 1957 की धारा 63 व डिजाइन एक्ट 2000 के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। शहर कोतवाल राजेश कुमार ने बताया कि जांच की जिम्मेदारी एसआई उमाशंकर को सौंपी गई है।

# मतदाता गणना प्रपत्र वितरण अभियान शुरू

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** जानपद की आठों विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य की औपचारिक रूप से शुरुआत मंगलवार को कर दी गई है। सहायक निर्वाचन अधिकारी तौसीफ ने बताया कि मंगलवार को गणना प्रपत्र का वितरण किया गया है। मतगणना प्रपत्र सभी बूथ लेविल अधिकारियों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। विधानसभा स्तर पर सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी एक-एक मतदेय स्थल पर उपस्थित रहकर बूथ लेविल अधिकारी की कार्रवाई का पर्यवेक्षण कर रहे हैं।

# पागल कुत्ते के हमले में महिला समेत आठ लोग घायल

संवाददाता, मझगईं

● घायल आंगनबाड़ी सहायिका की हालत गंभीर

● तीन बकरियां और दो भैंसें भी हो गईं लहूलुहान

**अमृत विचार:** मंगलवार सुबह थाना क्षेत्र के छेदुई पतिया गांव में एक पागल कुत्ते ने आतंक मचा दिया। कुत्ते के हमले में दो लोगों को गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद वह मोतीपुरवा गांव पहुंचा और छह से अधिक ग्रामीणों और कई पशुओं को भी घायल कर गया। घटना से दोनों गांवों में दहशत का माहौल है।

छेदुई पतिया निवासी मुस्तफा अली बाजार से घर लौट रहे थे, तभी घर के बाहर अचानक एक पागल कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया। कुत्ते ने उनके हाथ और कूल्हे समेत शरीर के कई हिस्सों को बुरी तरह नोच डाला। शोर मचने पर ग्रामीणों ने किसी तरह उन्हें बचाया। इसी दौरान मोतीपुरवा निवासी आंगनबाड़ी सहायिका सियापति भी केंद्र जा रही थीं। रास्ते में उसी कुत्ते ने उन पर झपट्टा मारकर दाहिने गाल पर गंभीर घाव कर दिया।



घायल सियापति।

इसके बाद वही कुत्ता मोतीपुरवा गांव में घुस गया और वहां रौनक (4), कुसुमा देवी (45), संतराम (30), रूबी (5), छोटू (4), बाबू (5), ज्योति (25) सहित कई लोगों को काट लिया। कुत्ते ने तीन बकरियों और दो भैंसों को भी घायल कर दिया। अचानक हुए हमले से गांव में भगदड़ मच गई। सभी घायलों को निघासन सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं, आंगनबाड़ी सहायिका सियापति की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गांव में अब भी पागल कुत्ते के घूमने से लोग दहशत में हैं।

ग्रामीण बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं और लाठी-डंडा लेकर पहरा दे रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से पागल कुत्ते को पकड़ने और गांव में सुरक्षा इंतजाम की मांग की है।



लाठी डंडा लेकर ग्रामीण कर रहे निगरानी। ● अमृत विचार

# मकान पर कब्जे के विवाद में दो लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमले में आईं गंभीर चोटें

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला पटेल नगर बरखेरवा में मकान पर कब्जे के प्रयास को लेकर जमकर मारपीट हो गई। घटना में मकान मालिक अजीत कुमार वर्मा और उनके दोनों पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस घायलों को जिला अस्पताल भेजा है।

पटेल नगर निवासी अजीत कुमार वर्मा ने बताया कि रविवार रात करीब 10:35 बजे उनके किराएदार आलोक त्रिपाठी का फोन आया। किरायेदार ने बताया कि एक व्यक्ति अपने साथियों के साथ जबरन उनके मकान में घुसने का प्रयास कर रहा है। सूचना पाकर वह अपने पुत्र आयुष, आशुतोष और पत्नी के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि मोहल्ले का ही आलोक वर्मा अपने तीन-चार साथियों के साथ घर का गेट तोड़ने की कोशिश कर रहा था। मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

इसी दौरान उनकी पत्नी का मंगलसूत्र भी गिर गया। हमले में उनके पुत्रों के सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंची तो आरोपी दो बुलेट सहित भाग निकले। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई विकास कुमार को सौंपी है।

# कबड्डी में फरिया पिपरिया प्रथम, हैरमखेड़ा को द्वितीय स्थान

**मैगलगंज, अमृत विचार:** न्याय पंचायत स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता बाईकुआं न्याय पंचायत के बाईकुआं विद्यालय में आयोजित की गई, जिसमें न्याय पंचायत के सभी विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कबड्डी, लंबी कूद, ऊंची कूद, दौड़, गोला फेंक इत्यादि प्रतियोगिताएं हुईं।

कबड्डी में उच्च प्राथमिक विद्यालय फरिया पिपरिया पहले और हैरम खेड़ा दूसरे स्थान पर रहा। वही लंबी कूद में पिंटू, दौड़ में रवि को प्रथम स्थान मिला। ऊंची कूद में पिंटू पहले स्थान पर रहे। इस दौरान बीईओ पसगवां संजीव कुमार भारती, संकुल शिक्षक वेद प्रकाश शुक्ला, सुनीत अग्निहोत्री, विजय विकास वर्मा, सिम्मी गुप्ता आदि रहे। खेल अनुदेशक प्रदीप पांडेय की देखरेख में प्रतियोगिताएं हुईं। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

# डिप्टी सीएमओ ने बच्चों व वृद्धजनों के स्वास्थ्य की ली जानकारी

संवाददाता, लखीमपुर-खीरी

**अमृत विचार:** डिप्टी सीएमओ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित सिंह ने मंगलवार को राजकीय दत्तक ग्रहण अभिकरण आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान आश्रम में तीन अनाथ बालिकाएं तीन माह की परिणीति, दो माह की दिव्या कृति और दो माह की रुद्रांशी भर्ती पाई गईं।

एसीएमओ डॉ. अमित सिंह ने सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। आश्रय गृह की अधीक्षक अनुप्रिया बाथम ने बताया कि सभी बच्चों की देखभाल स्टाफ द्वारा पूरी जिम्मेदारी से की जा रही है। डॉ. अमित सिंह ने बताया कि सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता के निर्देशानुसार अनाथ बच्चों की स्वास्थ्य जांच हेतु समय-समय पर चिकित्सक दल को आश्रम भेजा जाता है। यह निरीक्षण भी उन्हीं निर्देशों के क्रम में किया गया ताकि बच्चों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

निरीक्षण के बाद डॉ. सिंह ने सलेमपुर कोन स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण किया, जहां उन्होंने वृद्धजनों का हालचाल लिया और उनकी आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वृद्धाश्रम में नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान काउंसलर देव नंदन श्रीवास्तव भी उनके साथ मौजूद रहे।



बच्चे के स्वास्थ्य की जानकारी लेते एसीएमओ डॉ. अमित सिंह। ● अमृत विचार

● एसीएमओ ने किया राजकीय दत्तक ग्रहण अभिकरण और वृद्धाश्रम का निरीक्षण

# गर्भवती के साथ मारपीट गर्भस्थ शिशु की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● विवाह समारोह में विवाद के बाद घर में घुसकर किया हमला

**अमृत विचार:** थाना पलिया क्षेत्र के गांव मुसाफिर नगर पटिहन में शादी समारोह के दौरान कहासुनी के बाद हुए विवाद ने सोमवार को गंभीर रूप ले लिया। दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट की, जिसमें गर्भवती महिला के पेट पर लात लगने से गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी रमाशंकर ने कोतवाली बताया कि दो नवंबर को उनके भाई विजय शंकर के विवाह समारोह के दौरान गांव के सचिन, रवि, राजू, राज, विशाल, मीना देवी, उषा और विपिन उर्फ कम्पू ने समारोह में पहुंचकर गाली-गलौज व मारपीट की कोशिश की। यूपी 112 पुलिस ने किसी तरह विवाह संपन्न कराया। रमाशंकर के अनुसार अगले दिन यानी 3 नवंबर दोपहर करीब दो बजे वही सभी आरोपी उनके घर में घुस आए और महिलाओं को बाल पकड़कर बाहर खींच लिया।

जातिसूचक गालियां दीं और उनकी गर्भवती पुत्री पूनम के पेट में लात मार दी, जिससे उसे गंभीर चोट आईं। इलाज के लिए जब उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने बताया कि गर्भ में पल रहा बच्चा मृत हो गया है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी अस्पताल तक पीछा करते हुए पहुंचे और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ पलिया को जांच सौंपी है।

# ईएमटी को सिखा गया बेहतर सेवा देना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● दो दिवसीय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान में 102/108 एंबुलेंस सेवाओं से जुड़े इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) का दो दिवसीय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें लखीमपुर-खीरी, शाहजहांपुर और हरदोई जनपदों के ईएमटी प्रतिभाग कर रहे हैं।

यह रिफ्रेशर ट्रेनिंग पूरे नवंबर माह तक चरणबद्ध रूप में चलेगी, जिसके तहत कुल 105 ईएमटी अपने पूर्व ज्ञान और कौशल को अपडेट करेंगे ताकि वे आपात स्थितियों में अपने प्रदर्शन को और अधिक प्रभावी बना सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएचसी फरधान के अधीक्षक डॉ. अमित वाजपेयी ने किया।

उन्होंने ईएमटी कर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने और मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण सेवा देने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन लखनऊ से आए ट्रेनर शैलेंद्र कुमार सिंह और पुनीत कुमार सिंह कर रहे हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को प्री-हॉस्पिटल केयर की बारीकियों जैसे मरीज को ऑक्सीजन देना, नेबुलाइजेशन, गोल्डन आवर के भीतर अस्पताल पहुंचाना तथा एंबुलेंस में उपलब्ध मेडिकल उपकरणों का सही उपयोग करना आदि सिखाया गया।

कार्यक्रम में 102/108 के क्षेत्रीय प्रबंधक सुमित कुमार दुबे ने भी अपने अनुभव साझा किए। ईएमटी कर्मियों को सेवा गुणवत्ता और कार्यक्षमता में सुधार के लिए सुझाव दिए। इस मौके पर जिला प्रोग्राम मैनेजर कैलाश बिष्ट एवं ईएमई अली अब्बास भी मौजूद रहे।

# रिटेनिंगवॉल पर स्टील फ्रेमिंग का कार्य आरंभ

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। मुख्य प्रवेश द्वार के निकट बनी रिटेनिंग वॉल पर स्टील फ्रेमिंग का कार्य शुरू करा दिया गया है, जिसमें लाल पत्थर लगवाए जाएंगे और बीच में स्टोन पिलर लगाए जाएंगे, जिससे परिसर की सुंदरता और भव्यता बढ़ेगी।

शिव मंदिर कॉरिडोर निर्माण कार्य में मंगलवार को पौराणिक शिव मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग पर बनाई गई रिटेनिंग वॉल पर स्टील फ्रेमिंग का कार्य शुरू कराया गया, जिसमें लाल पत्थर लगाए जाएंगे। यूपीपीसीएल की कार्यदाई संस्था के जेई नितिन सिंह के अनुसार रिटेनिंग वॉल की सुंदरता और मजबूती बढ़ाने के लिए स्टील फ्रेमिंग कर एक मजबूत ढांचा बनाया जाएगा ताकि यह पत्थर के वजन को सहारा दे सके। लाल पत्थर की खेप आ चुकी है, जिनको फ्रेम पर लगवाया जाएगा, जिससे रिटनिंग वाल की सुंदरता के साथ ही मजबूती भी बढ़ेगी। रिटेनिंग वॉल के उच्चीकरण का अंतिम कार्य भी शुरू करा दिया गया है।



गोला में रिटेनिंगवॉल पर स्टील फ्रेमिंग करते श्रमिक।



गोला में गोकर्ण तीर्थ के दक्षिण बनाई जा रही दीवार। ● अमृत विचार

### गोकर्ण तीर्थ के दक्षिण बनी दीवार गिराई

गोकर्ण तीर्थ के दक्षिण बन रही तीन मंजिला यात्री विश्राम शेड की सीढ़ियों के पश्चिम बनाई गई प्लेटफार्म की दीवार सोमवार शाम गिरा दी गई। मंगलवार को नए सिरे से दीवार बनवाई जाना शुरू कराया गया। जेई नितिन सिंह ने बताया कि यह दीवार टेंपरेरी बनाई गई थी, जो डिजाइन में भी नहीं थी। छठ पर्व को लेकर तीर्थ में भरे गए स्वच्छ जल में इसका मलवा न फैले इसलिए उस समय नहीं गिराई गई। अब गोकर्ण तीर्थ से पानी भी निकाला जा रहा है। इसलिए दीवार गिरवाकर कॉरिडोर के नक्शे के हिसाब से नए सिरे से दीवाल बनवाई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानाचार्य पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**भानपुर, अमृत विचार:** थाना भीरा क्षेत्र की एक कक्षा नौ की छात्रा ने अपने स्कूल के प्रधानाचार्य पर छेड़छाड़ और मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। छात्रा की मां ने आरोपी प्रधानाचार्य के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। आरोप है कि उनकी 16 वर्षीय बेटी को चार महीने से प्रधानाचार्य परेशान कर रहे थे। गलत आरोप लगाकर ब्लैकमेल करते थे और इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर भी उसे तंग करते थे। कॉलेज बुलाकर छात्रा से छेड़छाड़ भी की। प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है। जांच की जा रही है।

### श्री द्वारकाधीश मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** नगर के अलीगंज रोड स्थित श्रीराधा कृष्ण उर्फ द्वारिकाधीश मंदिर की मरम्मत कराकर सौंदर्यीकरण किए जाने को लेकर बैठक की गई। श्रीराधा कृष्ण मंदिर के सर्वाकार महंत दिव्यानंद गिरि की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में मंदिर की मरम्मत, सौंदर्यीकरण का कार्य कराए जाने की चर्चा की गई। बैठक में मौजूद समाधान दीक्षित, झान्नू, लालू, डॉ. प्रमोद दीक्षित, राजीव, रवेंद्र सिंह, संजय सिंह, मोहन गिरि, श्याम प्रकाश, चिंटू आदि ने मंदिर के सौंदर्यीकरण में सहयोग करने की बात कही। महंत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### छह-सात नवंबर को बाधित रहेगी बिजली

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** विद्युत वितरण उप खंड तृतीय के एसडीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र रेहरिया पर 33 केवी लाइन पर जर्जर तार बदलने और अनुरक्षण कार्य हेतु छह और सात नवंबर को प्रातः 10 बजे से सायं छह बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपभोक्ता इस अवधि से पूर्व पानी आदि की व्यवस्था कर लें।

### महरताला में दुर्गा मंदिर पर भंडारा आज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** महरताला हाउस के देवेंद्र सिंह भदौरिया एडवोकेट ने बताया कि उनके गांव महरताला में दुर्गा मंदिर पर पांच नवंबर को सुबह 11 बजे से भंडारा होगा।

# राजेंद्र गिरि एकेडमी 6-4 से अंडर-17 बास्केटबॉल चैंपियन

## गोला खेल महोत्सवः अंडर-19 में बैचलर ऑफ बास्केटबॉल गोला 8-7 से चैंपियन, दर्शक दीर्घा में बड़ी संख्या में मौजूद रहे खेल प्रेमी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला के चिल्ड्रेन्स एकेडमी में बास्केटबॉल खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार



बास्केटबॉल के खिलाड़ियों के साथ अतिथि और आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्वच्छ भारत नगरीय के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित युवा शक्ति का उत्सव गोला खेल महोत्सव के चौथे दिन बास्केटबॉल प्रतियोगिता कराई गयी।

बांकेगंज रोड स्थित चिल्ड्रेन्स एकेडमी के मैदान में मुख्य अतिथि विद्यालय के एमडी सतीश गुप्ता, विशिष्ट अतिथि व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष राममोहन सोनी, श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, अभिषेक राजपूत, मयंक माहेश्वरी, नवनीत श्रीवास्तव, दिनेश गुप्ता, राहुल गुप्ता, संदीप राजपूत, आयुष गुप्ता, गोला टूरिज्म के अध्यक्ष विनायक श्रीवास्तव, महामंत्री प्रेम गुप्ता, अवनीश प्रजापति एवं गोला खेल महोत्सव के संयोजक श्याममूर्ति शुक्ला, पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने दीप प्रज्वलित कर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आरंभ किया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि गोला खेल महोत्सव नगर की प्रतिभाओं को प्रतिभा प्रदर्शन का उचित माध्यम है।

मुख्य अतिथि चिल्ड्रेन्स एकेडमी के एमडी सतीश गुप्ता ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बास्केटबॉल स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है। बास्केटबॉल एक बेहतरीन कार्डियो व्यायाम है, जो हृदय को मजबूत बनाता है। अतिथियों ने बास्केटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर पहला मैच अंडर 17 चिल्ड्रेन्स अकादमी और सेंट जॉन्स के मध्य प्रारंभ कराया। इसमें चिल्ड्रेन्स एकेडमी 24-4 से विजयी रही। इस मैच के रेफरी पुनीत गुप्ता और कादिर अहमद रहे।

दूसरा मैच कृषक समाज इंटर कॉलेज और राजेंद्र गिरि एकेडमी गोला के मध्य खेला गया, जिसमें राजेंद्र गिरि एकेडमी 5-2 से विजयी रही। इस मैच के रेफरी अतुल गुप्ता और ऐश्वर्या प्रताप सिंह रहे। तीसरा मैच अंडर 19 बैचलर ऑफ बास्केटबॉल क्लब और चिल्ड्रेन्स एकेडमी के मध्य हुआ, जिसमे बैचलर ऑफ बास्केटबॉल क्लब ने 42-2 से विजय प्राप्त की। इस मैच के रेफरी पुनीत गुप्ता और कादिर अहमद रहे। चौथा मैच अंडर 17 चिल्ड्रेन्स एकेडमी रेड और चिल्ड्रेन्स एकेडमी ब्लू के मध्य हुआ, जिसमे चिल्ड्रेन्स एकेडमी ब्लू ने 6-2 से विजय प्राप्त की। पांचवा मैच अंडर 17 फाइनल मैच चिल्ड्रेन्स एकेडमी और राजेंद्र गिरि एकेडमी के मध्य हुआ, जिसमें राजेंद्र गिरि एकेडमी 6-4 से विजयी रही। अंडर 19 फाइनल मैच बैचलर ऑफ़ बास्केटबॉल और सेंट जॉन्स के मध्य हुआ, जिसमें बैचलर ऑफ़ बास्केटबॉल गोला 8-7 से विजयी हुई। टेक्निकल टेबल पर राजर्षि शुक्ला, विमलेश कुमार, निशांत कुमार रहे। चिल्ड्रेन्स एकेडमी के डायरेक्टर अनुभव गुप्ता, पूर्व सैनिक राजराजेश्वर सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, लेखाकार मोहित अवस्थी, विमलेश वर्मा, अंकित गुप्ता, अवधेश कुमार, मनोज बाथम, हिमांशु सिंह तोमर सहित अनेक खेलप्रेमी मौजूद रहे।

**गोला खेल महोत्सव में आज**

नगर पालिका परिषद द्वारा कराये जा रहे गोला खेल महोत्सव में श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज में खो खो प्रतियोगिता सुबह नौ बजे से।

## पर्यावरण मित्र समूह ने लगाए ट्री गार्ड

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** धरती को सजाने और हरियाली बढ़ाने के संकल्प के साथ पर्यावरण मित्र समूह ने मंगलवार को सेठ घाट पर चम्पा, चांदनी, कनेर, हरसिंगार जैसे पुष्प वाले पौधे रोपित किए गए। पौधों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक पौधे पर ट्री गार्ड और सपोर्ट भी लगाए गए। समूह ने जनभावनाओं, मंदिरों और घाटों की सुंदरता बनाए रखने तथा पूजा-अर्चना हेतु फूलों की सतत उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए यह पहल की। पौधरोपण कार्यक्रम में पर्यावरण मित्र समूह के संयोजक विशाल सेठ, मीडिया प्रभारी राम मोहन गुप्त सहित कई नागरिक मौजूद रहे। सभी से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की गई। पर्यावरण मित्र समूह एवं कोर कमेटी का प्रत्येक सदस्य लखीमपुर नगर व आसपास हरियाली अभियान चला रहा है। समूह ने पूर्व में लोक भारती के हरी शंकरी पौधरोपण अभियान में सहभागिता निभाई। देव दीपावली और छठ पूजा जैसे आयोजनों में भी योगदान दिया, जहां अन्य संगठनों के साथ मिलकर सेल्फी प्वॉइंट स्थापित कर जन जागरुकता बढ़ाई गई।

# खेलकूद में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



लक्ष्मीपुर स्कूल में खेलकूद का अवलोकन करते अतिथि और शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** ब्लॉक बांकेगंज के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय लक्ष्मीपुर (खुटार) में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

न्याय पंचायत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लेकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई बांकेगंज के अध्यक्ष आशुतोष गिरि, प्रधानाध्यापक/मंत्री विपिन वर्मा, एआरपी हेमंत यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

● **पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय लक्ष्मीपुर खुटार की टीम रही विजेता**

मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के सर्वांगीण विकास को बल मिलता है। खो खो प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय लक्ष्मीपुर खुटार की टीम विजेता रही। कबड्डी प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर फुलिया की टीम ने बालक एवं बालिका वर्ग दोनों में विजय प्राप्त की। दौड़, रस्साकशी, लंबी कूद, छोटी कूद, कुर्सी आदि में बच्चों में उत्साह दिखा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी समां बांध दिया। प्रतियोगिता में अभिनव वाजपेयी, गौरव शुक्ला, प्रदीप कुमार, विनय शुक्ला, अभिनव वर्मा, अरविंद मिश्रा, सुभाष सक्सेना आदि का विशेष सहयोग रहा।

## शादी का झांसा देकर किशोरी का कराया गर्भपात

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी से शादी का झांसा देकर गर्भपात कराने का आरोप गांव के ही युवक पर है। पुलिस ने भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना फूलबेहड़ के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि आरोपी युवक का घर उसके घर के सामने है।

वह किशोरी से शादी की बात करता था। इसी बीच उसने किशोरी से शारीरिक संबंध बनाए। जब किशोरी गर्भवती हुई तो युवक और उसके घर वालों ने शादी से इंकार कर गर्भपात की दवा खिला दी। सोमवार को किशोरी का गर्भपात हो गया। किशोरी का इलाज चल रहा है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

# संविलियन विद्यालय बनवीरपुर जीता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत करते ग्राम प्रधान आशिक अली।


**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों में हर वर्ष आयोजित होने वाली क्रीड़ा प्रतियोगिताओं की शृंखला में न्याय पंचायत गुलरिया पत्थरशाह की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय बदालपुरवा परिसर में किया गया। प्रतियोगिता में इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संविलियन विद्यालय बनवीरपुर ने जीत हासिल की और एक बार फिर न्याय पंचायत स्तर पर अपना परचम लहराया।

कार्यक्रम का आयोजन खेल अनुदेशक मयंक मिश्र, गुरदयाल सिंह, अजयपाल और कमल किशोर के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके बाद आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण और बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया।

● **ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे विजेता**

इस अवसर पर ग्राम प्रधान आशिक अली, पूर्व एआरपी मधुरेश शुक्ल, शिक्षक संकुल सुधांशु पंत, जितेंद्र कुमार, शरद प्रकाश गुप्ता, अभिषेक बाजपेई, प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित कटियार, रजनीश वर्मा, ममता वर्मा, विनोद खन्ना, राजपाल, शिवाश्रय यादव, अमित कुमार, उमेश कुमार गुप्ता, विनय प्रताप सिंह, अभिषेक सचान सहित अनेक शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन जितेंद्र कुमार व अभिषेक वाजपेयी ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी अब ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## छह माह से लीकेज पाइप बना परेशानी का सबब



नौगवां बम्हनपुर मार्ग पर पाइप लीकेज से भरा पानी और बना गड्ढा। ● अमृत विचार

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचार:** निघासन विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत दौलतापुर में नौगवा-बम्हनपुर सड़क पर छह माह से पानी की टंकी का पाइप लीकेज है। इससे सड़क के बीच गहरा गड्ढा बन गया है, जिसमें पानी भरा रहता है। इसके कारण राहगीर और बाइक सवार आए दिन फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर जमा पानी और गड्ढे के कारण अब तक कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। वहीं लंबे समय से पानी ठहरने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और संक्रमित बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

● **दौलतापुर-बम्हनपुर सड़क पर जल भराव, हादसों का बढ़ा खतरा**

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान और संबंधित विभाग के कर्मचारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

दौलतापुर ग्राम पंचायत के अन्य गांवों में भी पाइप लीकेज समस्या हैं, जिससे लोगों में नाराजगी है। ग्राम प्रधान दीपक जायसवाल ने बताया कि सूचना मिलते ही टंकी बंद करा दी है और संबंधित विभाग को अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही लीकेज ठीक करा दिया जाएगा।

# श्रीकृष्ण ने कालिया के फन पर किया नृत्य

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला में श्रीमद्भागवत कथा सनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** श्रीमद् भागवत कथा में कथाव्यास में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए सुनाया कि बालपन में श्रीकृष्ण ने बकासुर, सकटासुर आदि राक्षसों का वध कर कालिया नाग को वश में कर उसके फन पर नृत्य कर उसे वहां से भगा दिया।



नरोत्तम शास्त्री।

नगर के नीलकंठ मैदान में हो रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन वृंदावन धाम के कथा व्यास नरोत्तम शास्त्री ने सुनाया कि अत्याचारी कंस ने बाल रूप कृष्ण का वध करने के लिए पूतना नामक राक्षसी को भेजा, जिसने एक सुंदर स्त्री का भेष धर विषैला दूध पिलाने की कोशिश की, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उसका वध कर दिया। बगुले के भेष में आए बकासुर राक्षस को मारा। कालिया नाग के प्रभाव से यमुना नदी का जल विषैला हो गया था, जिससे सभी जीव जंतुओं को कष्ट हो रहा था।

● **श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग**

बाल रूप में श्रीकृष्ण गेंद खेलते समय यमुना नदी में कूद गए और कालिया नाग से युद्ध कर उसके फन पर नृत्य किया और उसे पराजित कर विषैला प्रभाव समाप्त किया, जिससे यमुना नदी पुनः शुद्ध हो गई। कथा के विराम पर मुख्य यजमान अमित गुप्ता सप्तनीक, अजय तिवारी, रजनी तिवारी, पंडित मुनेंद्र शुक्ला ने भागवत भगवान की आरती की और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। श्रीराम वाजपेयी, दिनेश तिवारी, राजेश वाजपेयी, राजेश दीक्षित, श्रेष्ठ, आदेश कुमार दीक्षित, विजय वाजपेयी, श्रेया दीक्षित, नीलम कश्यप, मधु, उषा, पूजा पांडे आदि मौजूद रहीं।

## शारदा के तट पर आज उमड़ेगा आस्था का सैलाब

**पलियाकलां, अमृत विचार:** शारदा नदी के तट पर बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर आस्था का विशाल सैलाब उमड़ने की उम्मीद है। मेला स्थल पर दुकानदार अपनी दुकानें सजाने में जुट गए हैं। झूले, झूला संचालक और मनोरंजन स्टॉल लगाने वालों ने भी अपने प्रबंध पूरे कर लिए हैं। कई श्रद्धालुओं ने तट पर आज से ही डेरा जमा लिया है।

इस दौरान श्रीकुल सेवा संस्थान पलियाकलां ने 28 अक्टूबर से जारी महाचंडी यज्ञ में यजमानों ने आज भी आहुतियां अर्पित कीं। पंडाल में श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ भी आरंभ हो गया है। कार्यक्रम की पूर्णाहुति के उपरांत विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा और शाम को देव दीपावली मनाई जाएगी। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता तैयारियां की हैं। मेला परिसर में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है, जबकि कल एनडीआरएफ टीम व अग्निशमन विभाग के जवान भी मौजूद रहेंगे।

# कल निकलेगी गायत्री परिवार की नारी गौरव मंगल यात्रा



मीरपुर रसौरा तिराहे पर तैयार गायत्री परिवार का विराट नारी उत्कर्ष समारोह स्थल।

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित विराट नारी उत्कर्ष समारोह का आरंभ गुरुवार 6 नवंबर को नारी गौरव मंगल यात्रा के साथ होगा।

मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया कि नारी गौरव मंगल यात्रा का आरंभ श्रीराम वाटिका मैदान, मीरपुर रसौरा तिराहा रामापुर रोड से सुबह 10 बजे किया जाएगा। यात्रा नगर भ्रमण करते हुए पुनः आयोजन स्थल पर पहुंचकर संपन्न होगी। वरिष्ठ परिजन मान सिंह ने बताया कि आयोजन स्थल पर सभी तैयारियां तेजी से हो रही हैं। प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ प्रतिनिधि जय प्रकाश वर्मा ने बताया कि बुधवार शाम से विभिन्न जनपदों से महिलाएं प्रशिक्षण हेतु लखीमपुर पहुंचेंगी। विराट नारी उत्कर्ष समारोह में लगभग एक हजार महिलाओं के देव परिवार निर्माण प्रशिक्षण की आवासीय व्यवस्था की गई है। आयोजन को लेकर गायत्री परिवार के सभी सदस्य उत्साह और श्रद्धा से तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# गुरु नानक जयंती पर निकाली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



शहर में निकाली जा रही नगर कीर्तन शोभायात्रा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** श्री गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को श्री निर्मल आश्रम सेठ घाट रोड से श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी के साथ भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। यह नगर कीर्तन दोपहर 1 बजे आरंभ किया गया। कार्यक्रम निर्मल आश्रम संत नानक सिंह समिति की ओर से महंत लक्ष्मण सिंह शास्त्री की देखरेख में संपन्न हुआ।

नगर कीर्तन में ट्रैक्टर-ट्रालियों और चार पहिया वाहनों का जुलूस शामिल रहा। गुरु नानक इंटर कॉलेज, गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज, गुरु नानक डिग्री कॉलेज, महंत हरि सिंह निर्मल पब्लिक स्कूल, तथा नवभारत पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी और शिक्षक शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे।

● **गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के पीछे महिला और पुरुष संगत कर रहे थे गुरु वाणी का बखान**

गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के पीछे माताएं और पुरुष श्रद्धालु गुरु वाणी के शब्द-कीर्तन गाते हुए चल रहे थे।

इस दौरान प्रमुख रूप से सरदार सविंदर सिंह काका जी, सरदार जसवीर सिंह, परमजीत सिंह, इकबाल सिंह, लखविंदर सिंह, कुलबीर सिंह, हरजिंदर सिंह आदि के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। नगर कीर्तन के दौरान पालकी साहिब के आगे टैंकर से जल छिड़काव एवं झाड़ू की सेवा संगत द्वारा की जा रही थी। गुरु ग्रंथ साहिब के ऊपर पुष्प वर्षा की गई।

## पिता की डांट से आहत छात्रा ने की आत्महत्या

**फरधान, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के करनपुर निबहा गांव में सोमवार सुबह 20 वर्षीय छात्रा ने पिता की डांट से आहत होकर कीटनाशक पी लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सोमवार सुबह करीब 10 बजे छात्रा महक पुत्री कलमी ने घर में रखा कीटनाशक पी लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे जिला अस्पताल ओयल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। मृतका के चचेरे भाई सिराज ने बताया कि महक बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। पढ़ाई को लेकर पिता ने उसे डांट दिया था, जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के बारे में जानकारी की।

# छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



सीजीएन पीजी कॉलेज में महिला सुरक्षा के पंपलेट दिखातीं छात्राएं, मौजूद पुलिस अधिकारी और शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सीजीएन पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम व द्वितीय के द्वारा मिशन शक्ति के तहत एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने महिलाओं के वैदिक काल से लेकर वर्तमान समय तक की स्थिति पर चर्चा की। मुख्य अतिथि कोतवाली की एसआई अपूर्वा शर्मा ने छात्र छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नं. 1073, 1098, 1076, 112, 108, 101, 102, 181, 1930 से परिचित कराया। कहा कि इन नंबरों का प्रयोग कब और कैसे एवं किन परिस्थितियों में करना है। साथ ही साइबर अपराध से बचने के लिए सोशल मीडिया पर कैसे फ्रॉड पोस्ट को पहचाने और कैसे साइबर ठगी से बचें।

● **हेल्पलाइन नंबर और सिखाए आत्मरक्षा के गुर**

प्रश्नोत्तरी सेशन में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान स्वालंबन से सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर भी दिए। महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. रीमा छाबड़ा ने गुड टच, बैड टच के बारे में बताया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. शेषमणि विश्वकर्मा ने महिला स्वालंबन की चर्चा की। विभिन्न सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल ने महिला उद्यमियों आदि की सफलता की कहानियां बताईं। इस दौरान आरक्षी हिमानी शर्मा, कंचन त्रिपाठी सहित प्राध्यापक डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. शैलेन्द्र, डॉ. अनिल कुमार यादव आदि रहे।

# ठुठवा मेला आज से, हजारों श्रद्धालु करेंगे घाघरा में स्नान

## डीएम और एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा, बोले- श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि, व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

संवाददाता, धौरहरा (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र में ग्राम राजापुर के पास घाघरा नदी के किनारे कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाला ऐतिहासिक ठुठवा मेला बुधवार से शुरू हो रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने अफसरों संग मेला स्थल पहुंचकर तैयारियों की जमीनी हकीकत परखी।

डीएम ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा हमारी प्राथमिकता है, किसी को भी असुविधा नहीं होनी चाहिए, हर व्यवस्था सटीक और व्यवस्थित हो। डीएम-एसपी ने स्नान घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने घाटों पर बैरिकेडिंग करने, गोताखोरों की पर्याप्त संख्या में तैनाती करने और पुलिस बल की सक्रिय निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।



ठुठवा मेला में व्यवस्थाएं देखते डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा।

डीएम ने यह भी कहा कि महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम बनाए जाएं, जिससे स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को पूरी सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खोया-पाया केंद्र पर तैनात कर्मियों को श्रद्धालुओं और आगंतुकों को तत्काल मदद मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र हर समय सक्रिय रहे ताकि कोई भी श्रद्धालु असहाय न दिखे।

डीएम ने मेला पहुंच मार्ग को दुरुस्त करने, प्रकाश व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि मेला स्थल, घाटों और रास्तों पर पर्याप्त लाइटिंग, कचरा निस्तारण, पेयजल व्यवस्था, और चिकित्सा सहायता केंद्रों की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। किसी भी आकस्मिक स्थिति के लिए एम्बुलेंस और राहत दल चौबीसों घंटे सतर्क रहेंगे।

निरीक्षण के दौरान एडीएम अनिल कुमार रस्तोगी, एसडीएम शशिकांत मणि, सीओ एसबी सिंह, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता केके झा, डीपीआरओ विशाल सिंह, बीडीओ धनप्राप्त, तहसीलदार आदित्य विशाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




धौरहरा में घाघरा नदी किनारे लग रहा ठुठवा मेला। ● अमृत विचार



मेले में सजाई गईं दुकानें। ● अमृत विचार

### घाटों पर तैनात रहेंगी एनडीआरएफ की टीमें

धौरहरा, अमृत विचार : । ईसानगर क्षेत्र के घाघरा नदी के किनारे लगने वाले ऐतिहासिक मेले दुकानदार अपनी दुकाने लेकर आने लगे हैं, मेले का आकर्षण झूले और सर्कस भी लगने लगे हैं। ईसानगर थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 12 उपनिरीक्षक, 22 हेडकांस्टेबल, 50 कांस्टेबल, 22 महिला कांस्टेबल, डेढ़ सेक्शन पीएसी, एक फायर ब्रिगेड और ट्रैफिक जवानों के साथ ईसानगर, खमरिया व धौरहरा थाने की पुलिस तैनात रहेगी इसके अलावा श्रद्धालुओं के स्नान के समय नदी में एनडीआरएफ की टीम मोटर वोट के साथ निगरानी रखेगी। मेले में आस्थाई पुलिस चौकी बनेगी जो सीसीटीवी कैमरे से चप्पे-चप्पे पर नजर बनाए रखेगी। इस वर्ष यह मेला कार्तिक पूर्णिमा बृहस्पतिवार से लगेगा, इस दिन काफी संख्या में श्रद्धालु नदी में स्नान करते हैं।

# ग्राम बोझवा में संपन्न हुआ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ



गायत्री महायज्ञ में आहुतियां डालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलियाकलां

- श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां, गूंजे गायत्री मंत्र

**अमृत विचारः** पलिया क्षेत्र के ग्राम बोझवा चौराहे पर नौ कुंडीय श्री गायत्री महायज्ञ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। जिला बहराइच से पधारी टोली सत्यनारायण सिंह सत्य, संतोष शर्मा, चंद्रिका प्रसाद मौर्य, जय सिंह एवं उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में यज्ञ संपन्न कराया गया।

क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं एवं गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने गायत्री मंत्र का उच्चारण करते हुए यज्ञ कुंडों में आहुतियां अर्पित कीं। कार्यक्रम के आयोजक विनय कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्र जागरण अभियान, गायत्री महायज्ञ तथा बंदिनी माता भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप जन्म शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर यह आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने सभी के स्वस्थ जीवन, सद्बुद्धि और राष्ट्रीय शौर्य की मंगलकामना करते हुए यज्ञ भगवान को आहुतियां समर्पित कीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जे.के. मौर्य, मीरा देवी, सरला देवी, सुमन देवी, सुभाष दास, ब्रह्मा दीन मौर्य, प्रेम प्रकाश मौर्य, विवेकानंद, श्रीराम राठौर आदि मौजूद रहे। युवा सम्मेलन, प्रज्ञा पुराण कथा, ध्यान योग साधना एवं दीप महायज्ञ ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# चोरी से पेड़ काटने की एसडीएम से शिकायत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- पुलिस पर लगाया आरोपियों से साठगांठ का आरोप

**अमृत विचारः** थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित ने गांव के ही एक युवक पर उसकी बाग से 20 हजार रुपये के पेड़ चोरी से काट लिए जाने की थाने में रिपोर्ट दर्ज न होने पर एसडीएम से शिकायत की है। शिकायती पत्र में उसने पुलिस पर आरोपी से साठगांठ का आरोप लगाया है।

थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव नगरा सलेमपुर निवासी वरुण कनौजिया ने एसडीएम को सौंपे शिकायती पत्र में कहा है कि उसने अपनी जमीन ठेके पर दे रखी है। 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे उसके बटाईदार रामसहाय ने सूचना दी कि उसके बाग से शीशम का एक पेड़, कटहल और जामुन के दो पेड़ गांव निवासी छत्रपाल ने चोरी से काट लिए हैं। जब वह अपने बाग में पहुंचा और छानबीन की तब पता चला कि काटे गए पेड़ का एक टुकड़ा छत्रपाल के गन्ने के खेत में पड़ा है, जिसके फोटोग्राफ्स भी उसके पास हैं। काटे गए पेड़ों की कीमत 20 हजार रुपये आंकी गई है।

पीड़ित ने हैदराबाद थाने में शिकायत की तो सिपाही आकाश ने मौके पर जांच कर दो नवंबर को थाने बुलाया। बाद में थाने से फोन आया कि विपक्षी अस्पताल में भर्ती है, उसके ठीक होने के बाद थाने आना तब रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। शिकायती पत्र में उसने पुलिस पर अनावश्यक परेशान करने का आरोप लगाया है। बिना परमिट के चोरी से काटे गए पेड़ों की रिपोर्ट दर्ज न कर पुलिस आरोपी से साठगांठ करने में लगी है। आरोपी छत्रपाल दबंग है, उस पर कई मामले दर्ज हैं। पीड़ित ने इस संबंध में एसडीएम से रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

# उत्तर पुस्तिकाओं का अभिभावकों ने किया अवलोकन

**मझगई अमृत विचारः** कस्बे के मेवालाल रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार को अर्धवार्षिक परीक्षा की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का अभिभावक अवलोकन दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों ने अपने बच्चों की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन किया। विद्यालय परिसर में सभी कक्षा अध्यापक अपने-अपने स्टॉल पर मौजूद रहे। अभिभावकों को प्रत्येक विषय की उत्तर पुस्तिकाएं दिखाकर बच्चों के प्रदर्शन से अवगत कराया। अभिभावकों ने अपने बच्चों के प्राप्त अंकों की तुलना कर उनके अध्ययन स्तर का आकलन किया। विद्यालय के विकास के लिए सुझाव भी दिए। प्रधानाचार्य ने अभिभावकों से संवाद कर विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाने के लिए उनके विचार आमंत्रित किए।

# मां तुलसी का विवाह सालिकराम के साथ संपन्न



तुलसी विवाह कराते पुरोहित। ● अमृत विचार

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचारः** थाना शारदानगर क्षेत्र के ग्राम मूड़ी में दिनेश मिश्रा के घर मां तुलसी को बेटी स्वरूप मानकर, उनके सात वर्ष पूर्ण होने पर उनका विवाह सालिकराम से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार विधिवत संपन्न कराया गया। सुबह से घर पर शुभ कार्यों की तैयारियां शुरू हो गईं। विवाह के सभी संस्कार तिलक, हल्दी, वरमाला, फेरे, कन्यादान और विदाई पूरी श्रद्धा और परंपरा के अनुसार संपन्न कराए गए। गाँव में बारात के स्वागत से लेकर विदाई तक सभी रस्में उसी तरह निभाई गईं, जैसे किसी बेटी के विवाह में की जाती हैं।

इस विवाह की बारात ईसानगर निवासी टेन्ना महाराज के यहां से आई, जिनके यहां से सालिकराम बारात लेकर पहुँचे। बारात के स्वागत में गांववासियों ने पूरा सहयोग किया।

# विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद के चल रहे सप्तरंग सांस्कृतिक सप्ताह के दूसरे दिन ग्रीनफील्ड एकैडमी श्याम नगर के सभागार में गीता व रामचरितमानस प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी ज्ञान स्वरूप शुक्ला, प्रांतीय अधिकारी रेखा शुक्ला, शाखा अध्यक्ष रुचि ऋतुराज, सचिव प्रबोध कुमार शुक्ल, विशिष्ट अतिथि कथा व्यास डॉ. पंकज कृष्ण शास्त्री, प्राचार्य विक्रांत राणा, महिला सहभागिता प्रमुख अंशु बाजपेई, कोषाध्यक्ष शिवम सिंह बघेल एवं संस्थापक सदस्य सतीश टंडन व हरिप्रकाश त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक विपुल सेठ व छोटेलाल के नेतृत्व में बालिकाओं व विद्यार्थियों ने श्रीरामचरितमानस एवं श्रीमद्भागवत गीता प्रश्नोत्तरी से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं। ● अमृत विचार

- गीता पर रामचरितमानस प्रश्नोत्तरी का आयोजन

मुख्य अतिथि ज्ञान स्वरूप शुक्ला ने कहा कि भारत विकास परिषद बच्चों में संस्कारों का नवाचार कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। विशिष्ट अतिथि पंकज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि परिषद का सप्तरंग सप्ताह सदैव संस्कारों और भारतीय जीवनमूल्यों से ओत-प्रोत कार्यक्रमों के लिए जाना जाता है। अध्यक्ष रुचि ऋतुराज ने कहा कि परिषद सदैव समाज सेवा व बाल विकास के लिए कार्यरत रही है। कार्यक्रम संचालन सचिव प्रबोध कुमार शुक्ल ने बताया कि तीसरे दिन 5 नवंबर को राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता श्रीकृष्णा मैरिज लॉन में सुबह 11 बजे से होगी।

# ईओ ने किया सेठ घाट का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** नगर में पांच नवंबर को सेठ घाट पर देव दीपावली का आयोजन धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी के तहत मंगलवार को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (ईओ) ने सेठ घाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

ईओ संजय कुमार ने घाट की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सजावट और सुरक्षा के इंतजामों को लेकर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घाट परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जाए ताकि श्रद्धालुओं को सुगमता व स्वच्छ वातावरण मिल सके। उन्होंने बताया कि देव दीपावली के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दीप प्रज्वलित कर भगवान शिव की आराधना करेंगे। इस दौरान गंगा आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।



सेठ घाट पर निरीक्षण करते ईओ संजय कुमार। ● अमृत विचार

- आज सेठ घाट पर की जाएगी भव्य दीप सज्जा
- श्रद्धालुओं के लिए किए गए हैं विशेष इंतजाम

नगर पालिका टीम ने घाट के आसपास जलभराव की समस्या, कूड़ा निस्तारण और पार्किंग व्यवस्था का भी जायजा लिया। ईओ ने कर्मचारियों से कहा कि सभी तैयारियां निर्धारित समय में पूरी कर ली जाएं ताकि कार्यक्रम में कोई असुविधा न हो। नगर पालिका परिषद की चेयरमैन डॉ. इरा श्रीवास्तव ने शहर वासियों से अपील की है कि सभी शहरवासी पांच दिए लेकर पांच नवंबर की शाम पांच बजे सेठ घाट पहुंचे और कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाएं।

# छज्जा गिरने से चार साल के बच्चे की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** रोजा थाना क्षेत्र के देवरास गांव में मंगलवार सुबह छज्जा गिरने से घर के बाहर खेल रहे चार वर्षीय कार्तिक सिंह की मौत हो गई। हादसे की वजह बंदरों का छज्जे पर उछलना बताई जा रही है। घटना के समय कार्तिक अपने घर के गेट के पास खेल रहा था। तभी कुछ बंदर छज्जे पर कूदने लगे, जिससे पुराना छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया। कार्तिक मलबे के नीचे दब गया। परिवार के लोग दौड़कर पहुंचे और उसे मलबे से बाहर निकाला। तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार्तिक के पिता जिलेदार सिंह दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। बेटे की मौत की खबर सुनते ही जिलेदार सिंह दिल्ली से घर के लिए रवाना हो गए।

# धूमधाम से निकाली भगवान राम की बरात

संवाददाता, बेलरायां/सिंगाही

**अमृत विचारः** सिंगाही में चल रहे श्रीरामलीला कमेटी के मेले में मंगलवार धनुष यज्ञ और सीता स्वयंवर के बाद भगवान श्रीराम का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर पूरे कस्बे में राम बरात गाजे-बाजे के साथ निकाली गई, जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ। राजा जनक ने मुनि विश्वामित्र और राम-लक्ष्मण से आग्रह किया कि वे जनकपुर में ही ठहरें, क्योंकि महाराज दशरथ बारात लेकर आ रहे हैं। महाराज जनक के प्रेम और श्रद्धा से प्रभावित होकर मुनि विश्वामित्र वहीं रुक गए। थोड़ी देर बाद महाराज दशरथ गाजे-बाजे के साथ बरात लेकर जनकपुर पहुंचे।

बरात जब पुरानी चुंगी चौकी, बस स्टॉप, मार्केट और भेड़ौरा मार्ग से गुज़री तो रास्ते भर श्रद्धालुओं ने फूलों से स्वागत किया। मंचन स्थल पर पहुंचने के बाद माता सीता और भगवान श्रीराम का विवाह मुनि विश्वामित्र, गुरु वशिष्ठ और अन्य ऋषियों की मौजूदगी में विधि-विधान से संपन्न कराया गया। राजा जनक द्वारा किए गए कन्यादान की रस्म ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। राम और सीता का विवाह देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी।

# भाकियू में शामिल लोगों का जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत



नए शामिल लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत करते जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन।

संवादाता, कुकरा

**अमृत विचारः** बांकेगंज ब्लॉक क्षेत्र के गांव खंजनपुर में हुई बैठक में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट से अलग होकर एक दर्जन से अधिक सदस्यों ने भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की सदस्यता ग्रहण की।

जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने यूनियन में शामिल हुए नए सदस्यों और जिला महासचिव रेशम सिंह का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। नए शामिल सदस्यों में जिला महासचिव रेशम सिंह को बनाया गया। यूनियन में नए लोगों निशान सिंह, नवजीत सिंह, हरजीत सिंह, नवजोत सिंह, प्रभजोत सिंह (प्रिंस), गुरदेव सिंह, जरनैल सिंह, रणजीत सिंह (राणा) सुखजिंदर सिंह, अमृतपाल सिंह, अमरजीत सिंह आदि को ब्लॉक और तहसील स्तर के पद पर मनोनीत किया गया।

# सांप के डसने से महिला की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** सिधौली थाना क्षेत्र के बड़ावन गांव निवासी रामश्री पत्नी रामादीन शाम करीब पांच बजे तालाब के पास बने गूंगे से भूसा निकालने गई थीं। भूसा उठाते समय झाड़ियों में छिपे जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। परिजनों ने तुरंत उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान रामश्री की मौत हो गई। परिजन पहले एक स्थानीय वैद्य के पास भी गए थे, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रूपेश पांडे ने लेखपाल और थाना पुलिस को दी। लेखपाल ने बताया कि यदि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण सांप के डसने की पुष्टि होती है तो परिजनों को सरकारी अनुदान नियमानुसार प्रदान किया जाएगा। थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# प्रतियोगिताओं के विजेता पुरस्कृत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** जलालपुर स्थित स्व. अरविंद गिरि अमृत स्टेडियम में न्याय पंचायत स्तरीय क्रीडा रैली में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जलालपुर स्टेडियम में आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय क्रीडा रैली का शुभारंभ बांकेगंज के खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने किया।

विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं कराई गई, जिसमें कबड्डी में उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में संविलियन विद्यालय पुनर्भूग्रंट विजेता रहा। सुलेख प्रतियोगिता में लोकेश प्रथम, धर्म सिंह द्वितीय, आर्या वर्मा तृतीय, 50 मीटर दौड़ में प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में फरीन प्रथम, सीता द्वितीय, अनामिका तृतीय, 100 मीटर दौड़ में इलमा प्रथम, अनमता द्वितीय, आरुषि तृतीय, 200 मीटर दौड़ में इलमा प्रथम, हुस्नाज द्वितीय, अनामिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



जलालपुर में पुरस्कृत प्रतिभागियों के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

- जलालपुर के अमृत स्टेडियम में न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा रैली आयोजित

प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष गिरि, मंत्री विपिन वर्मा, शिक्षक महासंघ के प्रांतीय संयोजक विनीत भदौरिया, अर्चना पांडे, रीना गिरि, रचना पांडे, किरन देवी, खेल अनुदेशक रोली त्रिपाठी, चित्रा त्रिपाठी आदि मौजूद रहीं।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दिनांक 03.11.2025 को अपने कुछ आवश्यक कार्य करके घर जा रहा था तभी मेरे बैग रास्ते में कहीं गिर गया था। जिसमें मेरी कक्षा 10 की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 0835706 और क्रमांक नं. 1066/2710619 था। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **शिशु पाल निवासी:- अहिर टोला, उझानी (बदायू) मो. 9457112130**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शमशाद व पुत्रवधू फूलजहां को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **नन्हे शाह पुत्र गुलाब शाह निवासी मौहल्ला खना गौटिया सी.बी. गंज जिला बरेली।**

**सूचना**

मेरे आर्मी नं.- 14838843 P Rank HAV/MT (JANARDHANARAO KALISETTY) मेरे सैन्य दस्तावेज में मेरे पुत्र का नाम (KALISETTI JASWANTH KUMAR) त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है। जबकि वास्तविक सही नाम (KALISETTY JASWANTH KUMAR) है, जो आधार कार्ड के अनुसार सही है। **मो. 7674919657**

**NOTICE**

I, R SHREEDURGA (EXISTING NAME OF WIFE AS PER ARMY RECORDS) IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF NO 2610477M RANK HAVILDAR NAME PRAKASH T PRESENTLY RESIDING AT AMARAVATHI NAGAR VILLAGE, UDUMALPET TALUK, TIRUPPUR DIST, TAMILNADU, PIN-642102. HAVE CHANGED MY NAME FROM R SHREEDURGA TO SHREE DURGA R. VIDE AFFIDAVIT DATED. 30.10.2025

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एल.आई.सी. ऑफ इण्डिया की पॉलिसी संख्या 223489197 में मेरा नाम भूलवश मुहम्मद सुहेब (Mohammed Suheb) अंकित हो गया है जोकि गलत है जबकि मेरा वास्तविक नाम मो. सुहैल पुत्र निजाकत हुसैन (Mo. Suhail S/o Nijakat) है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **मो. हुसैन पुत्र निजाकत हुसैन निवासी ग्राम व पोस्ट क्योलड़िया तहसील नवाबगंज जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र बाबूउद्दीन व उसकी पत्नी सबीना को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मुन्ने बक्श पुत्र श्री रहमुल्ली निवासी ग्राम ईंध जागीर परगना व तहसील नवाबगंज जिला बरेली।**

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्रवधु पिंकी देवी उर्फ ओमवती पत्नी स्व. पिंटू उर्फ देवेंद्र कुमार, उनकी अविवाहित पुत्री पायल देवी पुत्र रोहित कुमार व अमनदीप पुत्रगण स्व. पिंटू कुमार उर्फ देवेन्द्र कुमार निवासी वारनवादा जहानाबाद पीलीभीत के गलत व्यवहार के चलते उनसे सभी तरह से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से वेदखल कर दिया है। **पोशाकी लाल पुत्र टीकाराम ग्राम मोहम्मदपुर वकुचिया नवाबगंज बरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सुभाष को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **गोधन लाल पुत्र नारायन लाल निवासी ग्राम मथुरापुर थाना सी.बी. गंज तहसील व जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पॉलिसी सं. 18024405 में त्रुटिवश मेरा नाम Rajoo अंकित हो गया है जबकि आधारकार्ड, पैनकार्ड व बैंक पासबुक में सही नाम Raju Kumar (राजू कुमार) दर्ज है। **राजू कुमार पुत्र श्री लाल बिहारी राम नि. ग्रा. व पो. चोचकपुर, जिला-गाजीपुर (उत्तर प्रदेश)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मोहित को गलत चाल-चलन के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में ये अपने कृत्यों व लेन-देन का स्वयं जिम्मेदार होगा। **कमल किशोर निवासी लखहा मजरा दुलही थाना पढुआ तहसील धौरहरा जिला-खीरी**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# धर्म प्रचार के नाम पर पाकिस्तान घूम रहा मदरसा शिक्षक

## संतकबीरनगर और आजमगढ़ के मदरसे सील, एटीएस जांच में कट्टरवाद फैलाने का खुलासा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** संतकबीरनगर का रिटायर्ड मदरसा शिक्षक मौलाना शमशुल हुदा खान ब्रिटेन की नागरिकता हासिल कर वहां से भारत में कट्टरवाद फैलाने में सक्रिय था। एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) की जांच में खुलासा हुआ है कि वह विदेशों से करोड़ों रुपये के फंड जुटाकर संतकबीरनगर और आजमगढ़ में मदरसों के जरिये कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रहा था। धर्म प्रचार के नाम पर वह कई बार पाकिस्तान की यात्राएं भी कर चुका है। रिपोर्ट के आधार पर उसके खिलाफ दोनों जिलों में मुकदमे दर्ज कर मदरसे सील कर दिये गये हैं।

- ब्रिटेन की नागरिकता लेकर जुटा रहा था विदेशी फंड

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक, शमशुल हुदा खान वर्ष 2007-08 से ब्रिटेन में रह रहा था और 2013 में उसने वहां की नागरिकता ले ली थी। इस दौरान वह इस्लामी धर्म प्रचार के नाम पर पाकिस्तान समेत कई देशों की यात्राएं करता रहा। जांच में सामने आया कि वह पाकिस्तान में कई कट्टरपंथी मौलानाओं और संदिग्ध व्यक्तियों के संपर्क में था तथा भारत में अपने करीबियों के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के संदिग्ध नेटवर्क से जुड़ा हुआ था।

### दो मदरसे और एनजीओ का पंजीकरण रद्द

जांच रिपोर्ट के आधार पर आजमगढ़ और संतकबीरनगर स्थित उसके दोनों मदरसे सील कर दिए गए हैं और उनकी मान्यता भी रद्द कर दी गई है। साथ ही उसके एनजीओ रज़ा फाउंडेशन का पंजीकरण भी निरस्त कर दिया गया है। एटीएस अब शमशुल हुदा के विदेशी संपर्कों और वित्तीय नेटवर्क की गहन जांच कर रही है।

एटीएस रिपोर्ट के अनुसार, शमशुल हुदा 1984 में आलिया मदरसा दारुल उलूम अहले सुन्नत मदरसा अशरफिया, मुबारकपुर (आजमगढ़) में सहायक शिक्षक नियुक्त हुआ था। 2007 के बाद भी वह ब्रिटेन में रहते हुए विभाग को धोखे में रखकर 2017 तक वेतन वृद्धि और पेंशन लाभ लेता रहा। जांच में यह भी सामने आया कि वह विदेशों से आने वाले फंड का हिस्सा कमीशन के रूप में अपने पास रखता था।

रविवार को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, संतकबीरनगर की तहरीर पर उसके खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसके अलावा आजमगढ़ में भी उसके खिलाफ दो अन्य मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है।

# मुख्तार अंसारी से खाली कराई जमीन पर बने फ्लैट की चाबी आज सौंपेंगे योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को हजरतगंज के पॉश इलाके डालीबाग में माफिया मुख्तार अंसारी से खाली कराई गई जमीन पर बने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लाभार्थियों को फ्लैट की चाबी सौंपेंगे। यह कार्यक्रम डीजीपी आवास के सामने एकता वन में आयोजित किया जाएगा।

सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत डालीबाग की लगभग 2,322 वर्गमीटर अवैध कब्जे वाली भूमि को मुक्त कराया गया था। इसी जमीन पर सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना के तहत लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 36.65 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के 72 फ्लैट तैयार किए हैं। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के अनुसार, तीन ब्लॉकों में बने ये फ्लैट ग्राउंड प्लस थ्री स्ट्रक्चर वाले हैं, जिनकी कीमत 10.70 रुपये लाख तय की गई है। योजना की लोकेशन बेहद प्राइम है। बालू अड्डा, 1090 चौराहा, नरही, सिकंदरबाग और हजरतगंज चौराहा यहां से महज 5 से 10 मिनट की दूरी पर हैं। वाह्य विकास कार्यों में सड़क और पार्क का निर्माण भी पूरा हो चुका है। योजना के लिए 4 अक्टूबर से 3 नवंबर तक ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया, जिसमें लगभग 8000 आवेदक सामने आए। मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लॉटरी प्रक्रिया पूरी कर ली गई।

- 2,322 वर्गमीटर पर बने 36.65 वर्गमीटर के 72 फ्लैट आवंटित

## न्यूज ब्रीफ

### 18 महानगरों में भाजपा की एकसाथ प्रेसवार्ता

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में भव्य उत्सव मनाएगी। स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका को स्मरण करते हुए प्रदेशभर में जनभागीदारी वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। अभियान संयोजक त्रयम्बक त्रिपाठी ने बताया कि 5 नवंबर को प्रदेश के 18 महानगरों में एक साथ प्रेसवार्ता होगी। लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी संवाद करेंगे, जबकि अन्य शहरों में वरिष्ठ नेता जानकारी देंगे। भाजपा का लक्ष्य है कि हर नागरिक 'वंदे मातरम्' के भाव से जुड़कर देशभक्ति और राष्ट्रगौरव की भावना को मजबूत करे।

### वरिष्ठ नागरिकों की गरिमा के लिए पहल

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों की गरिमा और सुविधा को प्रतिबद्ध है। विभाग पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण संस्थाओं के साथ साझेदारी करेगा और उनके सुझाव पर अमल करेगा ताकि वृद्धाश्रम स्नेह, सुरक्षा और सम्मान के केंद्र बन सकें। प्रदेश के वृद्धाश्रमों के कुशल संचालन पर विचार-विमर्श को प्री-बिड मीटिंग-2025 का आयोजन मंगलवार को गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने की। यहां उनके समक्ष प्रतिनिधियों ने स्थानीय संस्थाओं को प्राथमिकता देने, काउंसलर का पद सृजित करने, अनुभव के आधार पर मानदंडों में लचीलापन देने, तहसील स्तर पर वृद्धाश्रम खोलने और निजी अनुभवों को मूल्यांकन में शामिल करने जैसे कई सुझाव दिए।

### मत्स्य पालकों को दें किसान क्रेडिट कार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित



किया है कि मत्स्य पालकों के हित में उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड देने पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही मछुआ दुर्घटना बीमा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए एवं इससे मत्स्य पालकों, मछुआरों को लाभान्वित कराया जाए। साथ ही मत्स्य पालकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाए और उन्हें मत्स्य पालन की नवीन तकनीकों की जानकारी दी जाए ताकि उन्हें मत्स्य पालन में किसी प्रकार की हानि न हो और अधिक से अधिक मत्स्य उत्पादन हो सके। डॉ. संजय कुमार निषाद ने मंगलवार को यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# चावल मिलों को नॉन हाइब्रिड धान कुटाई में 1 फीसदी रिकवरी छूट

## मुख्यमंत्री का बड़ा निर्णय, धान कुटाई पर मिला राहत पैकेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने अन्नदाता किसानों और राइस मिल संचालकों को बड़ी राहत देते हुए नॉन-हाइब्रिड धान की कुटाई में 1 फीसदी रिकवरी छूट देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में इस निर्णय को मंजूरी दी गई। इस कदम से राज्य के लगभग 13 से 15 लाख किसानों और 2 हजार से अधिक राइस मिलर्स को सीधा लाभ मिलेगा। सरकार ने इस निर्णय के तहत मिलर्स को 167 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति देने की घोषणा की है।

- राइस मिलों को 167 करोड़ की प्रतिपूर्ति, दो लाख नए रोजगार

बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंगलवार को लोकभवन में पत्रकारों को बताया कि इस राहत से प्रदेश में दो लाख से अधिक नए रोजगार अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि 1 फीसदी रिकवरी छूट मिलने से राइस मिलों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और सरकारी खरीद प्रक्रिया और तेज व पारदर्शी होगी।

**बचेगा खर्च, पीडीएस के लिए नहीं मंगानी पड़ेगी चावल की रैक :** वित्त मंत्री ने बताया कि अब प्रदेश को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के लिए चावल की रैक बाहर से मंगानी नहीं पड़ेगी। इससे राष्ट्रीय स्तर पर भी करोड़ों रुपये की बचत होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब आत्मनिर्भर चावल उत्पादन की दिशा में एक नई छलांग लगाने जा रहा है।

**हाइब्रिड धान पर पहले से मिल रही छूट :** खन्ना ने बताया कि राज्य सरकार हाइब्रिड धान की कुटाई पर पहले से 3 फीसदी रिकवरी छूट दे रही है, जिसके तहत प्रतिवर्ष लगभग 100 करोड़ की प्रतिपूर्ति की जाती है। अब नॉन-हाइब्रिड धान पर दी गई यह अतिरिक्त 1 फीसदी छूट किसानों को और राहत देगी तथा मिलर्स को बेहतर उत्पादन के लिए प्रेरित करेगी।

# उद्योगों को थर्ड पार्टी से मिलेगा सर्टिफिकेशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में उद्योगों को बड़ी राहत देने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार ने तय किया है कि अब उद्योग इकाइयां और विभिन्न श्रेणी की फैक्ट्रियां अपने आवेदनों के निस्तारण के लिए थर्ड पार्टी सर्टिफिकेशन सिस्टम का लाभ उठा सकेंगी।

इस व्यवस्था के तहत अब उद्योग विभाग से मान्यता प्राप्त सरकारी संस्थानों के अलावा थर्ड पार्टी एजेंसियों द्वारा निरीक्षण व सत्यापन की रिपोर्ट भी मान्य होगी। अब तक केवल सरकारी विभागों द्वारा निरीक्षण की बाध्यता थी, जिससे आवेदन प्रक्रिया में देरी होती थी। इस निर्णय से राज्य में निवेश को प्रोत्साहन, प्रतिस्पर्धा में वृद्धि और उद्योगों के संचालन में सहजता आएगी। साथ ही, सरकारी नियंत्रण की अनावश्यक बाधाओं को समाप्त कर पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

बैठक में तय हुआ कि अब स्थापना की अनुमति (सीडीई) और संचालन की अनुमति (सीटीओ) के लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण रिपोर्ट स्वीकार की जाएगी। राज्य सरकार का यह कदम 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के राष्ट्रीय मानकों में यूपी की रैंकिंग सुधारने के साथ-साथ उद्योगों के लिए समयबद्ध और पारदर्शी वातावरण तैयार करेगा।

- फैसले से उद्योगों को मिली सरकारी निरीक्षण से राहत

### ऐसे मिलेगा लाभ

- **निरीक्षण प्रक्रिया में तेजी-** विभागीय निरीक्षण की जगह थर्ड पार्टी से रिपोर्ट मान्य होने पर प्रक्रिया सरल होगी।
- **समय की बचत-** स्वीकृति पाने में लगने वाला समय काफी घटेगा।
- **निवेशकों को भरोसा-** पारदर्शी प्रणाली से निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा।
- **औद्योगिक इकाइयों को सुविधा-** बिना देरी के सीटीई और सीटीओ स्वीकृतियां मिल सकेंगी।

# फ्लाईओवर निर्माण की धीमी रफ्तार पर योगी नाराज

## बिहार चुनाव प्रचार से लौटते ही गोरखपुर में अफसरों को लगाई फटकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



गोरखपुर में छह लेन हाइवे के निर्माण में देरी पर अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार चुनाव प्रचार से लौटने पर गोरखपुर के पहले छह लेन फ्लाईओवर निर्माण की धीमी प्रगति पर मंगलवार शाम सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने टीपीनगर चौक से पैडलेगंज मार्ग तक फ्लाईओवर का निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश सेतु निगम लिमिटेड के अफसरों को फटकार लगाई।

योगी ने कहा कि मानसून थमने के बाद का समय काम में तेजी लाने के लिए अनुकूल था, फिर भी निर्माण सुस्त क्यों है? उन्होंने निर्देश दिए कि तकनीकी और सामान्य मैनपॉवर बढ़ाकर कार्य को जनवरी 2026 तक हर हाल में पूरा किया जाए। 429.49 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह 2.6 किमी लंबा 6 लेन फ्लाईओवर गोरखपुर का पहला है। फरवरी 2023 में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट में 77 पिलरों में से 55 पर स्लैब डल चुके हैं, जबकि भौतिक प्रगति 72 प्रतिशत बताई गई। योगी ने चेताया कि पिलर पर स्लैब डालते वक्त सुरक्षा और सेफ्टी के सभी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पिलर संख्या 18-19 के पास प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने, सड़क का स्लोप नालों की ओर रखने, और अयोध्या की तर्ज पर खाली जगह का सुंदरीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नालों पर स्लैब डालने, जालियां लगाने और ड्रेनेज सिस्टम को एक माह में पूर्ण करने को कहा। योगी ने दो टूक कहा कि यह फ्लाईओवर गोरखपुर की पहचान बनेगा, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री के तेवर देख मौके पर अफसर तुरंत सक्रिय हो गए और देर रात तक निर्माण स्थल पर अतिरिक्त मशीनें तैनात कराई गईं।

# प्रदेश में महिलाओं को रात्रि पाली में कार्य की मिलेगी छूट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब महिला कर्मचारियों को भी रात्रि पाली में कार्य करने की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते वे अपनी लिखित सहमति दें और सुरक्षा व स्वास्थ्य संबंधी शर्तों का पूरा पालन किया जाए। संशोधित अधिनियम में कर्मकार की लिखित सहमति पर उसे बिना अंतराल के छह घंटे तक कार्य करने की अनुमति भी दी जा सकेगी। इसके अतिरिक्त, कारखानों में कार्य के असाधारण दबाव की स्थिति में राज्य सरकार अब तिमाही आधार पर अतिकाल कार्य की सीमा 75 घंटे से बढ़ाकर 144 घंटे तक कर सकेगी।

- राष्ट्रपति की अनुमति के बाद अधिनियम के तहत नई गाइडलाइंस लागू

दरअसल, राष्ट्रपति द्वारा कारखाना (उप्र. संशोधन) विधेयक, 2024 को अनुच्छेद 201 के अंतर्गत अनुमति दे दी गई है। इस अधिनियम को अब उप्र. अधिनियम संख्या 14 सन् 2025 के रूप में लागू किया गया है। अधिसूचना के अनुसार यह संशोधित अधिनियम 3 अक्टूबर 2025 से प्रभावी है।

इस संशोधन का उद्देश्य राज्य की औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना, उत्पादन क्षमता बढ़ाना और अधिक रोजगार के अवसर सृजित करना है।

# कोडीन युक्त सिरप और नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कोडीन युक्त खांसी की दवाओं और नशीली औषधियों के अवैध भंडारण, बिक्री और वितरण पर कठोर कार्रवाई शुरू की है। अब तक लाखों रुपये की अवैध औषधियां जब्त की गई हैं, 16 मुकदमे दर्ज हुए हैं और 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि अब तक 115 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी और निरीक्षण किया गया है। 115 नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं, जबकि संदिग्ध पाई गई दुकानों में से 25 पर कोडीन युक्त सिरप और नशीली औषधियों की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। अभियान नेपाल सीमा से सटे जनपदों के साथ ही हरियाणा, पंजाब और दिल्ली की ओर के जिलों में भी जारी है।

# राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ व जौनपुर आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजस्व मामले के निस्तारण में लखनऊ तो जनपदीय न्यायालयों में जौनपुर जिले ने फिर बाजी मारी।

जिलावार समीक्षा और निरंतर फॉलोअप से राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली की रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर माह में प्रदेशभर में कुल 3,24,897 राजस्व मामलों का निस्तारण हुआ। इनमें राजधानी लखनऊ में सर्वाधिक 15,260 मामले निपटाए गए। प्रयागराज 10,501 मामलों के साथ दूसरे, गोरखपुर 8,165 के साथ तीसरे, कानपुर नगर 7,866 के साथ चौथे और शाहजहांपुर 7,707 के साथ पांचवें स्थान पर रहा।

जनपदीय न्यायालयों में जौनपुर लगातार 13वें महीने भी शीर्ष पर रहा। जिले की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के मानक 250 के मुकाबले 480 मामलों का निस्तारण कर 192 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की। लखीमपुर खीरी ने 334 और बस्ती ने 310 मामलों के निस्तारण से क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान पाया। भू-राजस्व वादों के निस्तारण में भी जौनपुर ने बाजी मारी है। गाजीपुर और मीरजापुर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

# यूनेस्को की सूची में शामिल होगा जीवाश्म पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सोनभद्र में स्थित सलखन जीवाश्म पार्क को यूनेस्कों की विश्व धरोहर स्थलों की स्थायी सूची में शामिल करने का प्रयास गंभीरता से किया जा रहा है। यह पार्क सोनभद्र जिले के सलखन गांव, कैमूर वन्य जीव अभ्यारण्य के पास स्थित है और लगभग 25 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है और भारत के सबसे जीवाश्म पार्कों में से एक है। अमेरिका स्थित एलो स्टोन पार्क के बाद भारत का सबसे बड़ा यह जीवाश्म पार्क है।

उन्होंने बताया कि यूनेस्कों की विश्व धरोहर स्थल की स्थायी सूची में शामिल होने से इसकी वैश्विक पहचान और महत्व बढ़ेगा तथा पर्यटन के साथ-साथ वैज्ञानिक शोधों को भी बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान में भारत में 43 यूनेस्कों विश्व धरोहर स्थल हैं, जिनमें 7 प्राकृतिक श्रेणी के है।



- सोनभद्र के सलखन जीवाश्म पार्क को लेकर प्रदेश सरकार ने भेजा प्रस्ताव
- लगभग 25 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है पार्क

### 140 करोड़ वर्ष पुराने जीवाश्म संरक्षित

सलखन जीवाश्म पार्क में करीब 1.4 अरब (140 करोड़ वर्ष) पुराने स्ट्रोमैटोलाइट्स जीवाश्म संरक्षित है। जो साइनोबैक्टीरिया (नीली हरित शैवाल) द्वारा निर्मित प्राचीन अवसादी संरचनाएं है। अमेरिका के एलो स्टोन नेशनल पार्क के 500 मिलीयन वर्ष पुराने जीवाश्म और कनाडा के मिस्टेकन प्वाइंट से भी अधिक सलखन के जीवाश्म पुराने हैं। सलखन पार्क पृथ्वी के प्री-कैंब्रियन युग के महत्वपूर्ण प्रमाण प्रस्तुत करता है और जीवन के विकास की वैश्विक भू-विरासत श्रेणी में आता है। यह पार्क पृथ्वी पर प्रारंभिक जीवन और ऑक्सीजनिक प्रकाश संश्लेषण की उत्पत्ति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

# कई सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान-ग्रेटर नोएडा में कई सुपरस्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों को मंजूरी मिली है। वहीं परिसर के 56 एकड़ भूमि पर मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और पैरामेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए राशि भी आवंटित की गई है। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में संस्थान की 10वीं शासी निकाय की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में कई महत्वपूर्ण एजेंडा पर चर्चा की गई और उन्हें मंजूरी दी गई। इसी क्रम में मेडिकल कॉलेज परियोजना के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को आवंटित 56 एकड़ भूमि पर मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और पैरामेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए दूसरे चरण की राशि आवंटित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। संस्थान में यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, क्रिटिकल केयर मेडिसिन, कार्डियोलॉजी, मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी और न्यूरोसर्जरी में सुपरस्पेशलिटी पाठ्यक्रमों सहित फेलोशिप भी शुरू की जाएगी।

शुरुआत | 53 चीनी मिलों ने गन्ना खरीद को लेकर जारी किया इंडेंट

# 21 चीनी मिलों ने शुरू की गन्ना पेराई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की ओर से गन्ना मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि के बाद प्रदेश में गन्ना पेराई सत्र 2025-26 की औपचारिक शुरुआत हो गई है। राज्य की 21 चीनी मिलों में पेराई कार्य प्रारंभ होने के साथ 53 चीनी मिलों ने गन्ना खरीद को लेकर इंडेंट जारी कर दिया है। सरकार का लक्ष्य है कि सभी मिलें नवंबर के दूसरे सप्ताह तक पूर्ण क्षमता से संचालित हो जाएं, ताकि किसानों को समय से भुगतान और गेहूं की बुवाई के लिए खेत खाली मिल सकें।

### समय से भुगतान का निर्देश

गन्ना आयुक्त ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 के दौरान देय गन्ना मूल्य का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश सभी मिलों को जारी कर दिए गए हैं। कुछ चीनी मिलों ने किसानों को भुगतान शुरू भी कर दिया है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता यह है कि किसानों को किसी भी प्रकार की देरी न हो और हर गन्ना मूल्य का भुगतान नियमानुसार समय से किया जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में गन्ना किसानों को बड़ी राहत देते हुए गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की ऐतिहासिक वृद्धि की है। इससे प्रदेश के 45 लाख से अधिक गन्ना किसानों को सीधे लाभ मिलने की उम्मीद है। गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. ने बताया कि प्रदेश की 21 चीनी मिलों में पेराई कार्य प्रारम्भ हो चुका है। इनमें सहकारी क्षेत्र की एक और निजी क्षेत्र की 20 चीनी मिलें शामिल हैं।

सहारनपुर परिक्षेत्र की 5, मेरठ परिक्षेत्र की 8, मुरादाबाद परिक्षेत्र की 2 और लखनऊ परिक्षेत्र की 6 चीनी मिलों ने पेराई कार्य शुरू कर दिया है।

### प्रदेश में गन्ना पेराई की स्थिति

- कुल चीनी मिलें – 122
- पेराई शुरू करने वाली मिलें– 21
- इंडेन्ट जारी करने वाली मिलें– 53
- शीघ्र शुरू होने वाली मिलें– 69
- गन्ना मूल्य वृद्धि – 30 प्रति क्विंटल

इसके अलावा, अन्य 32 चीनी मिलों ने गन्ना खरीद के लिए इंडेंट जारी कर दिया है, जो अगले कुछ दिनों में पेराई शुरू कर देंगी। शेष 69 मिलें भी शीघ्र संचालित होने वाली हैं।

# निष्क्रिय 15 जिलों की कमेटी भंग, बनाए गए नए प्रभारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लखनऊ : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, साथ में अन्य।

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, युवा व्यापार मंडल और महिला इकाई के प्रदेश पदाधिकारियों की सांगठनिक बैठक राजधानी के एक निजी होटल में मंगलवार को हुई। इसमें सांगठनिक दृष्टि से निष्क्रिय होने पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने प्रदेश के 15 जनपदों की इकाइयों को भंग कर दिया। इन जनपदों के प्रभारियों को दायित्व निर्वहन की जिम्मेदारी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि सिर्फ सक्रिय व्यापारियों को ही जिम्मेदारी दी जाए।

इनमें अवध क्षेत्र से बहराइच, श्रावस्ती तथा बलरामपुर, गोरक्ष क्षेत्र से आजमगढ़, कानपुर व बुंदेलखंड क्षेत्र से बांदा, हमीरपुर, चित्रकूट, काशी क्षेत्र से गाजीपुर, भदोही, ब्रज क्षेत्र से मैनपुरी, कासगंज, पश्चिमी उत्तर प्रदेश से अमरोहा, रामपुर, बुलंदशहर आदि जिले हैं। इन जिलों में प्रभारी नियुक्त करते हुए 15 दिसंबर तक नई कमेटियों का गठन करने की जिम्मेदारी अवध क्षेत्र से युवा प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता एवं महिला महामंत्री एकता अग्रवाल को दी गई है।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल ने प्रत्येक विधानसभा में संगठनात्मक इकाई के गठन के लिए 31 दिसंबर तक का समय तय किया। युवा प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने युवा नई प्रदेश कार्यकारिणी पर चर्चा की। प्रदेश प्रवक्ता सुरेश छाबलानी ने बताया कि बैठक में प्रदेश से आए पदाधिकारियों में संतोष गुप्ता, प्रदीप द्विवेदी, सुशील गुप्ता, सुनील सिंह चौहान, शाह आलम मंसूरी, गौरी शंकर चौधरी, ओमिक सोनी, चंद्र भान गुप्ता, अतुल कुमार गुप्ता, शोभित टंडन, भगवती प्रसाद गुप्ता, कौस्तुभ वैश्य, अरविंद गांधी, मनोज बंका, विपिन गुप्ता, हिमांशु मालवीय, अमर बहादुर सिंह, धीरेन्द्र जायसवाल, बृजेंद्र सिंह, महबूब अली, संजय गुप्ता, जगदीश रायतानी, अनुज गौतम, जावेद बेग, शुभम मौर्या, आकाश गौतम, संजयनिधी अग्रवाल समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रांतीय बैठक में लिया फैसला

# अवधि निर्दिष्ट न हो तो पासपोर्ट केवल एक वर्ष के लिए ही वैध

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने पीलीभीत के रहीमुद्दीन की याचिका खारिज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पासपोर्ट की वैधता को लेकर कहा कि यदि सक्षम आपराधिक न्यायालय पासपोर्ट जारी करने की अनुमति दे, लेकिन अवधि निर्दिष्ट न करे, तो पासपोर्ट प्राधिकरण केवल एक वर्ष के लिए वैध पासपोर्ट जारी कर सकता है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति अजीत कुमार और न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने पीलीभीत के रहीमुद्दीन की याचिका खारिज करते हुए की।

रहीमुद्दीन ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा दी गई अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के आधार पर दस वर्ष के लिए पासपोर्ट पुनः जारी करने की मांग की थी, जबकि उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 447 और सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3 के तहत आपराधिक मामला लंबित है। सीजेएम कोर्ट से एनओसी मिलने पर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, बरेली ने एक वर्ष की वैधता (20 जनवरी 2025 से 19 जनवरी 2026) वाला पासपोर्ट जारी किया था। याची ने तर्क दिया कि अनुमति मिलने के बाद पासपोर्ट अधिनियम, 1967 में निर्धारित पूर्ण अवधि लागू होनी चाहिए। परंतु पासपोर्ट प्राधिकरण ने विदेश मंत्रालय की 25 अगस्त 1993 की अधिसूचना का हवाला देते हुए कहा कि जब न्यायालय अवधि नहीं बताता, तब पासपोर्ट केवल एक वर्ष के लिए जारी किया जा सकता है। कोर्ट ने मंत्रालय की अधिसूचना, पासपोर्ट अधिनियम और नियमों का परीक्षण कर कहा कि यदि न्यायालय आदेश में अवधि निर्दिष्ट नहीं करता, तो पासपोर्ट की वैधता स्वतः एक वर्ष तक सीमित रहेगी।

# कार्तिक पूर्णिमा आज, ब्रहमचारी घाट पर उमड़ेंगे श्रद्धालु

## नगर पालिका की ओर से कराई गई लाइट और टेंट की व्यवस्था, जगह-जगह भंडारे का आयोजन, पुलिस बल भी रहेगा तैनात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्रद्धालु गंगा की सहायक नदियों देवहा और गोमती में बुधवार को आस्था की डुबकी लगाएंगे। इसको लेकर पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया। श्रद्धालुओं के लिए घाट पर पुल के साथ ही चेंजिंग रूम और गोताखोरों की भी ड्यूटी लगाई है। वहीं देव दिवाली मनाने के लिए प्राचीन गौरीशंकर मंदिर को सजाया गया है। इधर, डीएम-एसपी ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

कार्तिक पूर्णिमा बुधवार को मनाई जाएगी। हर साल की तरह इस बार भी ब्रह्मचारी घाट पर मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रशासन की ओर से बनाए जा रहे अस्थायी पुल का निर्माण मंगलवार देर शाम तक पूरा किया गया। जिससे श्रद्धालु गुजरेंगे। इस बार पुल की चौड़ाई अधिक रखी गई है, दो लेन में पुल पर आवगमन चलेगा। मंगलवार सुबह से ही ब्रह्मचारी घाट पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम श्रद्धा सिंह, ईओ संजीव कुमार समेत पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका की टीम सुबह से ही मौके पर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नगरपालिका की ओर से ब्रह्मचारी घाट पर साफ-सफाई कराई गई। गंगा स्नान के दिन पशुपालकों को अपने जानवर बांधकर रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अस्थायी शौचालय, चेजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। देवहा में पानी अधिक होने के कारण कुंड और अधिक पानी वाले एरिया में बैरिकेडिंग कर दी गई है। साथ ही वहां पर पुलिस बल की ड्यूटी रहेगी। ताकि गहरे पानी की ओर श्रद्धालु नहाने के लिए न जाएं। अलग से व्यवस्था को संभालने के लिए गोताखोरों की भी व्यवस्था कराई गई है। इधर, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और एसपी अभिषेक यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं को परखा। साथ ही संबधित पुलिस फोर्स को ब्रीफ किया। घाट और अन्य स्थानों पर भंडारे का आयोजन भी होगा। शाम छह बजे घाट पर दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। इसके अलावा माधोटांडा स्थित गोमती उद्गम स्थल पर भी कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के दौरान भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी।



व्यवस्थाओं को परखते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह व एसपी अभिषेक यादव व अन्य अफसर।



ब्रहमचारी घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के लिए बनाया गया अस्थायी पुल।

### 200 मीटर पहले लगेगा बैरियर, तैनात रहेगी फोर्स

ब्रहमचारी घाट पर गंगा स्नान वाले दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरु हो जाएगी। पुलिस प्रशासन ने भी एक दिन पहले सुरक्षा व्यवस्था का खाका खींच दिया है। गहरे पानी के आसपास पुलिस बल तैनात रहेगा। घाट से 200 मीटर पहले ही पुलिस की ओर से बैरियर लगाया जाएगा। यहां से किसी भी वाहन को आगे नहीं जाने दिया जाएगा। महिला पुलिस बल भी सिविल ड्रेस में मेले में भ्रमण करेंगी। ताकि कोई छेड़छाड़ की घटना न होने पाए। इसके अलावा एनाउंस की भी व्यवस्था कराई गई। घाट के पास पुलिस की अस्थायी चौकी रहेगी। गंगा स्नान वाले दिन कोतवाली के अलावा अन्य थानों का फोर्स भी लगाया जाएगा।

### सजा गौरीशंकर बाबा का दरबार

देव दिवाली को लेकर प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में भी कई दिन पहले से सफाई करानी शुरू कर दी गई थी। देव दिवाली के उत्सव के लिए बाबा के दरबार को रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया है। गौरीशंकर मंदिर के महंत जय शंकर शर्मा ने बताया कि देव दिवाली को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंदिर प्रागंण में देव दिवाली के उपलक्ष्य में बाबा श्रृंगार भी किया जाएगा। सुबह से ही श्रद्धालुओं के दर्शन करने का सिलसिला जारी रहेगा। इसके अलावा शाम छह बजे दीप प्रज्ज्वलित कर देव दिवाली मनाई जाएगी। इसके बाद शाम साढ़े सात बजे बाबा की श्रृंगार आरती कर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। श्रृंगार गुरुवार दोपहर तक रहेगा।


## कार्यालय ग्रा.पं. खाता नवदिया वि.खं. भदपुरा (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खाता नवदिया में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्नवत् है-ईट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेता व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है। निविदा पंचायत कार्यालय पर दिनांक 04.11.2025 से 07.11.2025 अपरान्ह 2 बजे तक जमा की जाती है जो उसी दिन सायं 4 बजे खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना किसी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | अंसार अहमद के घर से मेवाराम के घर तक सी.सी. व नाली कार्य | 236000/- |
| 2. | वाजिद अली के घर से मो. अब्बास के घर तक सी.सी. व नाली कार्य | 120000/- |

जाहिद अली-ग्राम प्रधान नरेश चन्द्र सागर-सचिव


खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें।

# लापरवाही पर 7 सचिवों से मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीपीआरओ ने तीन दिन के अंदर संचालन शुरू कराते हुए स्पष्टीकरण देने के दिए निर्देश
- बरखेड़ा ब्लाक की 52 ग्राम पंचायतों में ठप पड़ा है आरआरसी सेंटरों का संचालन

**अमृत विचारः** गांवों को कचरा मुक्त करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटरों (एकीकृत ठोस प्रबंधन केंद्र) का निर्माण तो करा दिया गया, मगर इनके संचालन में जिम्मेदार खासी लापरवाही बरत रहे हैं। इधर बीते दिनों मांगी गई एक रिपोर्ट में बरखेड़ा ब्लॉक के 52 आरआरसी सेंटरों का संचालन ठप मिलने पर डीपीआरओ ने 7 लापरवाह सचिवों का जवाब तलब किया है। इन सभी से तीन दिन में सेंटरों का संचालन शुरू कराते हुए स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं।

शासन ने गांवों को कचरा मुक्त बनाने के लिए के लिए जनपद की सभी 720 ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर बनाने के आदेश दिए गए हैं। विभागीय अफसरों के मुताबिक अब तक जनपद की 660 से अधिक ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर बन चुके हैं। वहीं शेष में आरआरसी सेंटरों का निर्माण होना बताया जा रहा है। दरअसल गांवों के सार्वजनिक स्थलों से निकलने वाले कूड़े को एकत्र कर आरआरसी सेंटरों तक पहुंचना था। इसमें वर्मी कंपोस्ट पिट भी बनाए गए थे, ताकि केंचुए और गोबर डालकर खाद बनाई जा सके। इधर करोड़ों रुपये खर्च कर आरआरसी सेंटरों का तो निर्माण करा दिया गया, लेकिन ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मी गांवों से निकलने वाले कूड़े को आरआरसी सेंटरों में न डालकर इधर-उधर डाल रहे हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक भी नालियों समेत जहां-तहां पड़ी दिखाई दे रही है। आरआरसी सेंटरों में बने अधिकांश वर्मी कंपोस्ट पिट भी खाली दिख रहे हैं। इसमें अभी तक न तो गोबर डाला जा रहा है और न ही केंचुए छोड़े गए हैं। ऐसे में गांवों को कचरा मुक्त बनाने की शासन की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। हालांकि आरआरसी सेंटरों के संचालन को लेकर जिला स्तर से संबंधित सचिवों को लगातार दिशा निर्देश भी दिए जा रहे हैं। बीते दिनों जिला स्तर से सभी एडीओ पंचायत से आरआरसी सेंटरों के संचालन एवं उनसे अर्जित धनराशि (ओएसआर) की सूचना मांगी गई थी। बरखेड़ा ब्लाक से आई रिपोर्ट में मुताबिक ब्लाक की 52 ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर का संचालन ठप पड़ा हुआ है। वहीं इन सभी सेंटरों से आज तक कोई भी ओएसआर की धनराशि भी अर्जित नहीं की गई।

### समयावधि में नहीं हुआ संचालन तो कार्रवाई तय

बरखेड़ा ब्लॉक में 52 आरआरसी सेंटरों का संचालन ठप पड़ा होने का मामला संज्ञान में आने पर डीपीआरओ रोहित भारती ने ब्लॉक के पंचायत सचिव सुमित कुमार, योगेश कुमार, रोशनी वर्मा, लाल बहादुर गंगवार, रमावीर, रुपेश कुमार और राजकुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन अंदर जवाब दाखिल करने के साथ आरआरसी सेंटर का संचालन शुरू कर ओएसआर अर्जित करते हुए ग्राम पंचायत के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समयावधि के अंदर संचालन शुरू न कराने वाले सचिवों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इस संबंध में डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि आरआरसी सेंटर संचालन में लापरवाही पर सात सचिवों का स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

# यातायात माहः बच्चों की जान से हो रहा खिलवाड़, जिम्मेदार बेपरवाह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** यातायात माह के बीच शहर में नौनिहालों की सुरक्षा से खुला खिलवाड़ हो रहा है, और जिम्मेदार नजरअंदाज कर रहे हैं। स्कूली बच्चों को रोजाना ई-रिक्शों में ठूसकर स्कूल ले जाया जा रहा है। जिन वाहनों को स्कूली परिवहन के रूप में पंजीकृत तक नहीं किया जा सकता, वे निर्भीक होकर बच्चों की जान को जोखिम में डाल रहे हैं। तर्क ये भी है कि अभिभावक अपने स्तर से बच्चों को भेज रहे हैं।

स्कूली वाहनों की फिटनेस पर आए दिन सवाल उठते हैं। लागू नियमों का पालन अधिकांश वाहनों में मिलता ही नहीं। वाहनों की फिटनेस को लेकर भले स्कूल संचालक और अफसर तमाम दावे करते हो, लेकिन उनकी हालत देखकर ही हकीकत बयां हो जाती है। पूर्व में ही स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहनों की फिटनेस चेक करने के आदेश किए जा चुके हैं। मगर, माह नवंबर अभियान के दौरान भी लापरवाही बरती जा रही है। पांच या सात बच्चों की क्षमता वाले ई-रिक्शा में 10 से 12 बच्चे तक बैठा दिए जा रहे हैं। कई बच्चे लटककर सफर करने को मजबूर हैं। चालक के पास खुद बैठने और हैंडल मोड़ने की भी जगह नहीं बचती। शहर की टूटी सड़कों पर यह खतरे की रफ्तार जारी है। इतना ही नहीं जर्जर ई-रिक्शों में भी स्कूली बच्चों को बैठाया जा रहा है। ई-रिक्शा पलटने के मामले कई बार सामने आ चुके हैं। बावजूद इसके विभागों ने केवल औपचारिक जांच और दिखावटी कार्रवाई तक ही खुद को सीमित रखा। शहर में अनेक ई-रिक्शा बिना पंजीकरण के दौड़ रहे हैं। कई को नाबालिग चला रहे हैं, तो कई ऐसे हैं जिनके चालक उम्रदराज और अनफिट हैं।



क्षतिग्रस्त हालत के ई-रिक्शा में स्कूली बच्चे।

- स्कूली वाहन में पंजीकृत नहीं हो सकता ई-रिक्शा, फिर भी ले जाए जा रहे नौनिहाल
- कई बार हो चुके हादसे फिर भी नहीं सुधरे हालात, कार्रवाई औपचारिकता में सिमटी

> ई-रिक्शा का पंजीकरण स्कूली वाहन के तौर पर नहीं हो सकता। इसे लेकर कार्रवाई पूर्व में भी की गई है। ई-रिक्शा सीज भी किए गए थे। स्कूल संचालकों को भी इसे लेकर अवगत करा दिया गया है। आगे और सख्ती कराई जाएगी। अभिभावकों को जागरुक करने के लिए गोष्ठी भी कराएंगे। - **वीरेंद्र सिंह** एआरटीओ


## कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर खीरी

पत्रांक: 1608/जननिर्माण/एम.बी.एल./2025-26 दिनांक: 03.11.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ के पत्र संख्या-842/2025/नौ-5-2025/नौ-5-2025/001-/001- Com.No.1913285 दिनांक 29 मार्च, 2025 द्वारा पेयजल हेतु व्यवस्था योजना की प्रथम किश्त के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से पेयजल कार्यो हेतु दिनांक 03.11.2025 सायं 05:00 बजे से दिनांक 24.11.2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि- 03.11.2025 सायं 05:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि- 24.11.2025 पूवान्ह 11:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि- 25.11.2025 अपरान्ह 04:00 बजे से।
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं www.npplakhimpur.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

संजय कुमार, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, लखीमपुर
डॉ. इरा श्रीवास्तव, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, लखीमपुर



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

पत्रांक 3624/ई0 - टेण्डर / 4ए दिनांक: 30.10.2025

**आन-लाइन अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार आन लाइन ई-निविदा (स्वीकृति की प्रत्याशा में) दिनांक 06.11.2025 से दिनांक 15.11.2025 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 15.11.2025 को ही अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | निविदा की जमानत धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (टेण्डर फीस + स्टेशनरी चार्ज + जी0एस0टी0) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों का आवश्यक पंजीकरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद शाहजहाँपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त तिकोला पुल की पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग की मरम्मत का कार्य। | 21.45 | 2.15 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 2 | जनपद शाहजहाँपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में गुल्लाह से अजीत नगला वाया कुठला रसूलपुर मार्ग पर आबादी में सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। | 29.10 | 2.91 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 3 | जनपद शाहजहाँपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत चौक मनोरथपुर सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0, नाली निर्माण एवं शेष भाग की मरम्मत का कार्य। | 32.40 | 3.24 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 4 | जनपद शाहजहाँपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त दरियागंज से अंटा सम्पर्क मार्ग सम्पर्क मार्ग सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य। | 7.90 | 0.79 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 5 | जनपद शाहजहाँपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त बाढ से क्षतिग्रस्त भरतापुर चिकटिया से पहाड़पुर सम्पर्क मार्ग सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य। | 11.50 | 1.15 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 6 | जनपद शाहजहाँपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुरादाबाद फर्रूखाबाद मार्ग से लखनपुर सम्पर्क मार्ग आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य। | 33.40 | 3.34 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 7 | जनपद शाहजहाँपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त कटरा सिउरा से वैवहा सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य। | 24.10 | 2.41 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 8 | कादरदादपुर लिन्थरा सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य | 16.80 | 1.68 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 9 | जनपद शाहजहाँपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत एल0बी0 मार्ग के किमी0 - 491 से भैसटाकलां सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0, नाली निर्माण एवं शेष भाग की मरम्मत का कार्य। | 16.45 | 1.65 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |

निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http:/etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

UP - 239896 दिनांक: 03/11/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि बदायूं।

पत्रांक 3045 / निविदा / 2025 दिनांक 28 / 10 / 2025

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियंता, प्रा0ख0,लो0नि0वि0, बदायूँ के कार्यक्षेत्रान्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई-निविदा प्रतिशत दरों पर दिनांक 10.11.2025 से दिनांक 18.11.2025 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता बिड से सम्बन्धित समस्त अभिलेखों एवं नियम/शर्तो का भली-भाँति परीक्षण कर लें। ई-निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 18.11.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू लाख में) | धरोहर धनराशि (रू लाख में) | निविदा मूल्य रूपये में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | दातागंज विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत दातागंज समरेर बल्लिया(अजिमा) मार्ग के किमी0-2 से 9 में थर्मोप्लास्टिक पेंट से सेन्टर/ ऐज लाइन लगाने का कार्य। | 12.00 | 1.20 | 856 | 1 Month | ए0बी0सी0डी0 (रोड साइनेज) |
| 2 | दातागंज विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत विनावर विलहत तुगलापुर मूसाझाग (अ0जि0मा0) मार्ग पर थर्मोप्लास्टिक एवं सडक सुरक्षा का कार्य। | 17.30 | 1.73 | 944 | 1 Month | ए0बी0सी0डी0 (रोड साइनेज) |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तें बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(नरेश कुमार) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोनिवि, बदायूँ

UP - 239823 दिनांक: 03/11/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# सत्ता नहीं, व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई लड़ रही पार्टी : अनुप्रिया पटेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बोलीं, 30 वर्ष के संघर्ष में प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गए हम लोग

**अमृत विचार :** अपना दल (एस) के स्थापना दिवस पर अर्बन हाट में आयोजित सम्मेलन में कार्यकर्ताओं के जोश ने माहौल को पूरी तरह चुनावी रंग में रंग दिया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं रासायन उर्वरक राज्यमंत्री व अपना दल सोनेलाल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने सम्मेलन में अपनी पार्टी के 30 वर्षों के सफर को 'व्यवस्था परिवर्तन' की लड़ाई बताया। कहा कि उनके पिता डॉ. सोनेलाल पटेल ने सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि हमेशा व्यवस्था परिवर्तन की बात कही थी। अपना दल आज भी सत्ता सुख भोगने वाली पार्टी नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई लड़ रही है। समाज के जो वर्ग अब तक पीछे हैं, उन्हें आगे लाना हमारा उद्देश्य है।



स्थापना दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करतीं राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल।

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मंच पर पहुंचते ही जिलाध्यक्ष एड. अनुज गंगवार की तारीफ की और मुस्कराते हुए कहा कि बरेली की यह भीड़ हमारी पार्टी के लिए नई ऑक्सीजन है। इस भीड़ ने बता दिया कि अपना दल अब सिर्फ पूर्व की पार्टी नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की ताकत है। कहा शुरू में थोड़ा डर लग रहा था बरेली में कार्यक्रम है, लेकिन अब तो लगता है कि हम पश्चिम में भी अपनी जमीन मजबूत कर चुके हैं। कहा स्थापना दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि इतिहास के पन्ने पलटने और संकल्प दोहराने का दिन है। 30 वर्षों की संघर्षपूर्ण यात्रा के बाद आज अपना दल उत्तर प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गया है। कहा कि अपना दल अब छोटा पौधा नहीं रहा, विशाल वट वृक्ष बन चुका है। जिन्हें हमारी पार्टी की तरक्की से बेचैनी हो रही है, वे संभल जाएं, वरना उन्हें हार्ट अटैक भी आ सकता है। याद दिलाया कि एक समय मीडिया उन्हें ''''वोट कटवा'''' पार्टी कहता था, लेकिन कार्यकर्ताओं के अथक संघर्ष और डॉ. सोनेलाल पटेल की सोच के कारण पार्टी इस मुकाम पर पहुंची कि लोग देख रहे हैं कि अपना दल (एस) कैसे परचम लहरा रहा है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 2890 / ई-निविदा / 2025-26 दिनांक 28 / 10 / 2025

ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 06.11.2025 से 15.11.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की गयी हैं, जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 15.11.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

| S.No. | Name of Work | Name of Division | Estimate Cost (In Lacs) | Bid Security (In Lacs) | Tender Fee (Stationary Charges + GST) | Date Of Completion | Category |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद बरेली में ऑवला-अलीगंज-गैनी के किमी0 1 से 14 मे रोड साइनेज का कार्य। | Executive Engineer CD-1, P.W.D., BLY | 28.30 | 2.83 | 944.00 | 01 माह | A, Signage Work |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद बरेली में मीरगंज में सिरौली चौराहा से मीरगंज तहसील तक रोड साइनेज का कार्य। | Executive Engineer CD-1, P.W.D., BLY | 2.48 | 0.25 | 679.00 | 01 माह | A, Signage Work |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली
अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली

UP - 239812 दिनांक: 03/11/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# पांच दिवसीय शरदकालीन गोमती महोत्सव की शुरुआत

- जनप्रतिनिधि और डीएम समेत कई अफसर हुए शामिल

**पीलीभीत, अमृत विचारः** कलीनगर तहसील क्षेत्र स्थित गोमती उद्गम स्थल पर मंगलवार से शरदकालीन गोमती महोत्सव की शुरुआत हो गई। ये 8 नवंबर तक चलेगा।

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आदि गंगा मां गोमती उद्गम तीर्थ स्थल में शरदकालीन गोमती महोत्सव की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, नगरपालिकाध्यक्ष पीलीभीत डॉ. आस्था अग्रवाल, डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने संयुक्त रुप से हवन पूजन, दीप प्रज्वलन और फीता काटकर कराई। स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित रंगोली बनाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गोमती महोत्सव के दौरान महाआरती और रामलीला का मंचन किया गया। शाम 6 बजे से 10 बजे तक रामचरित मंचन, 6 को क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक श्रीराम लीला का मंचन होगा। 7 को दोपहर 3 बजे से पोस्टर प्रतियोगिता होगी। 8 को अंतिम दिन दोपहर 3 बजे से पुरस्कार वितरण होगा।



खुद पर विजय प्राप्त करना, लाखों शत्रुओं पर विजय पाने से बेहतर है।

–महावीर स्वामी

## नाभिकीय त्रिकोण में हम

ट्रंप ने यह धमाकेदार रहस्योद्घाटन कर सब को चौंकाना चाहा कि पाकिस्तान, चीन, रूस, उत्तर कोरिया गुप्त भूमिगत परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। ट्रंप के अधिकांश बयानों की भांति उनका कथन सुर्खियां तो बटोर ले गया, लेकिन उनके कथ्य पर सत्य और तथ्य की मुहर नहीं लगी। उनके दावे की पुष्टि किसी विश्वसनीय और खुले स्रोत से नहीं हुई। परमाणु सामग्री-शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी इन गुप्त भूमिगत परीक्षणों के बारे में खामोश है, आरोपी पाकिस्तान ने किसी न्यूक्लियर एक्सप्लोसिव परीक्षण से इनकार किया तो चीन ने भी अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन कर दिया, हालांकि जैसे ट्रंप विश्वसनीय नहीं हैं, उसी तरह चीन और पाकिस्तान भी, सो ट्रंप की बात आधारहीन है तो पाकिस्तान और चीन का इनकार भी। संभव है अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को यह पता हो पर पुष्टिकारक स्रोत के अभाव में वे सार्वजनिक दावा नहीं कर रही। मुमकिन है कि ट्रंप का बयान खुफिया सूत्रों के हवाले से हो।

ट्रंप की बात पर इसलिए भी कान तो दिया जा सकता है कि वर्तमान वैश्विक परमाणु हथियार-और-प्रदर्शन परिदृश्य में इसके संकेत मिल रहे हैं, जैसे रूस का पोसीडोन अंडरवाटर न्यूक्लियर ड्रोन परीक्षण। ट्रंप ने कहा है कि यदि दूसरे देश परीक्षण कर रहे हैं, तो अमेरिका भी पीछे नहीं रहेगा, तो क्या अपने नाभिकीय परीक्षणों के लिए वे इस बयान तथा भभकी की आड़ ले रहे हैं। जो भी हो पारंपरिक युद्ध क्षमताओं के सीमित विकल्पों के बाद परमाणु हथियारों की प्रतिस्पर्धा एवं रणनीतिक निरोध-क्षमता को मजबूत करने, क्षेत्रीय दबदबा बढ़ाने के लिए यदि वास्तव में रूस-चीन-पाकिस्तान गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, तो यह स्थिति भारत के लिए चिंतनीय है, क्योंकि वह चीन और पाकिस्तान जैसी परमाणु ताकतों के त्रिकोण में अवस्थित है।

भारत ने 1998 के बाद कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है, इस नए परिदृश्य तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हमें बिना पुष्टि के अति प्रतिक्रियात्मक नहीं होना चाहिए। गुप्त परीक्षणों के प्रति सक्रिय मॉनिटरिंग व इंटेलिजेंस के जरिए अपने संज्ञान एवं निगरानी-संस्थान मजबूत करने के साथ अपने रक्षा-रणनीति का पुनराकलन करना होगा। प्रतिद्वंद्वी देश सक्रिय हैं, तो निष्क्रिय बने रहना रणनीतिक कमजोरी होगी। भारत को स्पष्ट करना चाहिए कि वह हथियार के 'नो फर्स्ट यूज' नीति का हामी है, पर तकनीकी रूप से सुरक्षा-आवश्यकतानुसार परमाणु प्रणालियों का परीक्षण तथा पड़ताल अवश्य करेगा। परीक्षण न हो तो भी मौजूदा हथियार प्रणालियों, कमांड-कंट्रोल संयंत्र इत्यादि को परीक्षण-सक्षम बनाना चाहिए। सीटीबीटी और एनपीटी जैसे समझौतों पर हस्ताक्षर न करने की स्थिति में भारत परमाणु परीक्षणों के लिए किसी की अनुमति का मुखापेक्षी नहीं है। उसे अमेरिका के दबाव में कतई नहीं आना चाहिए। इस बारे में सतर्क दृष्टिकोण अपनाते हुए अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखनी चाहिए। मजबूत वैश्विक दबाव में आने के बजाए, भारत सामरिक संवाद एवं निरस्त्रीकरण की स्थापना पर खुद पहल ले। फिलहाल जहां ट्रंप के दावे अपुष्ट हैं, वहीं रणनीतिक रूप से यह संकेत भी हैं कि परमाणु-प्रतिस्पर्धा पुनर्जीवित हो रही है।

### प्रसंगवश

## प्रकाश पर्व: 'नाम जपो, किरत करो, वंड छको'

जिस समय गुरु नानक देव जी का प्रकाश हुआ, हिन्दुस्तानवासियों की राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक दशा बहुत दयनीय थी। ठगी, चोरी, फरेब, धोखाधड़ी, चालाकी, मक्कारी का बोल-बाला था। गुरु नानक देव जी ने मलार राग में श्री गुरु ग्रंथ साहिब में अंग 1288 पर अंकित वाणी में वर्णन किया 'राजे सीह मुकदम कुत्ते। जाये जगाइन्ह बैठे सुत्ते। चाकर नहदा पाइन्ह घाउ। रतु पितु कुतिहो चटि जाहु।' सारा धर्म-करम सिर्फ माया के लिए ही होता था। 'कादी कूड़ बोल मल खाइ। ब्राह्मण नावै जीया घाइ। जोगी जुगति न जाणै अधुं। तीने ओजाडे का बंधु।'

पिता कल्यान दास मेहता जी (पटवारी) के घर में माता त्रिपता जी से नानक जी जब जन्मे, तब दाई दौलतां, हंसते हुए बालक को देखकर स्तब्ध रह गईं। कुछ समय बीतने के बाद पुरोहित पंडित गोपाल दास ने नाम नानक रखा। नानक जी की बहन का नाम बेबे नानकी जी, जो कि बाबा नानक जी से पांच वर्ष बड़ी थीं। बटाला निवासी मूलचंद खत्री की पुत्री सुलखनी जी से नानक जी का विवाह हुआ, जिनसे उनके दो पुत्र बाबा श्री चंद जी एवं बाबा लख्मी दास जी हुए।



**मालिक सिंह कालड़ा**
अध्यक्ष, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा, बरेली

पांच साल की उम्र में जब पांधे के पास पढ़ने गए, तो पांधे से ॐ के अर्थ पूछने लगे। पांधे के पास उनकी बातों का कोई जवाब नहीं था। ऐसे ही काजी के पास जब फारसी पढ़ने गए, शब्दों के अर्थ पूछने लगे। न बताने पर फुरमाया: 'यक अरज गुफतम पेसि तो दर गोसि कुन करतार'। थोड़े बड़ा होने पर पिता ने गुरु नानक को व्यापार करने के लिए 20 रुपये दिए। रास्ते में मिले भूखे साधुजनों को भोजन कराने में 20 रुपये खर्च कर दिए। उनके पिता को जब यह जानकारी प्राप्त हुई, गुस्से में उन्होंने नानक जी को बहुत डांटा, लेकिन राय बुलार, जोकि बाबा नानक को पहचान चुके थे, उन्होंने कहा, नुकसान की आपूर्ति मैं कर देता हूं। नानक को आज के बाद कभी भी कुछ न कहा जाए।

गुरु नानक देव जी ने चार उदासियां कीं-

पहली उदासी- पूरब (1500-1505)- इस यात्रा में गुरु नानक देव जी ने पंजाब सुल्तानपुर लोधी से हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल, सिक्किम, भूटान, ढाका, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, चटगांव से होते हुए बर्मा (म्यांमार) की यात्रा की व सुल्तानपुर लोधी वापिस आ गए।

दूसरी उदासी- दक्षिण (1506-1509)- सुल्तानपुर लोधी से यात्रा में गुरु नानक देव जी ने पश्चिमी पंजाब (पाकिस्तान), सिंध, समुद्री तट के इलाके घूमते हुए गुजरात, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु के तटीय इलाकों से होते हुए श्री लंका की यात्रा की।

तीसरी उदासी- उत्तर करतारपुर से (1514-1516) की। इस यात्रा में गुरु नानक देव जी ने हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, तिब्बत (सुमेर पर्वत का इलाका) होते हुए लेह-लद्दाख, कश्मीर, अफगानिस्तान (काबुल), पश्चिमी पंजाब की यात्रा की और वापस करतारपुर साहिब आ गए।

चौथी उदासी- पश्चिम करतारपुर साहिब से (1519-1521 ई)। इस यात्रा में गुरु नानक जी ने मुल्तान, सिंध, बलोचिस्तान, जैदा, मक्का की यात्रा की और मदीना, बगदाद, खुरमाबाद, ईरान (यहां उनके साथी भाई मरदाना का निधन हो गया था), इसफाहान, काबुल, पश्चिमी पंजाब से होते हुए करतारपुर साहिब लौटे। गुरु नानक जी का मुख्य सिद्धांत था- 'नाम जपो, किरत करो, वंड छको' यानी ईश्वर का नाम जपना (नाम जपो), ईमानदारी से मेहनत करना (किरत करो) व कमाया धन दूसरों में बांटना (वंड छको)।

## कनाडा से सुधरते रिश्ते शुभ संकेत





**नवीन गुप्ता**
बरेली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ वाली नीतियों से ऊब चुका कनाडा अब भारत से रिश्ते तेजी से सुधारने में लगा हुआ है। टैरिफ के विरोध में कनाडा द्वारा प्रकाशित किए गए विज्ञापन से नाराज ट्रंप ने ट्रेड डील संबंधी वार्ता को न सिर्फ रद्द किया, बल्कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को सार्वजनिक माफी मांगने के लिए भी मजबूर किया। कार्नी ने माफी तो मांग ली, लेकिन उनके मन में यह टीस अब भी कायम है। यही वजह है कि कार्नी ने भारत के साथ उन सभी विवादित मामलों को सुलझाने के संकेत दिए हैं, जो उनके पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री के कार्यकाल में उपजे थे।

कार्नी ने एशिया-पैसिफिक इकोनॉमिक कोऑपरेशन समिट के बाद एलान किया कि कनाडा तेजी से नई साझेदारियों को विकसित कर रहा है। दुनिया के सबसे तेज बढ़ता क्षेत्र एशिया-पैसिफिक है, जो ग्लोबल इकोनॉमी का 60 प्रतिशत हिस्सा है। भारत वहां सबसे अहम पार्टनर बन रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी सीधी मुलाकात तो नहीं हुई है, लेकिन दोनों देशों के बीच डिप्लोमैटिक बातचीत निरंतर चल रही है। दोनों देशों के विदेश मंत्री भी इस संबंध में बातचीत कर रहे हैं।

कार्नी भारत की अहमियत को समझ रहे हैं। उन्हें इस बात का एहसास है कि ट्रंप ने टैरिफ के दम पर ही जापान समेत दुनिया के कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों को झुका लिया और मनमाफिक व्यापार समझौता भी कर लिया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप की एक न चलने दी। उन्होंने स्पष्ट कह दिया कि उनके लिए भारत के किसानों, श्रमिकों और नौजवानों का हित ही सर्वोपरि है। उनके इस संदेश के बाद राष्ट्रपति ट्रंप के सुर बदले हैं और वे अब फिर लगातार विभिन्न मंचों पर मोदी की तारीफ पर तारीफ कर रहे हैं। भारत लगातार विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता कर रहा है। भारत और कनाडा के बीच मुक्त व्यापार समझौता वार्ता राजनीतिक तनाव के कारण 2023 से रुकी हुई है। कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद दोनों देशों ने पुनः बातचीत शुरू की है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस पर सहमति बन जाएगी और समझौता हो जाएगा। हाल ही में कनाडा की विदेश मंत्री अनिता आनंद ने भारत दौरे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की थी और ट्रेड, एनर्जी और क्रिटिकल मिनरल्स को लेकर बातचीत हुई थी।

यहां यह बताना जरूरी है कि 2023 में खालिस्तानी आतंकी की हत्या के बाद भारत और कनाडा के रिश्ते खराब हो गए थे। कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने तो आतंकी की हत्या में भारत का हाथ बता दिया था, लेकिन कार्नी की पहल के बाद अब उम्मीद जगी है कि दोनों देश अपने रिश्ते को पटरी पर लाने के लिए लालायित हैं। इससे कनाडा के साथ ही भारत को भी फायदा होगा।

भारत सरकार भी विभिन्न समझौतों के जरिए अपने निर्यात को बढ़ाने में लगी हुई है। ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ से चर्म उत्पाद समेत कई उत्पादों के निर्यातकों के करोड़ों के आर्डर रद्द हुए हैं। ऐसे में भारत की कोशिश है कि जल्द से यूरोपियन यूनियन, यूरेशियन यूनियन समेत कई और संघों से मुक्त व्यापार समझौता हो जाए। अगले साल मार्क कार्नी भारत आ सकते हैं। उनके इस दौरे पर कई अहम समझौते भी होने की उम्मीद है। अमेरिका ने भारत, ब्राजील के साथ ही चीन पर भी टैरिफ का दांव खेला था, लेकिन बाद में दोनों देशों के राष्ट्रपतियों की बैठक में टैरिफ की वजह से आई तल्खी न सिर्फ कम हुई, बल्कि ट्रंप ने टैरिफ कम करने पर सहमति भी जताई।

50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद न सिर्फ भारत का चीन में निर्यात तेजी से बढ़ा है, बल्कि यूरोपीय देशों में भी भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ी है। अमेरिका से ट्रेड डील में आ रही अड़चनों से कनाडा भी परेशान है। यही वजह है कि भारत से खराब हुए रिश्ते को सुधारकर अपने उत्पादों की पहुंच भारत के बाजार तक और आसान करने की कोशिश मार्क कार्नी कर रहे हैं।

कनाडा में खालिस्तानी आतंकियों की बढ़ती सक्रियता भारत के लिए चिंता का विषय है। भारत सरकार कनाडा की हुकूमत से लगातार उन पर शिकंजा कसने की मांग करती रही है। इस दिशा में भारत की कूटनीतिक स्तर पर हुई बातचीत सफल होती दिख रही है। अगर खालिस्तानी आतंकियों पर कनाडा कार्रवाई करता है, तो निश्चित रूप से भारत से उसके रिश्ते और बेहतर होंगे। अन्य समझौते चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हों या व्यापार के क्षेत्र में आसानी से हो सकेंगे। दोनों देशों के बीच गैस, हाइड्रोजन और जैव ईंधन जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों में साझेदारी पर सहमति बन चुकी है। यह समझौता होने पर भारत की 'नेट जीरो' ऊर्जा नीति को मजबूती मिलेगी और कनाडा को एशियाई ऊर्जा बाजार में बड़ा सहयोगी मिल जाएगा।

भारत और कनाडा, टोरंटो में 2026 में पहली 'क्रिटिकल मिनरल्स एनुअल डायलॉग' बैठक आयोजित करने जा रहे हैं। इस बैठक में कई अहम निर्णय लिए जाने हैं। यह भारत की बैटरी, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडस्ट्री के लिए अहम होगी। चूंकि कनाडा और भारत दोनों ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति से परेशान हैं, ऐसे में विभिन्न क्षेत्रों में समझौते होने में कोई दिक्कत नहीं आएगी, ऐसा आर्थिक विशेषज्ञ भी मानते हैं।

> भारत और कनाडा, टोरंटो में 2026 में पहली 'क्रिटिकल मिनरल्स एनुअल डायलॉग' बैठक आयोजित करने जा रहे हैं। इस बैठक में कई अहम निर्णय लिए जाने हैं।

### आमने सामने



पीएम बिहार में ऐसे घूम रहे हैं, जैसे उनके बेटे की शादी हो। मोदी नीतीश कुमार को डुबाने की चाल चल रहे हैं और चुनाव के बाद उन्हें किनारे कर अपने किसी चेले को मुख्यमंत्री बना देंगे। नीतीश जी को दूध में से मक्खी की तरह निकाल दिया जाएगा।

–मल्लिकार्जुन खड़गे
कांग्रेस अध्यक्ष

अगर कांग्रेस के युवराज की शादी होती है, तो प्रधानमंत्री मोदी उसमें भी शामिल होंगे। ये लोग पहले हिंट एंड रन की राजनीति करते हैं, फिर माफी मांग लेते हैं। सरकार बनने पर हम इनको गंगाजल से शुद्ध करेंगे। भाजपा ने नीतीश कुमार को लेकर साफ नारा दिया है– 2025 में नीतिशे कुमार।

–गिरिराज सिंह
केंद्रीय मंत्री



## बिहार चुनाव में निर्णायक होंगी महिला वोटर



**डॉ. रमेश ठाकुर**
लेखक

बीते कुछ दशकों से बिहार की आधी आबादी, पुरुष मतदाताओं के मुकाबले सर्वाधिक मतदान कर रही हैं। वो अपने बूते जिसे चाहें उसे सत्ता सौंपने का मादा रखती हैं। हालिया, कुछ चुनावी सर्वेक्षण इस बार भी ऐसे ही संकेत दिखा रहे हैं। सर्वे बताते हैं कि बिहार चुनाव में महिलाएं लैंगिक सियासत की बदलती गतिशीलता की नई तस्वीर पेश करेंगी। हिंदी पट्टी वाले राज्यों में चुनावी समर में पुरुषों के मुकाबले महिला ज्यादा बढ़चढ़ कर हिस्सा लेती हैं, जिनमें बिहार सबसे अव्वल है। चुनाव चाहे सांसदी के हों या विधानसभा के या फिर पंचायत के, सभी में महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत सर्वाधिक रहा है। पूर्व के इन आंकड़ों को देखते हुए बिहार चुनाव में तकरीबन सभी सियासी दल महिला वोटरों पर ही ज्यादा दांव लगा रहे हैं। कुल मिलाकर, बिहार का मौजूदा चुनावी गणित आधी आबादी के ईद-गिर्द ही घूम रहा है।

इस बार भी महिला वोटर शांत दिखाई पड़ता है। महिलाएं चुनावी झूठे वादों में फंसेंगी या नहीं? चुनावी वायदों को महिलाएं अपने नजरिए से परख रही हैं। बिहार के चुनावी उत्सव में चाहे महिला वोटर हों या विधायक, एकाध दशकों में इनकी भागीदारी सरकारों में भी रही है। विधानसभा-2020 में महिला उम्मीदवारों ने रामनगर, धमदाहा, प्राणपुर, कोढ़ा, गौराबौराम, गोपालगंज, राजापाकर, महनार, कटोरिया, मोकामा, मसौढ़ी, संदेश, नोखा, नरकटियागंज, बेतिया, केसरिया, परिहार, बाबूबरही, फुलपरास, त्रिवेणीगंज, शेरघाटी, बाराट्टी, हिसुआ, बारसलीगंज और जमुई में विजयी पताका लहराया था।

महिलाओं के लिए मौजूदा विधानसभा-2025 चुनाव यह निर्धारित करेगा कि जनकल्याण के माध्यम से सशक्तीकरण वास्तविक स्वायत्ता में तब्दील होता है या सिर्फ चुनावी सुविधा ही बनकर रह जाएगा। पिछले आंकड़ों को देखकर भाजपा का पूरा फोकस महिलाओं पर है। तभी उन्होंने चुनाव तारीखों की घोषणा से पूर्व ही 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार' स्कीम के तहत लगभग 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में दस-दस हजार रुपये की नकद धनराशि पहले ही भेज दी।

पैसा पाकर महिलाएं खुश जरूर हैं, लेकिन इस बात की गारंटी नहीं है कि वह 'नोट के बदले वोट' देंगी भी या नहीं? इस स्कीम पर महिलाओं को संशय इसलिए है कि ये घोषणा नीतीश कुमार ने नहीं, बल्कि दिल्ली से प्रधानमंत्री द्वारा हुई, क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी एक घोषणा उन्हीं के द्वारा की गई थी, जो अभी तक लागू नहीं हुई है। इन सभी तथ्यों की समीक्षाएं महिलाएं इस बार कर रही हैं। महिला वोटरों को रिझाने में कोई भी सियासी दल पीछे नहीं हैं? सभी अपनी-अपनी हैसियत के अनुसार वादा कर रहे हैं? जबकि, बिहार में दूसरा सबसे मजबूत दल आरजेडी ने तो प्रत्येक परिवार के एक-एक सदस्य को नौकरी देने की भी घोषणा की है।

चुनाव आयोग के मुताबिक बिहार में 100 में 48 फीसदी वोटर महिलाएं हैं। पिछले चुनाव में रिकॉर्ड 40 फीसदी मतदान महिलाओं ने एनडीए के पक्ष में किया था। इतनी वोटिंग इस बार भी जिस दल के पक्ष में होगी, वही बाजी मारेगा, हालांकि पिछले विधानसभा-2020 के चुनाव में जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शराबबंदी का एलान किया था, तो उस एलान को महिलाओं ने हाथों-हाथ लिया।

वोटरों के अलावा उम्मीदवार के तौर भी दर्जनों महिलाएं इस बार भी मैदान में हैं। 11 विधानसभाओं में 10 पुरुष वोटरों की तुलना में 9 महिला मतदाता हैं। 11 विधानसभा क्षेत्रों से ही लिंगानुपात ठीक होने पर महिला विधायक निर्वाचित हुईं, जिनमें त्रिवेणीगंज, धमदाहा, कोढ़ा, राजापाकर, कटोरिया, संदेश, शेरघाटी, बाराचट्टी, हिसुआ, वारसलिगंज और जमुई विधानसभा शामिल हैं।

विधानसभा चुनाव-2020 में एनडीए के लिए शराबबंदी का वादा तुरुप का पत्ता साबित हुआ था। महिलाओं ने खुलकर जेडीयू का समर्थन किया था, हालांकि वह वादा धरातल पर उतना कारगर साबित नहीं हुआ, जितने की उम्मीद महिलाएं लगाकर बैठी थीं, क्योंकि लोग शराब अब पी रहे हैं। ऐसा भी नहीं हुआ कि शराबबंदी के बाद बिहार में शराब का कहीं कोई टोटा दिखा हो। जितनी चाहो उतनी शराब तस्कर शराब मुहैया करवा देते हैं। चोरी-छिपे धड़ल्ले से शराब की तस्करी जोरों पर है। शराबबंदी में शराब माफिया चांदी काट रहे हैं। प्रशासनिक मिलीभगत से अवैध शराब का धंदा खूब फलफूल रहा है। इसलिए इस बार महिलाओं का रुझान किधर मूव करेगा, ये भी कहना जल्दबाजी होगा।

महिलाएं निर्णायक भूमिका में होंगी, ये बात नीतीश से लेकर प्रधानमंत्री, तेजस्वी यादव भी जानते हैं। वहीं, महाराष्ट्र की तरह इस चुनाव से भाजपा अपना स्वयं का प्रभुत्व स्थापित करना चाहती है। इस दिशा में उन्होंने जेडीयू और अपने लिए बराबर-बराबर सीट बांटकर पहला कदम बढ़ा भी दिया है। दोनों दल 101-101 सीटों पर लड़ रहे हैं। चुनाव परिणाम में अगर भाजपा की एक भी सीट इस दफे ज्यादा आई तो उनका मुख्यमंत्री बन सकता है। सवाल यह है कि अगर ऐसा हुआ तो क्या नीतीश कुमार फिर से पलटी मारने में देर करेंगे? जो भी हो, बिहार में चुनाव अपनी उफान पर है और महिला वोटर शांति से गुणा-गणित में लगी हैं। निश्चित ही वह इस बार भी किंग मेकर होंगी।

> बीते कुछ दशकों से बिहार की आधी आबादी पुरुष मतदाताओं के मुकाबले सर्वाधिक मतदान कर रही है। ये महिलाएं अपने बूते जिसे चाहें उसे सत्ता सौंपने का मादा रखती हैं।

### सोशल फोरम

## एक लेखक पिता का पत्र प्रेमी पुत्र के नाम

नोबेल पुरस्कार विजेता अमेरिकी लेखक जॉन स्टेइनबेक के बेटे को सूज़ैन नाम की एक लड़की से प्रेम हो गया था। उसने पिता को पत्र लिखकर इस बारे में बताया। जवाब में पिता ने बेटे को हिदायतों भरा जो यादगार खत लिखा, उसे पढ़ें...



**राजीव थेपड़ा**
ब्लॉगर

न्यू यॉर्क
नवंबर 10, 1958
मेरे बेटे टॉम,

तुम प्रेम में हो- इससे अच्छी बात कोई दूसरी नहीं हो सकती और कभी भी किसी को इसे छोटा या हलका बनाने की इजाजत मत देना, लेकिन प्रेम कई प्रकार का होता है। एक तो होता है स्वार्थी, अहंकारी किस्म का प्यार, जिसमें हम स्वयं को ही अधिक महत्व देने की कोशिश करते हैं। यह कुरूप है।

दूसरा होता है वैसा प्यार, जिसमें हम अपने भीतर की तमाम अच्छाइयों, कोमलता, उदारता, सम्मान और सुंदरताओं को किसी पर उंडेल देना चाहते हैं। इस प्रेम में हम किसी का महज सामाजिक शिष्टाचारवश सम्मान नहीं करते, बल्कि अपने जीवन में एक अनूठे और मूल्यवान व्यक्ति होने के लिए उसका आदर करते हैं।

पहले तरह का प्यार तुम्हें ओछा और कमजोर बना सकता है, लेकिन दूसरे तरह का प्यार तुम्हें मज़बूत, साहसी, नेक और यहां तक कि बुद्धिमान भी बनाएगा। अगर तुम दूसरी तरह के प्रेम में हो, तो प्रसन्न होओ और इसके लिए कृतज्ञता के भाव से भर जाओ।

हम जिसे प्यार करते हैं, वह हमारे लिए सबसे सुंदर हो जाता है और उसके योग्य बनने के लिए हमें भी उतना ही सुंदर बनना होता है, यह याद रखो। प्रेम को व्यक्त करने में हर्ज नहीं, किंतु यह स्मरण रहे कि कुछ लोग बहुत शर्मीले होते हैं और इसे कहते समय आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए।

कई बार ऐसा भी होता है कि जो भावनाएं हमारे मन में हैं, हमें वैसी ही दूसरी तरफ से नहीं मिल पातीं। इसके अनेक कारण हो सकते हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि इससे आपकी भावना तुच्छ या मूल्यहीन हो जाती है। और हां, कभी भी जल्दबाजी मत करना, क्योंकि जीवन में जो भी अच्छा होता है, वह कभी आपसे दूर नहीं जाता। तुम सूज़ैन को लेकर घर पर आओ। मुझे और तुम्हारी मां को उससे मिलकर बहुत अच्छा लगेगा।

बहुत सारा प्यार,
तुम्हारा पापा!

–फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## भारत का भविष्य बेहतर करेगी हरित ऊर्जा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली नवंबर 2021 को ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन– सीओपी26 के दौरान जब पंचामृत संकल्प की घोषणा के तहत वर्ष 2070 तक 'नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन' लक्ष्य रखा, तो उन्होंने यह स्पष्ट कहा था कि भारत विकास करेगा पर प्रकृति के साथ। इस दृष्टिकोण ने भारत को जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) पर निर्भरता से मुक्त कर हरित ऊर्जा की राह पर आगे बढ़ाया। मोदी सरकार की प्रमुख पहल प्रधानमंत्री सौर घर मुफ्त बिजली योजना ने आम जनता को इस परिवर्तन का सहभागी बनाया। इस योजना के तहत लाखों परिवारों ने अपने घरों की छतों पर सौर पैनल लगवाए हैं। नतीजा यह है कि अब वे हर महीने 200-300 यूनिट मुफ्त बिजली पा रहे हैं और अतिरिक्त बिजली बेचकर आय भी अर्जित कर रहे हैं।



**डॉ. नीलू तिवारी**
लेखिका

उत्तर प्रदेश के झांसी जिले की गृहिणी बताती हैं कि पहले हर महीने बिजली का बिल देना पड़ता था। अब सौर पैनल से घर चल रहा है और 1500 रुपये की बचत भी हो रही है। यह उदाहरण बताता है कि हरित ऊर्जा केवल पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि आम नागरिक के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए भी वरदान साबित हो रही है। सौर ऊर्जा केवल घरों तक सीमित नहीं रही। अब गांवों में स्कूल, पंचायत भवन और छोटे उद्योग भी सौर बिजली से चल रहे हैं। राजस्थान का भड़ला सौर पार्क, जो 14,000 एकड़ में फैला है, दुनिया का सबसे बड़ा सौर पार्क है।

हरित ऊर्जा का दूसरा मजबूत स्तंभ है पवन ऊर्जा। तमिलनाडु और गुजरात जैसे राज्य अब देश की बिजली जरूरतों का बड़ा हिस्सा हवा से पैदा कर रहे हैं। 2025 में शुरू हुई ऑफशोर विंड एनर्जी योजना के तहत समुद्र तटों पर विशाल टरबाइन लगाए गए हैं, जिनसे 15 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। यह न केवल स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का उदाहरण है, बल्कि इससे तटीय इलाकों में रोजगार और पर्यटन के अवसर भी बढ़े हैं। वहीं भारत ने हरित हाइड्रोजन मिशन के जरिए विश्व को चौंका दिया है। 2030 तक भारत पांच मिलियन टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य लेकर चल रहा है। गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु में बड़े संयंत्रों की स्थापना हो चुकी है। इसका उपयोग भविष्य में रेलवे, उद्योग और जहाजरानी में किया जाएगा। यह पहल न केवल जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाएगी, बल्कि भारत को स्वच्छ ऊर्जा निर्यातक राष्ट्र बनाएगी।

किसानों की बात करें तो सरकार की कुसुम योजना ने ग्रामीण जीवन को नई दिशा दी है। अब तक देशभर में 35 लाख से अधिक सौर पंप लगाए जा चुके हैं। पहले जो किसान बिजली कटौती और डीजल खर्च से परेशान थे, अब वे सौर ऊर्जा से दिन-रात खेती कर पा रहे हैं। राजस्थान के टोंक जिले में किसान बताते हैं कि पहले महीने में 2000 रुपये का डीजल खर्च होता था, अब वही पैसा बच रहा है और सौर पंप से बिना रुकावट सिंचाई हो रही है। यह योजना सीधे किसानों को आत्मनिर्भर बना रही है।

भारत की यह पहल इस दृष्टि से भी प्रासंगिक है कि यह देश को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर कर रही है। पहले भारत तेल और गैस के लिए आयात पर निर्भर था, लेकिन अब सौर घर योजना, कुसुम योजना और हरित हाइड्रोजन मिशन के माध्यम से देश खुद अपनी ऊर्जा पैदा कर रहा है। इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत हो रही है, बल्कि लाखों नए रोजगार भी सृजित हो रहे हैं। ग्रामीण भारत में किसान अब सौर पंपों से फसलें सींच रहे हैं और अतिरिक्त बिजली बेचकर आमदनी बढ़ा रहे हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



# भारतीय संस्कृति की धरोहर मल्लिका-ए-गजल बेगम अख्तर



विवेक शुक्ला
नई दिल्ली

बात 1974 की है, राजधानी दिल्ली में सर्दी का असर थोड़ी जल्दी महसूस होने लगा था। दिन छोटे और ठंडे हो चले थे। कनॉट प्लेस के नरूलाज होटल के बाहर मल्लिका-ए-गजल बेगम अख्तर के करीब दो दर्जन चाहने वाले उनका ऑटोग्राफ लेने के लिए इंतजार कर रहे थे। तारीख थी 15 अक्तूबर 1974। बेगम अख्तर राजधानी प्रवास के दौरान इधर ही ठहरती थीं। उन्हें उसी शाम को विज्ञान भवन में अपना कार्यक्रम पेश करना था। बेगम अख्तर विज्ञान भवन जाने से पहले अपने शैदाइयों से मिलीं। उनके विज्ञान भवन में पहुंचते ही वहां हलचल बढ़ गई, उनका सबको इंतजार था। कुछ लम्हों के बाद जब बेगम अख्तर मंच पर आईं, तो बेकरार श्रोता झूम उठे। लाल साड़ी में वो बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उनके नाक में चमकती सोने की लौंग और उंगलियों में अंगूठियां दूर से दिखाई दे रही थीं। मुस्कुराते चेहरे के साथ वो मंच पर आईं और अपने चाहने वालों का स्वागत किया।

संगतकारों ने तबला-हारमोनियम बजाना शुरू किया, तो बेगम अख्तर ने सुदर्शन फाकिर की लिखी गजल 'आप कहते थे कि रोने से न बदलेंगे नसीब उम्र भर आपकी इस बात ने रोने न दिया।' गाकर महफिल की शुरुआत की। उनके गाते ही विज्ञान भवन 'वाह-वाह' से गूंजने लगा। बेगम अख्तर ने पहली गजल खत्म करने के बाद श्रोताओं को सांस लेने का भी मौका भी नहीं दिया। फिर उन्होंने अमर गजल गानी शुरू कर दी- 'यूं तो हर शाम उम्मीदों में गुजर जाती है आज कुछ बात है, जो शाम पे रोना आया' बेगम अख्तर पूरे जोश में थीं। सूर साधक और संगीत के कार्यक्रम आयोजित करने वाले अमरजीत सिंह कोहली (स्मृति शेष) भी विज्ञान भवन में मौजूद थे। कोहली जी बताते थे, 'वो दिल्ली में बेगम अख्तर की यादगार महफिल थी। उनकी सुरीली आवाज ने सबको मदहोश कर दिया था।'



## महिलाओं के लिए खोली नई राह

उनकी शुरुआती जिंदगी संघर्षपूर्ण रही। मां की मृत्यु के बाद, उन्होंने पटना में उस्ताद इमदाद खान से संगीत सीखा। बेगम अख्तर ने महिलाओं के लिए संगीत जगत में नई राह खोली। 1945 में शादी के बाद भी, उन्होंने मंच नहीं छोड़ा। पद्म भूषण और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित हुईं। उनकी गायकी में सूफी प्रभाव और लोक संगीत की मिठास है, जो आज भी प्रासंगिक है। वो अब हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन उनकी आवाज आज भी जीवंत है। बेगम अख्तर न केवल गायिका थीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की धरोहर हैं। उनकी आवाज दर्द की भाषा बोलती है।

## गायकी में झलकती थी प्रेम और जीवन की सच्चाई

विज्ञान भवन में रात के 10 बज चुके थे और बेगम अख्तर ने अपनी मशहूर गजल 'मेरे हमनफस मेरे हमनवा मुझे दोस्त बनके दगा न दे...' गाना शुरू किया। श्रोता सुरूर में आ चुके



थे। सारा माहौल गजलमय हो चुका था। बेगम अख्तर गाते वक्त मंद-मंद मुस्कुरा भी रही थीं। इस गजल को उन्होंने करीब 40 मिनट तक गाया। इसके बाद उन्होंने कुछ देर तक विश्राम किया, लेकिन कोई अपनी सीट से हिलने को तैयार नहीं था। सब गजल की महफिल में डूबे हुए थे। इसके बाद उनके चाहने वाले गुजारिश करने लगे कि वो 'ये न थी हमारी किस्मत कि विसाल-ए-यार होता, अगर और जीते रहते ...' गजल अवश्य सुनाएं। उन्होंने श्रोताओं की मांग को सहर्ष माना। उस महफिल का आखिरी नगीना थीं- 'ये न थी हमारी किस्मत कि विसाल-ए-यार होता...।' बेगम अख्तर और उनकी सोने सी आवाज के दीवाने तृप्त हो चुके थे। आखिरी गजल गाते हुए वो पूरी तरह छाई हुई थीं। इस गजल ने उनके शैदाइयों को पागल कर दिया था। महफिल रात 12 बजे के आसपास खत्म हुई। बेगम अख्तर की परफॉर्मेंस से संतुष्ट श्रोता, जब विज्ञान भवन से बाहर निकले तो घुप अंधेरा था। सड़कें सुनसान। वो अलग और शांत दिल्ली थी। देर रात को बसें नहीं मिलती थीं, निजी गाड़ियां बहुत कम लोगों के पास होती थीं। कई लोग पैदल मार्च करते हुए ही अपने घर चले गए। उस यादगार महफिल के मात्र दो हफ्ते बाद ही, 30 अक्टूबर 1974 को बेगम अख्तर का अचानक निधन हो गया। विज्ञान भवन की महफिल उनकी साबित हुई। जाहिर है, उनके लाखों चाहने वालों के लिए ये बड़ा झटका था। बेशक, बेगम अख्तर भारतीय संगीत की अमर हस्ती हैं। फैजाबाद में जन्मीं, उन्होंने बचपन से ही संगीत की दुनिया में कदम रखा। पारंपरिक ठुमरी, दादरा और गजल को अपनी आवाज से नई ऊंचाई दी। उनकी गायकी में दर्द, प्रेम और जीवन की गहराई झलकती है, जो श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देती है।

# रेगिस्तान की रेत पर रंगों का मेला



रमेश सर्राफ
धमोरा


राजस्थान में अजमेर से लगभग 11 किमी दूर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पुष्कर है। यहां पर कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक मेला लगता है, जिसमें बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। मेले में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होता है, जो इस मेले की शोभा को और बढ़ा देते हैं। मेलों के रंग राजस्थान में देखते ही बनते हैं। ये मेले मरुस्थल के गांवों के कठोर जीवन में एक नवीन उत्साह भर देते हैं। लोग रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धजकर जगह-जगह पर नृत्य-गान आदि समारोहों में भाग लेते हैं। यहां पर काफी मात्रा में भीड़ देखने को मिलती है। लोग इस मेले को श्रद्धा, आस्था और विश्वास का प्रतीक मानते हैं। पुष्कर मेला थार मरुस्थल का एक लोकप्रिय व रंगों से भरा मेला है। पुष्कर झील भारतवर्ष में पवित्रतम स्थानों में से एक है। प्राचीनकाल से लोग यहां पर प्रतिवर्ष कार्तिक मास में एकत्रित हो, भगवान ब्रह्मा की पूजा उपासना करते हैं। पुष्कर मेले को खास माना जाता है, क्योंकि यह धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक महत्व का एक अनूठा संगम है। पुष्कर मेले की मुख्य विशेषताओं में दुनिया का सबसे बड़ा ऊंट और पशुधन मेला होना, जिसमें ऊंट, घोड़े और अन्य मवेशियों की खरीद-बिक्री होती है।

धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का मिश्रण शामिल है। इसमें सांस्कृतिक प्रदर्शन, पारंपरिक खेल जैसे कुश्ती और कबड्डी तथा ऊंट व घोड़ों के लिए सजगता प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इसके अलावा मेले में हस्तशिल्प बाजार और पवित्र पुष्कर झील के किनारे धार्मिक अनुष्ठान भी होते हैं, जो इसे एक बहुआयामी उत्सव बनाते हैं। पुष्कर मेले की मुख्य विशेषताओं में दुनिया का सबसे बड़ा ऊंट और पशुधन मेला होना, जिसमें ऊंट, घोड़े और अन्य मवेशियों की खरीद-बिक्री होती है। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का मिश्रण शामिल है। इसमें सांस्कृतिक प्रदर्शन, पारंपरिक खेल जैसे- कुश्ती और कबड्डी तथा ऊंट व घोड़ों के लिए सजगता प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इस साल संपन्न हुए मेले में काफी संख्या में पशुपालक अपने पशु लेकर आए थे, जिनकी बड़ी संख्या में खरीद बिक्री भी हुई। इस बार पशु मेले में ऊंटों के बजाय घोड़ों की संख्या अधिक थी। ऊंटों की संख्या धीरे-धीरे कम होती जा रही है। मेले में विदेशी पर्यटकों की भी संख्या पहले से दोगुनी रही है। इस बार मेले में करीबन पांच हजार से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल हुए थे। मेले के प्रारंभ में पुष्कर के 52 घाटों पर सवा लाख दीप जलाकर पूरे पुष्कर शहर को दीपों की रोशनी से जगमगा दिया गया था।

पर्यटन विभाग की ओर से क्रिकेट मैच, साफा बांधों और तिलक कॉम्पिटीशन के साथ ही मूंछ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। क्रिकेट मैच देसी और विदेशी टीमों के बीच खेला गया, जिसमें भारत की जीत हुई। वहीं मूंछ कॉम्पिटीशन में 80 इंच की मूंछों वाला एक रेलवे कर्मचारी भी आया, जिसने अपनी मूंछों से प्रतियोगिता में तीर-बाण चलाए। मूंछ कॉम्पिटीशन में कई प्रतिभागी लाखों की ज्वेलरी पहनकर आए। मूंछ कॉम्पिटिशन में 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया। राजस्थान और अन्य राज्यों से भी प्रतिभागी शामिल हुए। इनमें मारवाड़ और मेवाड़ के ज्यादा पार्टिसिपेंट्स शामिल हुए थे। इनमें बैंक और रेलवे नर्सिंग कर्मचारी, ऑफिसर पीटीआई टीचर सहित अन्य लोगों ने अपनी मूंछों का प्रदर्शन किया।

अजमेर के पुष्कर मेला मैदान में बीकानेर से एक पशुपालक 800 किलो का मुर्रा नस्ल का भैंसा लेकर रेतीले धोरों में पहुंचा। इसकी कीमत करीब 10 लाख रुपए है। केकड़ी के अश्वपालक राहुल जेतवाल अपने 17 सफेद रंग के घोड़े-घोड़ियों के साथ मेले में पहुंचे हैं, जिनमें सबसे खास है 5 साल का घोड़ा बादल। यह लगातार तीसरी बार पुष्कर मेले में आया है। राहुल ने बताया कि बादल ने अब तक 285 बच्चों का बाप बन चुका है। फिलहाल उसकी 120 घोड़ियां गर्भवती हैं। नुगरा नस्ल के इस घोड़े की ऊंचाई अब 68 इंच से भी अधिक हो चुकी है। वे इसे बेचने नहीं, बल्कि सिर्फ प्रदर्शन के लिए लाए हैं, लेकिन व्यापारी इसे खरीदने के लिए 11 करोड़ देने को तैयार हैं। इसके अलावा मेले में हस्तशिल्प बाजार और पवित्र पुष्कर झील के किनारे धार्मिक अनुष्ठान भी होते हैं, जो इसे बहुआयामी उत्सव बनाते हैं।





## महाभारत में भी है पुष्कर का उल्लेख

महाभारत में पुष्कर राज के बारे में लिखा है कि तीनों लोकों में मृत्यु लोक महान है और मृत्यु लोक में देवताओं का सर्वाधिक प्रिय स्थान पुष्कर है। चारों धामों की यात्रा करके भी यदि कोई व्यक्ति पुष्कर सरोवर में डुबकी नहीं लगाता है, तो उसके सारे पुण्य निष्फल हो जाते हैं। यही कारण है कि तीर्थ यात्री चारों धामों की यात्रा के बाद पुष्कर की यात्रा जरूर करते हैं। तीर्थराज पुष्कर को पृथ्वी का तीसरा नेत्र भी माना जाता है। पुष्कर नगरी में विश्व का एकमात्र ब्रह्मा मंदिर है, तो दूसरी तरफ दक्षिण स्थापत्य शैली पर आधारित रामानुज संप्रदाय का विशाल बैकुंठ मंदिर। इनके अलावा सावित्री मंदिर, वराह मंदिर के अलावा अन्य कई मंदिर हैं। पास में ही एक छोटे से मंदिर में नारद जी की मूर्ति। एक मंदिर में हाथी पर बैठे कुबेर तथा नारद की मूर्तियां हैं। ब्रह्मवैवर्त पुराण में उल्लिखित है कि अपने मानस पुत्र नारद द्वारा सृष्टिकर्म करने से इंकार किए जाने पर ब्रह्मा ने उन्हें शाप दे दिया



कि तुमने मेरी आज्ञा की अवहेलना की है। अत: मेरे शाप से तुम्हारा ज्ञान नष्ट हो जाएगा और तुम गंधर्व योनि को प्राप्त करके कामिनियों के वशीभूत हो जाओगे। तब नारद ने भी दु:खी पिता ब्रह्मा को शाप दिया कि आपने बिना किसी कारण मुझे शाप दिया है। अत: मैं भी आपको शाप देता हूं कि तीन लोक में आपकी पूजा नहीं होगी और आपके मंत्र, श्लोक कवच आदि का लोप हो जाएगा। तभी से ब्रह्मा जी की पूजा नहीं होती है। मात्र पुष्कर क्षेत्र में ही वर्ष में एक बार उनकी पूजा-अर्चना होती है।

कई आस्थावान लोग पुष्कर परिक्रमा भी करते हैं। सुबह और शाम के समय यहां आरती होती है। वह दृश्य अत्यंत मनोहारी होता है। इतनी विशेषताओं के कारण पुष्कर को तीर्थराज कहने के अलावा देश का पांचवां धाम भी कहा जाता है। पुष्कर सरोवर में कार्तिक पूर्णिमा पर पर्व स्नान का बड़ा महत्व माना गया है, क्योंकि कार्तिक पूर्णिमा पर ही ब्रह्मा जी का वैदिक यज्ञ संपन्न हुआ था। तब यहां संपूर्ण देवी-देवता एकत्र हुए थे। उस पावन अवसर पर पर्व स्नान की परंपरा सदियों से चली आ रही है। जिस प्रकार प्रयाग को तीर्थराज कहा जाता है, उसी प्रकार से इस तीर्थ को पुष्करराज कहा जाता है।

## बिजनेस ब्रीफ

### डीजीसीए विमान कंपनियों के साथ करेगा मासिक समीक्षा बैठकें

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) मंगलवार से तीन दिन तक विमान कंपनियों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें करेगा। इनमें समय पर कार्य निष्पादन, उड़ान की समय सीमाएं, ग्राहक शिकायतों का निवारण तथा विमान कंपनियों के समक्ष आने वाले मुद्दों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा होने की उम्मीद है। मंगलवार को एयर इंडिया और इंडिगो के लिए समीक्षा बैठकें होंगी। देश का नागर विमानन बाजार दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। विमान कंपनियों के साथ हवाई अड्डे भी बढ़ती यातायात मांग को पूरा करने के लिए अपनी क्षमता का विस्तार कर रहे हैं।

### एजीआर पर कोर्ट के फैसले के बाद सरकार से संपर्क करेगी एयरटेल

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल सुप्रीम कोर्ट के नए आदेश को ध्यान में रखते हुए एजीआर मामले में एक बार फिर सरकार से राहत की मांग करेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक आदेश में कहा था कि सरकार दूरसंचार कंपनियों के लंबित एजीआर बकाये का पुनर्मिलान करने के साथ उन पर पुनर्विचार भी कर सकती है। यह प्रक्रिया केवल वित्त वर्ष 2016-17 ही नहीं, बल्कि सभी वर्षों के बकाया एजीआर पर लागू होगी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को कर्जग्रस्त कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के 2016-17 के लिए करीब 5,606 करोड़ रुपये के एजीआर बकाये के पुनर्मिलान की अनुमति दी थी।

### रैडिसन का 2030 तक भारत में 500 होटल के संचालन का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** बेल्जियम स्थित रैडिसन होटल ग्रुप ने कहा कि वह भारत में वर्ष 2030 तक 500 होटल और 50,000 कर्मचारियों की मौजूदगी वाली टीम बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। ग्रुप के कार्यकारी उपाध्यक्ष एली यूनिस ने कहा कि समूह भारत में अपनी संपत्तियों की संख्या वर्तमान 200 से अधिक बढ़ाकर 2026 तक 250-260 और वर्ष 2030 तक 500 तक पहुंचाना चाहता है। समूह भारत में अपने कर्मचारियों की संख्या भी 17,000 से लगभग तिगुना कर 50,000 तक ले जाएगा।

# देश में सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति तीन साल में 62 प्रतिशत बढ़ी

## दक्षिण अफ्रीका की जी-20 की अध्यक्षता में जारी की गई 2020 से 2023 की रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है। दक्षिण अफ्रीका की जी-20 अध्यक्षता में जारी रिपोर्ट के मुताबिक भारत के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति 2000 से 2023 के बीच 62 प्रतिशत बढ़ी है, इससे भारत दुनिया के उन देशों में शामिल हो गया है जिनमें यह असमानता सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ी है। नोबेल पुरस्कार विजेता जोसेफ स्टिग्लिट्ज के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में आगाह किया गया कि वैश्विक असमानता 'संकट' के स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतंत्र, आर्थिक स्थिरता और जलवायु प्रगति को खतरा है।

वैश्विक असमानता पर स्वतंत्र विशेषज्ञों की जी-20 असाधारण समिति ने पाया कि वैश्विक स्तर पर शीर्ष एक प्रतिशत यानी सबसे अमीर लोगों ने 2000 और 2024 के बीच निर्मित सभी नई संपत्ति का 41 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया जबकि निचली आबाधी के आधे हिस्से को केवल एक प्रतिशत ही मिला। इस समिति में अर्थशास्त्री जयति घोष, विनी बयानीमा और इमरान वालोदिया शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि मोटे तौर पर मापी गई अंतर-देशीय असमानता में कमी आई है क्योंकि चीन तथा भारत जैसे कुछ अधिक जनसंख्या वाले देशों में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। इससे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उच्च आय वाले देशों की हिस्सेदारी कुछ हद तक कम हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया कि 2000 से 2023 के बीच सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों ने दुनिया के आधे से अधिक देशों में अपनी संपत्ति का हिस्सा बढ़ाया है जो वैश्विक संपत्ति का 74 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की इस अवधि (2000-2023) में संपत्ति 62 प्रतिशत तक बढ़ी। चीन में यह आंकड़ा 54 प्रतिशत रहा। रिपोर्ट में कहा गया है, अत्यधिक असमानता एक विकल्प है। यह अपरिहार्य नहीं है और राजनीतिक इच्छाशक्ति से इसे बदला जा सकता है। वैश्विक समन्वय से इसे काफी हद तक सुगम बनाया जा सकता है और इस संबंध में जी-20 की महत्वपूर्ण भूमिका है। रिपोर्ट में वैश्विक रुझानों पर नजर रखने एवं नीति निर्माण में मार्गदर्शन के लिए जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी समिति (आईपीसीसी) की तर्ज पर एक अंतरराष्ट्रीय असमानता समिति (आईपीआई) के गठन का प्रस्ताव किया गया है।

दक्षिण अफ्रीका की जी20 की अध्यक्षता में शुरू होने वाला यह निकाय सरकारों को असमानता और उसके कारणों पर 'आधिकारिक एवं सुलभ' आंकड़े उपलब्ध कराएगा। रिपोर्ट में कहा गया कि उच्च असमानता वाले देशों में समान देशों की तुलना में लोकतांत्रिक पतन की संभावना सात गुना अधिक है।

### वैश्विक संकट : बढ़ती असमानता से कई देशों में खतरे में लोकतंत्र

- वैश्विक स्तर पर एक प्रतिशत सबसे अमीर लोगों ने 2000 से 2024 के बीच निर्मित सभी नई संपत्ति का 41 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया जबकि निचली आबाधी के आधे हिस्से को एक प्रतिशत ही मिला।
- रिपोर्ट में कहा गया कि 2000 से 2023 के बीच सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों ने सभी देशों के आधे से अधिक देशों में अपनी संपत्ति का हिस्सा बढ़ाया है जो वैश्विक संपत्ति का 74 प्रतिशत है।
- रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि 2000 से 2023 के बीच सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों ने दुनिया के आधे से अधिक देशों में अपनी संपत्ति का हिस्सा बढ़ाया है जो वैश्विक संपत्ति का 74 प्रतिशत है।




- रिपोर्ट में कहा गया कि दुनिया के उच्च आर्थिक असमानता वाले देशों में बढ़ते असंतोष और समस्याओं के चलते समान देशों की तुलना में लोकतांत्रिक पतन की संभावना सात गुना अधिक है।
- इस रिपोर्ट में यहभी कहा गया है कि वर्ष 2020 से वैश्विक स्तर पर गरीबी में कमी आना लगभग रुक गया है। इसके उलट कुछ देशो में गरीबी बढ़ने लगी है। जो राजनीतिक प्रयासों की कमी के कारण है।
- 2.3 अरब लोग खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे रहे हैं जो वर्ष 2019 से 33.5 करोड़ अधिक हैं। दुनिया की आधी आबादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित है। 1.3 अरब स्वास्थ्य पर खर्च के कारण गरीबी में जी रहे हैं


# सेंसेक्स 519 अंक टूटा, निफ्टी में 166 अंकों की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 519 अंक का गोता लगा गया जबकि निफ्टी भी 166 अंक टूट गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और एशिया तथा यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच घरेलू बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 519.34 अंक यानी 0.62 प्रतिशत टूटकर 83,459.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 565.72 अंक तक नीचे आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 165.70 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,597.65 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में पावर ग्रिड में सबसे ज्यादा 3.13 प्रतिशत की गिरावट आई।

सितंबर तिमाही के लाभ में गिरावट से कंपनी के शेयर में गिरावट आई। इसके अलावा इटर्नल, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, मारुति और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं। बेहतर वित्तीय परिणाम के कारण टाइटन में सबसे ज्यादा 2.28 प्रतिशत की तेजी आई।



**इनके शेयर गिरे**

पावर ग्रिड, इटर्नल, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, मारुति और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स।

**ये कंपनियां लाभ में**

टाइटन, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक।

### सोना 1,200 रुपये टूटा, चांदी में 25,00 की गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के कई अधिकारियों की टिप्पणियों से अगले महीने ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम होने के बाद कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपये गिरकर 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,200 रुपये गिरकर 1,23,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जिससे लगातार दूसरे सत्र में इसकी गिरावट जारी रही। सोमवार को यह 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी मंगलवार को 2,500 रुपये की भारी गिरावट के साथ 1,51,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जबकि सोमवार को इसका भाव 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था।

### इंडिगो को दूसरी तिमाही में 2,582 करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 2,582 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। तिमाही के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपये में रही गिरावट से कंपनी को विदेशी मुद्रा विनिमय में सबसे अधिक 2,892 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ जो नुकसान का कारण बना। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एयरलाइंस को 986.7 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

# ओपनएआई की 'चैटजीपीटी गो' सेवा भारत में एक साल तक मुफ्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ओपनएआई के एआई टूल 'चैटजीपीटी गो' की ग्राहक-आधारित सेवा मंगलवार से देशभर में शुरू हो गई। सीमित समय के भीतर इससे जुड़ने वाले भारतीय उपयोगकर्ताओं को एक साल तक यह सेवा निःशुल्क मिलेगी।

इस प्रचार अभियान का हिस्सा अभी चैटजीपीटी वेब या गूगल प्ले स्टोर से बना जा सकता है जबकि यह अगले सप्ताह एप्पल ऐप स्टोर पर उपलब्ध होगा। 'चैटजीपीटी गो' को ओपनएआई ने हाल ही में सब्सक्रिप्शन मॉडल पर पेश किया है। इसके तहत भारत में उपयोगकर्ताओं के लिए बढ़ी हुई संदेश सीमा, तस्वीरों के निर्माण और फाइल अपलोड की सुविधा मिलेगी। यह साल भर चलने वाला निःशुल्क प्रचार अभियान मंगलवार को बेंगलुरु में ओपनएआई के पहले 'डेव-डे एक्सचेंज' कार्यक्रम के साथ शुरू हुआ।




- सीमित समय के अंदर जुड़ने वाले यूजर्स के लिए की गई घोषणा

ओपनएआई में उपाध्यक्ष और चैटजीपीटी के प्रमुख निक टर्ली ने कहा, कुछ महीने पहले भारत में चैटजीपीटी गो की शुरुआती पेशकश के बाद से, हमने अपने उपयोगकर्ताओं से जो स्वीकृति और रचनात्मकता देखी है, वह प्रेरणादायक रही है। टर्ली ने कहा, हम 'चैटजीपीटी गो' को एक साल के लिए मुफ्त में उपलब्ध करा रहे हैं ताकि भारत भर में अधिक से अधिक लोगों की उन्नत एआई तक आसानी से पहुंच बन सके और वे उसका लाभ उठा सकें।

# शीर्ष कंपनियों में शुरू हुई उड़ने वाली कारें बाजार में उतारने की होड़

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन की कंपनी एक्सपेंग एयरोहट ने उड़ने वाली कारों का इस सप्ताह परीक्षण उत्पादन शुरू किया है। अमेरिका की टेस्ला और दूसरी कंपनियों की ओर से जल्द ऐसी कार पेश करने की कोशिशों के बीच एयरोहट ने यह कदम उठाया है।

चीन की इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता कंपनी एक्सपेंग की सहयोगी कंपनी एक्सपेंग एयरोहट ने सोमवार को बड़े पैमाने पर उड़ने वाली कार बनाने के लिए दुनिया के पहले 'इंटेलिजेंस' कारखाने में परीक्षण उत्पादन शुरू किया। यह अगली पीढ़ी के परिवहन के व्यावसायीकरण में एक उपलब्धि है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण चीन के गुआंगदोंग प्रांत की राजधानी गुआंगझोउ के हुआंगपु जिले में स्थित 120,000 वर्ग मीटर के इस संयंत्र ने पहले ही अपने मॉड्यूलर फ्लाइंग कार 'लैंड एयरक्राफ्ट कैरियर' का पहला अलग हो सकने वाला इलेक्ट्रिक विमान तैयार कर लिया है। इस सुविधा को 10,000 अलग किए जा सकने वाले विमान मॉड्यूल की वार्षिक उत्पादन क्षमता के लिए तैयार किया गया है, जिसकी प्रारंभिक क्षमता 5,000 इकाइयों की होगी।

रिपोर्ट में कहा गया कि संयंत्र पूरी तरह चालू होने के बाद हर 30 मिनट में एक विमान असेंबल किया जाएगा। टेस्ला के संस्थापक एलन मस्क ने भी जल्द उड़ने वाली कार का यादगार अनावरण करने का दावा किया है। एक अन्य अमेरिकी कंपनी एलेफ एयरोनॉटिक्स ने हाल ही में उड़ने वाली कार के परीक्षण के बाद घोषणा की है कि इसका व्यावसायिक उत्पादन जल्द शुरू होगा। एलेफ एयरोनॉटिक्स के सीईओ जिम डूखोवनी ने कहा कि उनकी कंपनी को एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के प्रीबुकिंग ऑर्डर मिल चुके हैं। एक्सपेंग ने कहा कि उसने अपने उत्पाद के पेश होने के बाद से लगभग 5,000 उड़ने वाली कार के ऑर्डर हासिल किए हैं और बड़े पैमाने पर उत्पादन एवं आपूर्ति 2026 में शुरू होने वाली है।



- चीन की कंपनी ने परीक्षण उत्पादन शुरू किया, अगले वर्ष लांच होगी



# राजद के जंगल राज की वापसी रोकने के लिए कमल का बटन दबाएं: शाह

## दरभंगा की चुनावी सभा में गृहमंत्री बोले- राज्य को बर्बाद कर चुका है जंगलराज

**दरभंगा, एजेंसी**

गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के मतदाताओं से मंगलवार को अपील की कि वे भाजपा के चुनाव चिह्न 'कमल' वाला ईवीएम बटन दबाएं ताकि राजद के शासनकाल के दौरान रहे जंगल राज की वापसी को रोका जा सके जिसने राज्य को तबाह कर दिया था।

शाह ने वादा किया कि अगर राजग सत्ता में लौटता है तो सरकार बाढ़ रोकने और कोसी नदी के पानी का इस्तेमाल सिंचाई के लिए करने पर 26,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। शाह ने दरभंगा में एक चुनावी रैली में कहा, लालू-राबड़ी के 15 साल के शासन में बिहार को तबाह करने वाले 'जंगल राज' की वापसी को रोकने के लिए 'कमल' का बटन दबाएं। उन्होंने कहा, यदि आप छह नवंबर को मतदान के दिन कोई गलती करते हैं तो बिहार में हत्या, लूट, अपहरण और जबरन वसूली फिर से आम हो जाएगी। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग ही बिहार को सर्वांगीण विकास की ओर ले जा सकता है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा, यदि बिहार में राजग सत्ता में फिर आता है तो मिथिलांचल में सिंचाई के लिए कोसी नदी के पानी का उपयोग और बाढ़ को रोकने के मकसद से कुल 26,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे...बिहार में गंगा, कोसी और गंडक नदियों के पानी का उपयोग सिंचाई के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर राजग बिहार में सत्ता में बना रहता है तो मिथिला, कोसी और तिरहुत के लोगों को इलाज के लिए पटना या दिल्ली जाने की जरूरत नहीं होगी क्योंकि उन्हें एम्स दरभंगा में चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।



चंपारण की चुनावी रैली को संबोधित करने पहुंचे शाह को भेंट किया गया स्मृति चिह्न।




### नीतीश के साथ मिलकर विकसित बिहार बनाएंगे

**वैशाली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन कायम हुआ है और इतने वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने बिहार के विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। सिंह ने लोगों से राजग के पक्ष में मतदान की अपील की। कहा, बिहार को आगे बढ़ाने की सोच सिर्फ राजग रख सकता है। हमें मिलकर विकसित बिहार बनाना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अब पांचवे स्थान पर पहुंच गया है।

### मोहन यादव ने लगाया हेलीपैड खोदे जाने का आरोप

**पटना।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को आरोप लगाया कि बिहार में उनकी एक चुनावी सभा से पहले विपक्षी दलों के लोगों ने उनके हेलीपैड और सपर्क सड़क को खोद दिया।

पटना और मधेपुरा जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों ने इस दावे को पूरी तरह खारिज किया है। यादव ने यह दावा अपनी एक जनसभा के संबोधन के दौरान किया और उसी का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा किया। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह घटना किस स्थान पर हुई थी।

# जैसे रिमोट से टीवी चैनल बदलते हैं, उसी तरह मोदी-शाह नीतीश का चैनल बदलते हैं: राहुल

**औरंगाबाद।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि जिस तरह रिमोट के जरिये टेलीविजन चैनल बदले जाते हैं, उसी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह नीतीश कुमार का चैनल बदलते हैं तथा बिहार के मुख्यमंत्री वही करते हैं जो भाजपा के ये दोनों शीर्ष नेता चाहते हैं।

उन्होंने बिहार के औरंगाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि राजग की सरकार में बिहार के युवाओं को देश का मजदूर बना दिया गया है। राहुल गांधी ने एक बार फिर यह दावा किया कि नीतीश कुमार, प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह के इशारे पर काम कर रहे हैं। उनका कहना था, बिहार के लोगों को लगता है कि नीतीश जी सरकार है। नीतीश जी का कोई लेनादेना नहीं है। जैसे रिमोट से टीवी का चैनल बदला जाता है। वैसे ही मोदी जी और अमित शाह, नीतीश जी का चैनल बदलते हैं। वो जो चाहते हैं, नीतीश जी वही करते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कभी ऐसा समय था जब चीन, जापान और अन्य देशों के छात्र पढ़ाई के लिए बिहार आया करते थे, लेकिन आज बिहार के युवाओं को रोजगार के बजाय पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने घोषणा की कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर नालंदा में विश्व स्तर का विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा।



- कहा- बिहार के युवाओं को देश का मजदूर बना दिया राजग सरकार ने

# एक भी पात्र मतदाता सूची से हटा तो केंद्र में गिरा देंगे भाजपा सरकार

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को चेतावनी दी कि यदि मतदाता सूचियों से एक भी पात्र मतदाता को हटाया गया तो केंद्र में भाजपा नीत सरकार का गिर जाना तय है । उन्होंने भाजपा और निर्वाचन आयोग पर 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को डराने-धमकाने के लिए एसआईआर को राजनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया।

यहां एक विशाल एसआईआर विरोधी रैली का नेतृत्व करते हुए, ममता बनर्जी ने निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाया कि वह भाजपा शासित राज्यों को छोड़ दे रहा है जबकि विपक्ष शासित राज्यों में चुनिंदा रूप से पुनरीक्षण अभियान चला रहा है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने आरोप लगाया, निर्वाचन आयोग केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में एसआईआर चला रहा है, लेकिन भाजपा शासित असम में ऐसा नहीं कर रहा है। इन चार राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ममता बनर्जी ने मांग की, निर्वाचन आयोग को यह भी जवाब देना चाहिए कि भाजपा शासित असम, त्रिपुरा और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में एसआईआर क्यों नहीं कराया जा रहा है।

उन्होंने इसे केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी की मदद करने के उद्देश्य से किया गया स्पष्ट भेदभाव बताया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में 2002 में हुई पिछले एसआईआर को पूरा होने में कम से कम दो साल लगे थे। उन्होंने आश्चर्य जताया कि इस बार निर्वाचन आयोग इसे सिर्फ़ एक महीने में पूरा करने की 'जल्दबाजी' क्यों कर रहा है। बनर्जी ने मौजूदा प्रक्रिया को जल्दबाजी में और राजनीति से प्रेरित बताया। बनर्जी ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, यदि बंगाल में मतदाता सूचियों से एक भी पात्र मतदाता को हटाया तो हम भाजपा सरकार को गिरा देंगे।



- ममता ने असम में एसआईआर नहीं कराने का लगाया आरोप

### बिहार चुनावः दूसरे चरण के 32 प्रतिशत प्रत्याशियों पर दर्ज हैं आपराधिक मामले

**पटना।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और बिहार इलेक्शन वॉच की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में अपराध से जुड़ी पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों की संख्या चिंताजनक है। रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे चरण के 122 विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे 1297 उम्मीदवारों में से 415 (32 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

इनमें से 341 प्रत्याशियों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट बताती है कि 19 उम्मीदवारों पर हत्या, 79 पर हत्या के प्रयास और 52 प्रत्याशियों पर महिलाओं व एससी-एसटी के विरुद्ध अत्याचार से संबंधित मामले हैं। विशेष रूप से दो निर्दलीय और प्रिज्म पार्टी के एक उम्मीदवार पर बलात्कार के मामले भी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक़, सभी प्रमुख दलों के उम्मीदवारों में अपराध से जुड़े मामले पाए गए हैं।

# नाराजगी भरा सवाल, क्या हमारे सुनवाई करने से बचना चाहती है केंद्र सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम, 2021 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की पीठ को सौंपने के केंद्र सरकार के आवेदन पर नाराजगी व्यक्त की और सवाल किया कि क्या यह कदम मौजूदा पीठ से बचने का जानबूझकर किया गया प्रयास है, जो पहले ही इस मामले की व्यापक सुनवाई कर चुकी है।

सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ लंबे समय से लंबित मद्रास बार एसोसिएशन मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम, 2021 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। केंद्र की ओर से पेश हुए अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमण ने सूचित किया कि केंद्र सरकार ने एक आवेदन पेश कर अनुरोध किया है कि मामले को एक बड़ी पीठ के समक्ष रखा जाए। इस पर सीजेआई ने टिप्पणी की, हमें उम्मीद नहीं है कि भारत संघ इस तरह की रणनीति अपनाएगा। अटॉर्नी जनरल ने पीठ से इसे 'चाल' न कहने का जब आग्रह किया तो सीजेआई ने जवाब दिया, यह एक पक्ष को पूरी तरह सुनने के बाद व्यक्तिगत आधार पर अटॉर्नी जनरल को शामिल करने के बाद है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता अरविंद दातार ने आईटीएटी और कैट जैसे न्यायाधिकरणों के सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर गंभीर चिंताएं जताईं। उन्होंने कहा कि अक्सर मेरिट सूचियों को भंग कर दिया जाता है और रिक्तियों को प्रतीक्षा सूची से भरा जाता है, जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता प्रभावित होती है।



- ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम मामले को बड़ी पीठ को सौंपने के आवेदन पर शीर्ष कोर्ट ने की खिंचाई

### न्यायपालिका में राष्ट्रव्यापी वरिष्ठता मानदंड तय करने पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस विषय पर फैसला सुरक्षित रख लिया कि क्या राज्यों में न्यायाधीशों के करियर में प्रगति से जुड़ी असमानताओं को दूर करने के लिए उच्च न्यायिक सेवा में वरिष्ठता निर्धारित करने के लिए समान, राष्ट्रव्यापी मानदंड तैयार किए जाने चाहिए। देश भर में न्यायाधीशों की धीमी और असमान करियर प्रगति का मुद्दा शीर्ष अदालत में विचाराधीन है। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने लंबे समय से जारी अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ के मामले में तीन दिनों तक चली व्यापक सुनवाई पूरी की। कोर्ट इस बात पर विचार कर रहा है कि क्या दीवानी न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) के रूप में सेवा में प्रवेश करने वाले न्यायिक अधिकारियों के लिए समान पदोन्नति के अवसर सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय प्रारूप आवश्यक है।

## बुद्धं शरणम गच्छामि...



वाराणसी के सारनाथ में महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित तीन दिवसीय समारोह के दौरान एक बौद्ध मंदिर में प्रवेश पाने के लिए कतार लगाकर खड़े वियतनाम के पर्यटक। उन्होंने अपने आराध्य को अर्पित करने को फूल भी ले रखे हैं।

# नए आविष्कार, नई तकनीक

## क्यों नहीं रुक रहे रेल हादसे



भारतीय रेलवे दुनिया की सबसे बड़ी और व्यस्ततम रेल नेटवर्क में से एक है, जिससे प्रतिदिन लाखों यात्रियों और टनों माल को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का काम करती है। इसके बावजूद, रेल हादसे एक बड़ी समस्या बने हुए हैं, जो जान-माल की हानि का कारण बनते हैं। इन हादसों के कारणों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए नए आविष्कार और तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसके बावजूद रेल हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। मंगलवार को ही छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक मालगाड़ी और पैसेंजर ट्रेन की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें करीब नौ यात्रियों की मौत हो गई। इस लेख में, हम रेल हादसों के कारणों, नए आविष्कारों और तकनीक के बारे में चर्चा करेंगे, साथ ही रेलवे की सुरक्षा उपायों पर भी विचार करेंगे।

### रेल हादसों के कारण

- पटरी से उतरना : ट्रेन के पटरी से उतरने की घटनाएं सबसे आम हैं, जो अक्सर ट्रैक के रखरखाव में कमी या खराबी के कारण होती हैं।
- मानवीय त्रुटि : ड्राइवर की गलती या अन्य कर्मचारियों की लापरवाही भी रेल हादसों का एक बड़ा कारण है।
- सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी : सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी के कारण ट्रेनें गलत ट्रैक पर जा सकती हैं या समय पर नहीं रुक सकती हैं।
- ट्रैक की जर्जर हालत : पुरानी और जर्जर पटरियों पर ट्रेनें चलाने से हादसों का खतरा बढ़ जाता है।

### नए आविष्कार और तकनीक

- कवच : कवच एक टक्कर-रोधी प्रणाली है जो ट्रेनों को आपस में टकराने से रोकने में मदद करती है।
- वेब आधारित ऑनलाइन निगरानी प्रणाली : यह प्रणाली ट्रैक की निगरानी करने और खराबी का पता लगाने में मदद करती है।
- अल्ट्रासोनिक रेल पहचान प्रणाली : यह प्रणाली रेल में खराबी का पता लगाने में मदद करती है।
- सिग्मा बोर्ड : यह एक रेट्रो रिफ्लेक्टिव बोर्ड है जो ट्रेन के ड्राइवर को आगे के ट्रैक की जानकारी देता है।

### रेलवे के सुरक्षा उपाय

- ट्रैक नवीनीकरण : रेलवे ट्रैक नवीनीकरण पर विशेष ध्यान दे रहा है ताकि ट्रेनों की गति और सुरक्षा में सुधार हो सके।
- रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा : रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए सीसीटीवी कैमरे और अन्य सुरक्षा उपकरण लगाए जा रहे हैं।
- ड्राइवरों के लिए प्रशिक्षण : ड्राइवरों के लिए नियमित प्रशिक्षण और काउंसलिंग की जा रही है ताकि वे सुरक्षित तरीके से ट्रेन चला सकें।

### करने होंगे अथक प्रयास

रेल हादसों को रोकने के लिए भारतीय रेलवे को और अधिक प्रयास करने होंगे। नए आविष्कार और तकनीक का उपयोग करके रेल हादसों को कम किया जा सकता है। रेलवे को सुरक्षा उपायों पर विशेष ध्यान देना होगा और ड्राइवरों के लिए नियमित प्रशिक्षण और काउंसलिंग की व्यवस्था करनी होगी। साथ ही, ट्रैक नवीनीकरण और रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए भी कदम उठाने होंगे। अगर हम सब मिलकर काम करें तो रेल हादसों को रोकने में सफल हो सकते हैं ।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पूर्व उपराष्ट्रपति डिक चेनी का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व उप राष्ट्रपति डिक चेनी का मंगलवार को निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे और काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके परिवार ने मीडिया को यह जानकारी दी है। वह निमोनिया, और दिल की बीमारियों से पीड़ित थे। चेनी 2001-09 तक राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के कार्यकाल में उपराष्ट्रपति रहे थे। उनकी गिनती अमेरिका के सबसे शक्तिशाली आधुनिक उपराष्ट्रपतियों में होती थीं। उन्हें आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध का मुख्य सूत्रधार भी कहा गया।

### बांग्लादेश में 24 घंटों में डेंगू के 1,147 मामले

**ढाका।** बांग्लादेश में पिछले 24 घंटों में डेंगू के 1,147 नए मामले सामने आए हैं और पांच नई मौतें हुई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में अब तक डेंगू के 2,960 मामले दर्ज किए गए जिससे इस वर्ष अब तक कुल मामलों की संख्या 72,822 हो गई तथा मरने वालों की संख्या 288 हो गई। डेंगू बुखार, जो आमतौर पर बंगलादेश में मानसून के मौसम में होने वाली बीमारी है, अब जून-सितंबर की अवधि से आगे भी फैल रहा है।

### अमेरिकी अभिनेत्री डायने लैड का निधन


**कैलिफोर्निया।** 'ऐलिस डजंट लिव हियर एनीमोर' और 'वाइल्ड एट हार्ट' जैसी फिल्मों में शानदार भूमिका के लिए जानी जाने वाली तथा अकादमी पुरस्कार के लिए तीन बार नामित डायने लैड का निधन हो गया। वह 89 वर्ष की थीं। लैड की बेटी लॉरा डर्न ने अपनी मां की मौत की जानकारी की। डर्न ने बताया कि उनकी मां का कैलिफोर्निया के ओजाई स्थित उनके घर पर निधन हो गया।

# आतंकवाद से निपटने के लिए मिलकर करें काम

## भारत-इजराइल की बैठक में बोले विदेशमंत्री जयशंकर

- दोनों देशों में व्यापार संबंधों को मजबूत बनाने पर भी चर्चा
- गाजा में शांति के लिए अमेरिकी योजना का किया समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली में बैठक के दौरान इज़राइली समकक्ष गिदोन सार के साथ विदेश मंत्री विदेश मंत्री एस जयशंकर।

भारत और इजराइल ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की वैश्विक नीति विकसित करने और व्यापार, बुनियादी ढांचे व कनेक्टिविटी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर मंगलवार को चर्चा की। इस दौरान भारत ने यह उम्मीद जताई कि अमेरिका की मध्यस्थता से तैयार की गई गाजा शांति योजना क्षेत्र में स्थायी शांति लाने में सहायक होगी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार के बीच यह बातचीत हुई।

दोनों देश आने वाले महीनों में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की भारत यात्रा की संभावना पर भी विचार कर रहे हैं। बैठक में भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) पर भी चर्चा हुई, जिसके तहत क्षेत्रीय संपर्क व व्यापार को बढ़ावा देने के अवसरों की तलाश की जा रही है। विदेशमंत्री एस जयशंकर ने अपने उद्घाटन वक्तव्य में कहा कि भारत और इजराइल दोनों आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम कठिन समय में एक साथ खड़े रहे हैं और हमारे संबंध आपसी विश्वास पर आधारित हैं। दोनों देश आतंकवाद की विशेष चुनौती का सामना कर रहे हैं। ऐसे में हमें मिलकर आतंकवाद से निपटने के लिए काम करना होगा।

गिदोन सार ने कहा कि इजराइल इस समय गाज़ा में हमास, लेबनान में हिजबुल्ला, और यमन में हूती जैसे कट्टर आतंकवादी संगठनों से मुकाबला कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमास के आतंकवादी शासन को खत्म करना राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप की योजना का प्रमुख हिस्सा है। हम हमास को निशस्त्र करने के लक्ष्य से पीछे नहीं हटेंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत गाजा शांति योजना के घटनाक्रमों पर करीबी नज़र रखे हुए है।


### महत्वपूर्ण रक्षा समझौते पर किए हस्ताक्षर

भारत और इज़राइल ने मंगलवार को एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत उन्नत प्रौद्योगिकियों के आदान-प्रदान के साथ-साथ प्रमुख हथियार प्रणालियों और सैन्य उपकरणों के संयुक्त विकास और उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। यह समझौता दोनों देशों के पहले से मजबूत रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रक्षा सहयोग पर भारत-इज़राइल संयुक्त कार्य समूह की बैठक के बाद तेल अवीव में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

# सिस्टम टेस्ट होगा न कि परमाणु विस्फोट

वाशिंगटन, एजेंसी

- परमाणु परीक्षण पर आया अमेरिका का स्पष्टीकरण



अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने स्पष्ट किया है कि हाल ही में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने परमाणु हथियार परीक्षणों की जो बात कही है उसमें वास्तविक रूप से परमाणु विस्फोट नहीं बल्कि 'सिस्टम टेस्ट' होगा। राइट ने फ़ॉक्स न्यूज़ के एक सवाल के जवाब में बताया कि ये परीक्षण अमेरिका के परमाणु शस्त्रागार के आधुनिकीकरण कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

उनके अनुसार, हम जिन परीक्षणों की बात कर रहे हैं, वे सिस्टम टेस्ट हैं, न कि परमाणु विस्फोट। इन्हें 'नॉन-क्रिटिकल एक्सप्लोजन' कहा जाता है।

उन्होंने बताया कि इन परीक्षणों के ज़रिए हथियारों के विभिन्न हिस्सों को जांचा जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे आवश्यक संरचना और विस्फोट की तैयारी" की जरूरतों को सही ढंग से पूरा करते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या नेवादा रेगिस्तान के पास रहने वाले लोग विस्फोट के बाद बनने वाले मशरूम आकार के बादल की चपेट में आ सकते हैं तो उन्होंने कहा इस बारे में कोई चिंता नहीं है।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि पाकिस्तान, रूस और चीन परमाणु परीक्षण कर रहे हैं तो ऐसे में अमेरिका को रूस और चीन की तरह बराबरी के आधार पर अपने परमाणु हथियारों का परीक्षण शुरू करना चाहिए। गौरतलब है कि अमेरिका ने 1992 में कांग्रेस द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद किसी भी प्रकार का वास्तविक परमाणु परीक्षण बंद कर दिया था।

अमेरिका का आख़िरी वास्तविक परमाणु विस्फोट तीन दशक पहले नेवादा टेस्ट साइट पर हुआ था। जहां अब परीक्षण केवल कंप्यूटर सिमुलेशन और प्रयोगशाला विश्लेषण के ज़रिए किए जाते हैं।

## दिल्ली अक्टूबर में देश का छठा प्रदूषित शहर

**नई दिल्ली।** अक्टूबर माह में दिल्ली देश का छठा सबसे प्रदूषित शहर रहा, जो पड़ोसी गाजियाबाद और नोएडा से पीछे है। एक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई। 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) द्वारा मंगलवार को जारी मासिक वायु गुणवत्ता आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा का धारूहेड़ा अक्टूबर में सबसे प्रदूषित शहर रहा, जहां मासिक औसत पीएम 2.5 सांद्रता 123 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी।

उसने सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन आंकड़ों के आधार पर भारत की वायु गुणवत्ता का व्यापक विश्लेषण प्रदान किया। कहा गया, निष्कर्षों से पता चला कि देश भर में वायु गुणवत्ता में तीव्र गिरावट आई है, तथा स्थिति और भी खराब हो गई है, खासकर सिंधु-गंगा के मैदानी इलाकों (आईजीपी) में, विशेषकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में। इसमें कहा गया है कि दिल्ली 107 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की औसत सांद्रता के साथ छठे स्थान पर रही।

# अहमदाबाद, मुंबई और बेंगलुरु कूल सिटी गठबंधन में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- अपने निवासियों को भीषण गर्मी से बचाने के वैश्विक प्रयास में हुए शामिल

भारत के तीन शहर- अहमदाबाद, मुंबई और बेंगलुरु, उन 33 महानगरों के वैश्विक गठबंधन में शामिल हुए हैं, जो शहरी क्षेत्र को नया स्वरूप देने और निवासियों को भीषण गर्मी से बचाने का संकल्प ले रहे हैं। भीषण गर्मी जलवायु परिवर्तन के सबसे गंभीर परिणामों में से एक है। तीनों शहर 'कूल सिटीज एक्सेलरेटर' के तहत वैश्विक गठबंधन में शामिल हुए हैं, जो रॉकफेलर फाउंडेशन द्वारा समर्थित 'सी40 सिटीज' की एक नई पहल है।

रियो डी जेनेरियो में आयोजित 'सी40' विश्व महापौर शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में द रॉकफेलर फाउंडेशन द्वारा समर्थित 'कूल सिटीज एक्सेलरेटर' पहल की घोषणा की गई। इसका उद्देश्य शहर के नेताओं को बढ़ते तापमान के खिलाफ लोगों, अर्थव्यवस्थाओं और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए तत्काल और दीर्घकालिक उपाय करने में मदद करना है। दुनिया भर में 14.5 करोड़ से ज़्यादा लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले 33 प्रमुख शहरों में लंदन, पेरिस, सिंगापुर, नैरोबी और ब्यूनस आयर्स जैसे वैश्विक महानगर शामिल हैं। इस दौरान 2030 तक शहरों को भीषण गर्मी के प्रति ज्यादा प्रतिरोधी बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की प्रतिबद्धता जताई गई।

## मनुष्य में सुअर का गुर्दा लगाने का नैदानिक परीक्षण

वाशिंगटन। अमेरिका में यह पता लगाने के लिए पहला नैदानिक परीक्षण किया गया कि क्या सुअर का गुर्दा मनुष्य में प्रतिरोपित करने से सचमुच किसी का जीवन बचाया जा सकता है। सुअर के गुर्दे को आनुवंशिक रूप से संशोधित करके उन्हें मनुष्यों में प्रतिरोपित करने के लिए अधिक अनुकूल बनाने वाली कंपनी ने सोमवार को घोषणा की कि शोध के तहत पहली बार 'एनवाईयू लेंगोन हेल्थ' चिकित्सा केंद्र में प्रारंभिक प्रतिरोपण किया जा चुका है। पशु का अंग मनुष्य में प्रतिरोपित करने के प्रयासों की दिशा में यह सबसे नया कदम है।

# न्यूयॉर्क मेयर चुनाव में भारतीय मूल के ममदानी सबसे आगे

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- ट्रंप ने चेताया, ममदानी जीते तो घटा देंगे फंडिंग

अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में मेयर चुनाव के लिए तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। भारतीय मूल के जोहरान ममदानी अमेरिका के सबसे बड़े शहर के शीर्ष राजनीतिक पद की दौड़ में सबसे आगे बताए जा रहे हैं। युगांडा में पैदा हुए और न्यूयॉर्क शहर में पले-बढ़े ममदानी (34) न्यूयॉर्क विधानसभा के सदस्य और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हैं।

ममदानी का मुकाबला निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कर्टिस स्लिवा से होगा। शहर के मौजूदा मेयर एरिक एडम्स सितंबर में मेयर चुनाव की दौड़ से बाहर हो गए थे। उनके कार्यकाल के दौरान कई प्रशासनिक प्रकरण सामने आए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क शहर के मतदाताओं को आगाह किया है कि अगर डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जोहरान ममदानी चुनाव जीत जाते हैं तो न्यूयॉर्क में पूरी तरह से आर्थिक और सामाजिक अव्यवस्था फैल जाएगी और शहर का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने ममदानी के चुनाव जीतने पर न्यूर्याक शहर की फंडिंग घटाने को धमकी दी।

## भारतीय मूल के व्यक्ति के निर्वासन पर कोर्ट की रोक

**फिलाडेल्फिया।** अमेरिका की दो अलग-अलग अदालतों ने आव्रजन अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे भारतीय मूल के उस व्यक्ति को निर्वासित न करें, जिसने हत्या के मामले में दोषी करार देने के फैसले को पलटे जाने से पहले चार दशक जेल में बिताए थे। सुब्रमण्यम वेदम (64) नामक व्यक्ति को फिलहाल लुइसियाना के अलेक्जेंड्रिया स्थित एक अल्पकालिक निरुद्ध केंद्र में रखा गया है, जहां लोगों को निर्वासित कर विदेश भेजने के लिए हवाई पट्टी भी मौजूद है। वेदम अमेरिका के एक वैध स्थायी निवासी हैं और उन्हें 'सुबू' के नाम से जाना जाता है।

# फिलीपीन में चक्रवात कालमेगी से हजारों विस्थापित, 26 की गई जान

मनीला, एजेंसी

- 195 किमी प्रति घंटा की गति से चली हवा, हेली क्रैश
- घरों की छतों पर फंसे लोग कई वाहन पानी में डूबे

फिलीपीन में चक्रवात 'कालमेगी' के कारण 26 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें से अधिकतर लोगों की जान चक्रवात के चलते आई बाढ़ की वजह से गई। आपदा प्रतिक्रिया विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह चक्रवात मंगलवार को देश के मध्य भाग में तेजी से आगे बढ़ा और व्यापक तबाही मचाई। चक्रवात के चलते बाढ़ के पानी से घिर जाने के बाद कई लोग अपनी-अपनी छतों पर फंसे हुए हैं, जबकि कई कारें पानी में डूब गईं। हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। चक्रवात में हवा की रफ्तार 195 किमी प्रति घंटा दर्ज की गई। एक अलग घटना में पांच सैन्यकर्मियों को लेकर जा रहा फिलीपीन की वायुसेना का एक हेलीकॉप्टर दक्षिणी अगुसन देल सुर प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हेलीकॉप्टर 'कालमेगी' से प्रभावित प्रांतों में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए उड़ान भर रहा था। सेना की पूर्वी मिंडानाओ कमान ने कहा कि सुपर ह्युए हेलीकॉप्टर दक्षिणी अगुसन डेल सुर प्रांत के लोरेटो शहर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर सवार वायुसेना के उन कर्मचारियों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं, जिन्हें तूफान से प्रभावित प्रांतों में मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए तैनात किया गया था। सैन्य अधिकारियों ने दुर्घटना के बारे में अन्य विवरण तुरंत नहीं दिए, जिसमें हेलीकॉप्टर में सवार वायुसेना के पांच कर्मचारियों की स्थिति और दुर्घटना के संभावित कारण शामिल हैं। 'कालमेगी' के कारण अब तक कम से कम 26 लोगों की मौत हो चुकी है और व्यापक स्तर पर बाढ़ का सामना करना पड़ रहा है।

## पाकिस्तान एयरलाइन की उड़ानें प्रभावित

**कराची।** पाकिस्तान में सोमवार रात से विमान इंजीनियरों की अघोषित हड़ताल के कारण राष्ट्रीय विमानन कंपनी पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस की उड़ान बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। हड़ताल के कारण राष्ट्रीय विमानन कंपनी की कम से कम आठ अंतरराष्ट्रीय और कई घरेलू उड़ान रद्द हो गई हैं। अब विमानन कंपनी ने परिचालन फिर से शुरू करने के लिए अन्य विमानन कंपनियों के विमान इंजीनियरों की मदद मांगी है।


इंजीनियरों द्वारा निर्धारित उड़ानों के लिए सुरक्षा मंजूरी जारी करने से इनकार करने के बाद सोमवार रात से कराची, लाहौर और रावलपिंडी के हवाई अड्डों पर सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 नवंबर, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 18 .48 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- हेमंत।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अश्विनी 09 .40 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** – आज आपके सभी काम सफल होंगे। जीवनसाथी आपको अच्छा उपहार दे सकते हैं। सस्ती दरों पर महंगे उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारी आपसे अत्यंत प्रसन्न रहने वाले हैं। प्रेमी जन के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे।

**वृष** – आज अनावश्यक क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। नजदीकी संबंधों में संवादहीनता उत्पन्न हो सकती है। कार्यक्षेत्र में गलतियों को बार-बार न दोहराएं। जीवनसाथी की बातों को महत्व अवश्य दें।

**मिथुन** – आज आर्थिक मामलों को लेकर काफी भाग्यशाली रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में मनोनुकूल परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे।

**कर्क** – आज दानपुण्य में आप अत्यधिक रूचि लेंगे। आत्मविश्वास के कारण कठिन परिस्थितियों का अच्छी तरह से निवारण कर पाएंगे। आप दूसरों की सहायता को लेकर तत्पर रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण परियोजना में धन निवेश की योजना बनाएंगे।

**सिंह** – आज विदेश में व्यापार करने वालों को कारोबार बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। परिजनों के साथ किसी गंभीर मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी देवस्थल की यात्रा कर सकते हैं। लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

**कन्या** – आज अपनी पुरानी गलतियों को स्वीकारें व उसे दूर करने का प्रयास करें। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। अपनी योजनाओं को दूसरों से शेयर न करें। गलत लोगों की सलाह के कारण व्यापार में नुकसान हो सकता है।

**तुला** – आज घर में हास्य व मनोरंजन का वातावरण रहेगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन पर जाने के लिए दिन उत्तम है। संतान की उन्नति से अत्यंत उत्साहित रहेंगे। व्यापार को लेकर नई योजनाएं बना सकते हैं। नई नौकरी ही शुरुआत कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज आवश्यक न हो तो दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परिवार में किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं, जहां आवश्यक न हो वहां बोलने से बचें। व्यर्थ के खर्चों के कारण बजट गड़बड़ा सकता है।

**धनु** – आज धार्मिक क्रियाओं में मन लगेगा। उच्च शिक्षा में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। मतभेदों को दूर करने में सफलता मिलेगी। व्यवसाय में किसी तकनीक त्रुटि के दूर होने से राहत मिलेगी।

**मकर** – आज अव्यावहारिक निर्णय लेने से नुकसान हो सकता है। बहुप्रतीक्षित कार्यों में कुछ विलंब हो सकता है। धन उधार देने से बचें। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिजनों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें। परिवार में आंतरिक मतभेद उभर सकते हैं।

**कुंभ** – आज का दिन अत्यंत भाग्यशाली रहने वाला है। व्यापारियों को योजनाओं में सफलता मिलेगी। सेहत को लेकर समस्या दूर होगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। नौकरी में परिवर्तन कर सकते हैं। बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता होंगे।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से मतभिन्नता हो सकती है। दवाइयों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। व्यवसाय में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे। आपको कई नए लोगों से मुलाकात करनी पड़ सकती है। पड़ोसियों से संबंध खराब हो सकते हैं।

## सुडोकू-151

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | | | |
| | 4 | | 5 | | | | | |
| | | | 3 | | | 8 | | |
| 2 | | | 9 | 7 | | | | |
| 8 | | | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 1 | | | |
| | | 6 | | | 4 | | 2 | |
| | | 3 | | | 5 | | | |
| | | 9 | | 8 | | | 7 | |

### सुडोकू - 150 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 8 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |
| 6 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 | 7 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 3 | 9 | 2 | 8 | 6 |



“अभिषेक बेहद प्रतिभाशाली बल्लेबाज है और पहली गेंद से ही आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करता है। गुरुवार का मैच काफी रोमांचक होगा लेकिन हमें उम्मीद है कि हम उन्हें सस्ते में आउट कर देंगे।
–मैट कुहनेमन
स्पिनर–ऑस्ट्रेलिया


# स्टेडियम

बरेली, बुधवार 5 नवंबर 2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com


हाईलाइट

## आईसीसी बैठक में नकवी के शामिल होने की संभावना नहीं

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी की घरेलू राजनीतिक मुद्दों के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कार्यकारी बोर्ड की दुबई में होने वाली बैठक में भाग लेने की संभावना नहीं है, जहां बीसीसीआई एशिया कप ट्रॉफी भारत को नहीं देने का मुद्दा उठा सकता है। एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष नकवी को ट्रॉफी नहीं सौंपने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की नाराजगी का सामना करना पड़ा, क्योंकि विजेता टीम के खिलाड़ियों ने उनके भारत विरोधी बयानों के कारण ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। आईसीसी की चार दिवसीय बैठक मंगलवार को शुरू हुई।

## पाकिस्तानी महिला टीम के मुख्य कोच बर्खास्त

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाल में भारत और श्रीलंका में खेले गए महिला वनडे विश्व कप में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय महिला टीम के मुख्य कोच मुहम्मद वसीम को बर्खास्त कर दिया है। पाकिस्तानी टीम ने लाहौर में अप्रैल में क्वालीफायर में पहले स्थान पर रहकर विश्व कप में जगह बनाई थी, लेकिन वह आईसीसी टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई तथा आठवें और अंतिम स्थान पर रही। पाकिस्तान ने अपने सभी मैच कोलंबो में खेले। फातिमा सना की अगुवाई वाली टीम ने चार मैच गंवाए जबकि तीन मैच बारिश से रद्द हुए।

## बधिर खिलाड़ियों के पुरस्कार को बने मानदंड

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह बधिर खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, 2025 देने के लिए जल्द मानदंड बनाएं। अदालत ने कहा कि मौजूदा मानदंड पैरा खिलाड़ियों की तुलना में उनसे भेदभाव करते हैं। कोर्ट ने कहा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 बधिर व्यक्तियों तथा शारीरिक अक्षम व्यक्तियों से भेदभाव की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ता है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने मामले पर सुनवाई की।

## इगा को हराकर एलेना सेमीफाइनल में पहुंचीं

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

**रियाद।** एलेना रयबाकिना ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके इगा स्वियातेक को हराकर पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मैच में अमांडा अनिसिमोवा ने भी हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी मैडिसन कीज़ पर जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह की उम्मीदों को जीवंत रखा। अनिसिमोवा की जीत का मतलब है कि उनके और स्वियातेक के बीच बुधवार को होने वाला ग्रुप चरण का आखिरी मैच क्वार्टर फाइनल जैसा बन गया है। इस मैच में जीत दर्ज करने वाली खिलाड़ी सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी।

## ट्रॉफी में खेलेंगे द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय

अंडर-19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय को बुधवार से हैदराबाद में होने वाली पुरुष अंडर-19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए मंगलवार को चार टीमों में से सी में शामिल किया गया। यह टूर्नामेंट प्रतिवर्ष होता है और युवा क्रिकेटरों को मंच प्रदान करता है। बीसीसीआई के अनुसार, जूनियर चयन समिति ने 5 से 11 नवंबर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पुरुष अंडर19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए टीमों का चयन किया है।

# सपने देखना बंद न करें, आपको नहीं पता कि किस्मत कहां ले जाएगी : हरमनप्रीत

### बचपन से शुरू हुआ सफर विश्व कप ट्रॉफी उठाने तक पहुंचा, संघर्ष और हार ने किया मजबूत

नई दिल्ली, एजेंसी

बचपन में अपने पिता का बड़ा बल्ला थामकर क्रिकेट का ककहरा सीखने वाली हरमनप्रीत कौर ने सपने देखना कभी नहीं छोड़ा और भारत को पहला महिला विश्व कप खिताब दिलाने के बाद वह खुद को आभारी मानती हैं। नवी मुंबई में हुए महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत को 52 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली हरमनप्रीत ने युवाओं को सलाह दी, सपने देखना कभी बंद मत करो। आप नहीं जानते कि आपका भाग्य आपको कहां ले जाएगा।



हरमनप्रीत ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी किए वीडियो में कहा कि मुझे आज भी याद है कि हम पिताजी के किट बैग से बल्ला लेकर खेला करते थे। वह बल्ला बहुत बड़ा था। एक दिन मेरे पिताजी ने मेरे लिए अपना पुराना बल्ला काटकर छोटा कर दिया। हम उससे खेला करते थे। जब भी हम टीवी पर मैच देखते थे, भारत को खेलते हुए देखते थे या विश्व कप देखते थे, तो मैं सोचती थी कि मुझे भी ऐसे ही मौके की ज़रूरत है। उस समय मुझे महिला क्रिकेट के बारे में पता भी नहीं था। बचपन से शुरू हुआ यह सफर विश्व कप ट्रॉफी उठाने तक पहुंचा, लेकिन इस बीच उन्हें कठिन संघर्ष और दिल तोड़ने वाली हार का सामना भी करना पड़ा।

हरमनप्रीत ने कहा कि मैं सपना देख रही थी कि मैं यह नीली जर्सी कब पहनूंगी। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। एक लड़की जो महिला क्रिकेट के बारे में नहीं जानती थी, लेकिन फिर भी देश में बदलाव लाने का सपना देख रही थी। उन्होंने कहा कि इससे हमें सीख मिलती है कि आपको सपने देखना नहीं छोड़ना चाहिए। आप कभी नहीं जानते कि आपका भाग्य आपको कहां ले जाएगा। आप कभी नहीं सोचते, यह कब होगा, यह कैसे होगा। आप केवल यही सोचते हैं, यह होगा। मुझे विश्वास था कि ऐसा हो सकता है और आखिर में वैसा ही हुआ। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि बचपन का सपना पूरा होने के बाद वह राहत और खुशी महसूस कर रही हैं। हरमनप्रीत ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए यह बहुत भावुक क्षण है क्योंकि बचपन से ही यह मेरा सपना था। जब से मैंने खेलना शुरू किया तो एक दिन विश्व कप जीतना मेरा सपना था। अगर मुझे अपनी टीम का नेतृत्व करने का मौका मिलता है तो मैं यह मौका नहीं गंवाना चाहती। उन्होंने कहा कि मैंने ये सारी बातें अपने दिल की गहराइयों से कहीं। और भगवान ने एक-एक करके सब कुछ सुन लिया। यह जादू जैसा है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि अचानक सब कुछ कैसे ठीक हो गया।

### मेरा काम 'फिनिशिंग टच' देना है : रिचा घोष



**मुंबई।** विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ने कहा कि भारत की विश्व कप विजेता टीम विश्वास और अपनी भूमिका को लेकर स्पष्टता की नींव पर बनी है, जिसमे कोच अमोल मजूमदार ने उन्हें 'फिनिशर' की भूमिका सौंपी है। रिचा ने कहा, मेरा मुख्य काम मैच में आखिर तक टिककर तेजी से रन बनाने का था। मुझे जब भी बल्लेबाजी का मौका मिला तो मैंने यही किया। मैंने स्ट्राइक रेट ऊंचा रखकर विरोधी गेंदबाजों पर दबाव बनाने का प्रयास किया। ये अतिरिक्त रन बनाने से टीम का दबाव कम हुआ और हमें जीतने का बेहतर मौका मिला। रिचा ने कहा, अमोल सर ने टीम में सभी की भूमिका स्पष्ट कर दी थी। मेरा काम बेखौफ क्रिकेट खेलना, बड़े शॉट लगाना और अंत तक डटे रहना था। मैंने विश्व कप से पहले क्रीज पर टिककर बड़ी पारी खेलने का काफी अभ्यास किया। जब भी खेलने का मौका मिला तो मैंने जमीनी शॉट लगाए और विकेट फेंकने से बचती रही। मैंने एक दो रन लेने के मौके भी नहीं गंवाएं। रिचा ने आठ पारियों में 133 .52 की स्ट्राइक रेट से 235 रन बनाये। इसके साथ ही उन्होंने महिला विश्व कप में सर्वाधिक छक्कों के वेस्टइंडीज के डिएंड्रा डोटिन (12) के रिकॉर्ड की भी बराबरी की।

### शेफाली ने सचिन तेंदुलकर को दिया अपनी सफलता का श्रेय



**नवी मुंबई।** महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बनीं शेफाली वर्मा भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद शब्दहीन रह गईं। उन्होंने अचानक टीम में वापसी की और अपने शानदार प्रदर्शन से जीत दिलाई। सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल के चोटिल होने के बाद सेमीफाइनल से पहले टीम में शामिल हुई वर्मा ने फ़ाइनल में 78 गेंदों में 87 रनों की पारी खेली और टीम को 298/7 का स्कोर बनाने में मदद की। शेफाली वर्मा ने कहा कि मैंने कहा था कि भगवान ने मुझे यहां अच्छा करने के लिए भेजा है और आज यह सच में हो गया। उन्होंने (सीनियर खिलाड़ियों ने) मुझे बस खेल खेलने के लिए कहा और जब आप यह जान जाए कि क्या करना है, तो बस यही काफी है। वर्मा ने बताया कि क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर का समर्थन मिलना उन्हें बहुत प्रोत्साहित करता था। यह बहुत ही यादगार पल है। जब मैंने सचिन तेंदुलकर को देखा, तो मुझे हौसला मिला। मैं उनसे बात करती रहती हूं, वे मुझे हौसला देते रहते हैं।

# मंधाना, जेमिमा व दीप्ति आईसीसी टीम में शामिल

दुबई, एजेंसी

महिला वनडे विश्व कप में भारत को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाने वाली स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मंगलवार को घोषित टीम में शामिल किया गया है। द. अफ्रीका की भी तीन खिलाड़ियों को टूर्नामेंट की टीम में जगह मिली है। इनमें कप्तान लॉरा वोल्वार्ट भी हैं।

आईसीसी के अनुसार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की तीन खिलाड़ियों एनाबेल सदरलैंड, ऐश गार्डनर और लेग स्पिनर अलाना किंग को जगह मिली है। पाकिस्तान की विकेटकीपर सिदरा नवाज और इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन को भी टीम में शामिल किया गया है। उनकी हमवतन नैट स्किवर-ब्रंट को 12वें खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है।

सलामी बल्लेबाज मंधाना ने 54.25 की औसत से एक शतक और दो अर्द्धशतक की मदद से 434 रन बनाए। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में दूसरे स्थान पर रही। रोड्रिग्स ने एक शतक और एक अर्धशतक की मदद से 292 रन बनाए।

### आईसीसी महिला विश्व कप टूर्नामेंट की टीम

1. स्मृति मंधाना (भारत)
2. लॉरा वोल्वार्ट (कप्तान) (द. अफ्रीका)
3. जेमिमा रोड्रिग्स (भारत)
4. मारिज़ेन काप (द. अफ्रीका)
5. ऐश गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया)
6. दीप्ति शर्मा (भारत)
7. एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया)
8. नादिन डी क्लार्क (द. अफ्रीका)
9. सिदरा (विकेटकीपर) (पाकिस्तान)
10. अलाना किंग (ऑस्ट्रेलिया)
11. सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड)

12वीं खिलाड़ी : नैट स्किवर-ब्रंट (इंग्लैंड)।

### मंधाना की जगह वोल्वार्ट बनीं नंबर एक वनडे बल्लेबाज



भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई है, लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स नौ स्थान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गईं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट नवीनतम सूची में दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष पर पहुंच गई हैं। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में शतक जड़ने के बाद वोल्वार्ट ने मंधाना को पीछे छोड़ दिया। वोल्वार्ट ने टूर्नामेंट में 571 रन बनाए, जो किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड है। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद शतक जड़कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली रोड्रिग्स ने शीर्ष 10 में प्रवेश किया, जबकि फोबे लिचफील्ड ने उसी मैच में शतक की बदौलत 13 स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग (637) हासिल की।

# वैभव, प्रियांश राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीम में, जितेश करेंगे कप्तानी

नई दिल्ली, एजेंसी

युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और आईपीएल में चमक बिखरने वाले प्रियांश आर्य को इस महीने दोहा में होने वाले 4 से 23 नवंबर तक राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए मंगलवार को भारत ए टीम में शामिल किया गया। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को इस टूर्नामेंट के लिए कप्तान बनाया गया है।

भारत को ओमान, संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान के साथ ग्रुप बी में रखा गया है, जबकि ग्रुप ए में बांग्लादेश, हांगकांग, अफगानिस्तान और श्रीलंका हैं। भारत ए टीम 14 नवंबर को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अभियान की शुरुआत करने के बाद 16 नवंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलेगी। जितेश अभी पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में हैं। भारत ए में उन खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी गई है जिन्होंने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया। इनमें 14 वर्षीय सूर्यवंशी भी हैं जिन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित किया था। जितेश आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम में थे। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में नाबाद 22 रन बनाए थे। भारत ने यह मैच जीतकर श्रृंखला 1-1 से बराबर की थी।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार, सीनियर पुरुष चयन समिति ने कतर में होने वाले एशियाई क्रिकेट परिषद के राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीम का चयन किया है। यह टूर्नामेंट दोहा के वेस्ट एंड इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होगा। सूर्यवंशी और प्रियांश के अलावा टीम में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह को भी जगह दी गई हैं, जिन्होंने नगालैंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी में तमिलनाडु के लिए हैट्रिक ली थी।

राइजिंग स्टार्स एशिया कप



वैभव सूर्यवंशी



प्रियांश आर्य

### भारत ए टीम

प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नेहल वढेरा, नमन धीर (उपकप्तान), सूर्यांश शेडगे, जितेश शर्मा (कप्तान, विकेटकीपर), रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजय कुमार वैश्य, युद्धवीर सिंह चरक, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुयश शर्मा। स्टैंड-बाय खिलाड़ी : गुरनूर सिंह बराड़, कुमार कुशाग्र, तनुश कोटियन, समीर रिज़वी, शेख रशीद।

### टीम के साथ मुख्य कोच के रूप में जाएंगे जोशी

**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर और बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मुख्य कोच सुनील जोशी 14 नवंबर से दोहा में होने वाले राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भारत 'ए' टीम के मुख्य कोच होंगे। बीसीसीआई में यह चलन है कि भारत ए, इमर्जिंग (राइजिंग स्टार्स), भारत अंडर-19 के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से जुड़े अलग कोच को नियुक्त किया जाए। हाल ही में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शामिल हुए जोशी ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भी भारत ए टीम से जुड़े हुए थे।

# अर्पित-सनत के शतक, लेकिन पुडुचेरी को मिले 3 अंक

नई दिल्ली, एजेंसी

अर्पित राणा (नाबाद 170) और सनत सांगवान (नाबाद 122) के शानदार शतकों से दिल्ली ने पुडुचेरी के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच में अपनी दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोये 321 रन बनाये और मैच ड्रा हो गया। हालांकि पुडुचेरी को पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक मिले जबकि दिल्ली को एक अंक से संतोष करना पड़ा। दिल्ली के पहली पारी के 294 रन के जवाब में पुडुचेरी ने 481 रन बनाकर पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की थी। दिल्ली ने आज बिना कोई विकेट खोये 76 रन से आगे खेलना शुरू किया। नाबाद बल्लेबाजों अर्पित और सांगवान ने अपने-अपने शतक पूरे किये और टीम के स्कोर को 321 रन तक ले गए जिसके बाद मैच ड्रा घोषित किया गया। अर्पित ने 275 गेंदों पर नाबाद 170 रन में 17 चौके और दो छक्के लगाए जबकि सांगवान ने 213 गेंदों पर नाबाद 122 रन में नौ चौके लगाए। दोनों ने पहले विकेट की अविजित साझेदारी में 321 रन जोड़े और मैच ड्रा करवा दिया।



ग्रुप मैच के दौरान दिल्ली के अर्पित राणा को स्टंप आउट करने की अपील करते पुडुचेरी के खिलाड़ी।

### यूपी-बड़ौदा का मैच बिना खेल रद्द, दोनों को मिला एक-एक अंक

**बड़ौदा।** बीसीए के कोटांबी इंटरनेशनल स्टेडियम में यूपी और बड़ौदा के बीच रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए का मुकाबला बारिश और गीली आउटफील्ड और खराब ग्राउंड मैनेजमेंट से एक भी गेंद खेल बिना रद्द हो गया। इस मैच से दोनों टीमों को एक-एक अंक ही मिले। इस मैच के बाद अंक तालिका में यूपी की टीम चौथे स्थान से फिसल कर पांचवें स्थान पर पहुंच गई, जबकि आन्ध्र प्रदेश की टीम चौथे स्थान पर प्रमोट हो गई। यूपी का अगला मुकाबला अब ग्रीनपार्क स्टेडियम में आठ नवंबर से नागालैंड से होगा। वर्तमान रणजी ट्रॉफी के कम-से-कम तीन चार दिन के मुकाबले ऐसे रहे हैं जो बिना एक भी गेंद फेंके रद्द हो गए हैं। इनमें कल्याणी में बंगाल और बिहार के बीच मैच खराब मौसम और मैदान की खराब स्थिति से रद्द हुआ था। मेघालय और मिजोरम का मैच, शिलांग के मैदान में बारिश के बाद जलभराव से बिना एक भी गेंद फेंके रद्द करना पड़ा था। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर अनुकूल रॉय के सर्वश्रेष्ठ 13 विकेट की मदद से झारखंड ने ग्रुप ए मैच में नगालैंड को पारी के अंतर से हराकर बोनस अंक समेत 7 अंक हासिल किए। रॉय के 8 विकेट की मदद से झारखंड ने नगालैंड को 154 रन पर समेट दिया।

### कर्नाटक ने केरल को पारी और 164 रनों से दी मात

**तिरुवनंतपुरम।** मोहसिन खान के 6 विकेट से कर्नाटक ने मंगलवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच के चौथे और अंतिम दिन पिछले साल के उप विजेता केरल को पारी और 164 रन से रौंद दिया। मोहसिन ने 29 रन देकर छह विकेट लिए जिससे केरल की टीम फॉलोआन खेलते हुए दूसरी पारी में 184 रन पर ढेर हो गई। कर्नाटक को इस जीत से बोनस अंक सहित सात अंक मिले। कनार्टक ने पहली पारी पांच विकेट पर 585 रन बनाकर घोषित की थी, जिसके जवाब में केरल की टीम पहली पारी में 238 रन ही बना सकी थी।

### गोवा को पारी की बढ़त से 3 अंक

चंडीगढ़ में गोवा ने पंजाब के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए। मेजबान टीम को एक अंक मिला। पंजाब के 325 रन के जवाब में गोवा ने छह विकेट पर 494 रन पर पारी घोषित करके 171 रन की बढ़त हासिल की थी। पंजाब ने दूसरी पारी में जब चार विकेट पर 179 रन बनाए जो मैच ड्रॉ करा दिया गया। निहाल वढेरा ने नाबाद 55 जबकि रमनदीप सिंह ने नाबाद 36 रन की पारी खेली।

### महाराष्ट्र-सौराष्ट्र का मैच ड्रॉ

नासिक में महाराष्ट्र और सौराष्ट्र के बीच मैच नीरस ड्रॉ रहा। सौराष्ट्र ने पहली पारी पांच विकेट पर 394 रन बनाकर घोषित की थी जिसके जवाब में मौसम से प्रभावित मैच में मेजबान टीम ने पहली पारी में एक विकेट पर 55 रन बनाए। दोनों टीम की पहली पारी भी पूरी नहीं होने के कारण दोनों को एक-एक अंक मिला।

# विदित गुजराती को 12 वर्षीय ओरो फास्टिनो ने बराबरी पर रोका

पणजी, एजेंसी

फिडे विश्व कप



भारत के ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती को मंगलवार को फिडे विश्व कप के दूसरे दौर की बाजी में अर्जेन्टीना के 12 साल के ओरो फास्टिनो ने ड्रॉ पर रोका। असाधारण प्रतिभा और खेल में तेजी से प्रगति करने के लिए 'शतरंज के मेस्सी' के नाम से मशहूर फास्टिनो ने पहले दौर में क्रोएशिया के एंटे बर्किच को हराया था और दूसरे दौर में काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने गुजराती के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन किया।

दोनों खिलाड़ी 28 चाल के बाद मुकाबले को ड्रॉ कराने के लिए राजी हो गए। क्लासिकल टाइम प्रारूप के दूसरी बाजी में गुजराती बुधवार को काले मोहरों से खेलेंगे। गुजराती की तरह आर प्रज्ञानानंदा को भी ऑस्ट्रेलिया के तेमूर कुयबोकारोव ने ड्रॉ पर रोका। प्रज्ञानानंदा तेमूर पर दबाव नहीं बना पाए और विरोधी खिलाड़ी ने मजबूत खेल दिखाया। लेवोन अरोनियन ने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर अरोनयक घोष को हराया। शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी ने बुल्गारिया के मार्टिन पेत्रोव को हराकर सकारात्मक शुरुआत की। पेत्रोव ने अच्छी शुरुआत की लेकिन बाद में राह से भटक गए जिससे एरिगेसी ने 37 चाल में जीत दर्ज की। अन्य भारतीयों में सूर्य शेखर गांगुली को मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के खिलाफ शिकस्त मिली, जबकि दिप्तायन घोष ने विश्व चैंपियनशिप के पूर्व चैलेंजर इयान नेपोमनियाची से ड्रॉ खेला।

# चानू का भार वर्ग 2028 ओलंपिक से हटाया गया

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू का 49 किग्रा भार वर्ग 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों से हटा दिया गया है और अब उन्हें 53 किग्रा वर्ग में कड़ी चुनौती मिलेगी, लेकिन वह इसके लिए तैयार हैं। चानू ने तोक्यो ओलंपिक में 49 किग्रा वर्ग में रजत जीता था। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने ओलंपिक में भारोत्तोलन स्पर्धाओं की कुल संख्या 12 कर दी है, जिससे 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में महिलाओं के लिए न्यूनतम वर्ग अब 53 किग्रा है। भारत के मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा का मानना है कि 53 किग्रा तक वजन बढ़ाना चानू के लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने कहा कि मणिपुर की यह खिलाड़ी एशियाई खेलों तक अपने पुराने वजन वर्ग में ही खेलती रहेगी। यह (49 किग्रा वर्ग हटाना) मीराबाई के लिए अच्छी बात है।

हॉकी का स्वर्णिम इतिहास

भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे होने पर मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में सात नवंबर को होगी जश्न की शुरुआत

# देश के 550 जिलों में 1400 से अधिक होंगे हॉकी मैच : मांडविया

नई दिल्ली, एजेंसी

खेलमंत्री म नसुख मांडविया ने भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए कहा, देश खेलों में आगे बढ़ रहा है। देश बदल रहा है और नये भारत का निर्माण हो रहा है, जिसमे हमारा लक्ष्य 2036 तक दुनिया के दस शीर्ष और 2047 तक शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल होना है।

सात नवंबर को भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे हो रहे हैं और इस अवसर पर हॉकी इंडिया के साथ मिलकर उसी दिन ध्यानचंद स्टेडियम से जश्न की शुरुआत होगी। मांडविया ने कहा कि सौ साल में हॉकी ने देश को गौरव और सम्मान दिलाया है। इस अवसर पर पूरे देश में 550 से अधिक जिलों में 1400 से अधिक हॉकी मैचों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 36000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे ताकि देश के युवा हॉकी को समझे और इसके इतिहास से परिचित हो।



कार्यक्रमों की घोषणा करते केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया के साथ अन्य अधिकारी।

उन्होंने कहा कि यह भारतीय हॉकी के सौ साल के सफर को याद करने और इससे प्रेरणा लेकर आगे बढने का संकल्प लेने का अवसर है। अतीत के सारे महान खिलाड़ियों को याद करने और आने वाले दिनों में नयी ऊर्जा के साथ भारतीय हॉकी को और आगे ले जाना और देश में उसका इकोसिस्टम तैयार करने का संकल्प लेने का अवसर है।

### सौ साल का सफर जज्बात से भरा हुआ : टिर्की

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे होने का सफर गर्व और जज्बात से भरा है। इस अवसर पर हम अतीत के धुरंधरों को सम्मानित करके भावी पीढ़ी को प्रेरित करना चाहते हैं। भारतीय हॉकी ने हमेशा एकता, श्रेष्ठता और दृढता की मिसाल दी है और हमारा फोकस जमीनी स्तर पर खेल को मजबूत बनाकर फिर विश्व हॉकी का सिरमौर बनाने पर है।

### हमारा ध्यान सिस्टम को मजबूत बनाने पर

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि हॉकी इंडिया पिछले कुछ वर्षों में पारदर्शी, जवाबदेह और भविष्योन्मुखी संगठन बनकर उभरा है। हमारा ध्यान सिस्टम को मजबूत बनाने पर है और हम कोचिंग और बुनियादी ढांचे पर भी काफी निवेश कर रहे हैं।

### पूर्व खिलाड़ी किए जाएंगे सम्मानित

पिछले सौ साल के सफर में आठ स्वर्ण समेत 13 ओलंपिक पदक जीतकर भारत को सबसे कामयाब बनाने वाले दिग्गज पूर्व खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। भारत हॉकी के 1928 के एम्सटर्डम से पेरिस ओलंपिक तक के सफर की दुर्लभ तस्वीरें भी स्टेडियम में एक नुमाइश में रखी जाएंगी।

इस मौके पर खेलमंत्री एकादश और हॉकी इंडिया एकादश के बीच ध्यानचंद स्टेडियम पर 30 मिनट के मैच का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें शीर्ष महिला और पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे।